संसेक्स 72,026.15 ▲ +178.58
डॉलर 83.136 ▼ -0.130

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 14.0 | 16.0 |
| धनबाद | 23.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 15.0 | 23.0 |
| पलामू | 22.0 | 14.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080
डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 07 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 82, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94
www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय दिव्य कला मेला : दिव्यांग उद्यमियों के सामर्थ्य को ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
भारत को मानकों का अग्रणी होना...12 व्यापार

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,690

चांदी (किलो) 72,540

## एक नजर

### झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीशों ने की माता भद्रकाली मंदिर में पूजा



**इटखोरी (चतरा)।** झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, न्यायाधीश आनंदा शेन, न्यायाधीश राजेश कुमार, न्यायाधीश दीपक रौशन का चतरा शनिवार को जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर समीप जिला परिषद डाक बंगला परिसर में आगमन हुआ। उनके आगमन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर से उन्हें नवाजा गया। इसके उपरांत सभी न्यायाधीशों ने माता भद्रकाली मंदिर में पूजा की।

### बिरसा मुंडा कारागार के नए जेलर होंगे अंजय श्रीवास्तव

**रांची।** गढ़वा जेल के जेलर अंजय श्रीवास्तव को होटवार जेल का नया जेलर बनाया गया है। जेल से धमकी देने के मामले में होटवार जेल के वर्तमान जेलर प्रमोद कुमार समेत तीन लोगों को शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया था। इस संबंध में कारा निरीक्षणालय ने आदेश जारी किया है। अंजय श्रीवास्तव को गढ़वा जेल से शनिवार को विरमित कर दिया गया है। इसके पहले अंजय श्रीवास्तव जमशेदपुर के साकची जेल के बड़ा बाबू थे तो उसके बाद घाघडीह जेल के असिस्टेंट जेलर और जेलर भी रहे। इसके अलावा वह गिरिडीह और खूंटी जेल के भी जेलर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी द्वारा जेल के अंदर से कॉल करने मामले में जेल आईजी ने एक कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में जेल आईजी ने जेलर प्रमोद कुमार सहित तीन लोगों को निलंबित किया था।

### अगले तीन दिनों तक कोहरे की चादर में लिपटा रहेगा झारखंड

**रांची।** राज्य के सभी जिले कोहरे की चादर में लिपटी हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में शनिवार को भी पूरे दिन बादल छाए रहे और ठंड बरकरार रही। अगले तीन दिनों तक ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा देखा जाएगा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा भी हुई। गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रांची और खूंटी में कहीं-कहीं कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक वर्षा 45.4 एमएम सगमा (गढ़वा) में दर्ज किया गया।

## चुनावी वर्ष में तेज दौड़ेगी सरकार की 'नियुक्ति एक्सप्रेस'

# राज्य में 70 हजार से ज्यादा युवाओं को मिलेगी नौकरी



**47, 000 हजार पदों पर जून महीने तक नियुक्तियां हो जाएगी**

**3,120 प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति इसी महीने होने की संभावना**

**2,025 पदों पर नियुक्ति के लिए स्नातक संयुक्त परीक्षा 21 और 28 को**

**1,556 पदों के लिए डिप्लोमा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया चल रही**

- 4,919 कांस्टेबल की नियुक्ति के लिए 15 से आवेदन मंगाए गए हैं
- 2,532 पारा मेडिकल स्टॉफ नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 से
- 863 रिक्तियों को भरने इंटर स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया शुरू
- 444 पदों पर महिला पर्यवेक्षिका नियुक्ति की परीक्षा फरवरी में संभव
- 923 पदों पर नगरपालिका सेवा संवर्ग की नियुक्ति परीक्षा संपन्न
- 930 पदों पर औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति जून से पहले
- 350 पदों पर नियुक्ति के लिए 11वीं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी

**138 जूनियर सिविल जजों, 64 सीडीपीओ, 56 फूड सेफ्टी अफसर 207 आयुर्वेदिक चिकित्सकों, 137 होम्योपैथिक चिकित्सकों, 43 दंत चिकित्सकों, 26 मेडिकल ऑफिसर्स के पदों पर नियुक्ति प्रकिया जारी**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चुनावी वर्ष 2024 में झारखंड में सरकारी विभागों में बंपर नियुक्तियों की तैयारी है। सब कुछ ठीक रहा तो राज्य में इस साल 70 हजार से भी ज्यादा युवाओं के हाथों में सरकारी नौकरी का अप्वाइंटमेंट लेटर होगा। फिलहाल जितनी वैकेंसियों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं और परीक्षाओं से लेकर इंटरव्यू तक के शेड्यूल तय किए गए हैं, उसके मुताबिक आगामी जून महीने तक लगभग 47 हजार पदों पर नियुक्तियां हो जाएगी। सबसे ज्यादा नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होनी हैं। झारखंड स्टेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने 26,001 सहायक शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन करीब पांच महीने पहले निकाला था। आरक्षण विवाद को लेकर मामला कोर्ट में गया था। अब कोर्ट की हरी झंडी मिल चुकी है। इसकी परीक्षा इसी महीने में प्रस्तावित है। राज्य के प्लस टू स्कूलों में 3,120 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया इसी महीने पूरी कर लिए जाने की संभावना है। इसकी परीक्षा हो चुकी है और अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच की प्रक्रिया चल रही है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2,025 पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड सामान्य स्नातक संयुक्त परीक्षा 21 और 28 जनवरी को होनी है। हालांकि, इस परीक्षा की प्रक्रिया पिछले कई सालों से चल रही है। इसके लिए चार बार आवेदन मंगाए गए और सात बार परीक्षाओं की तारीख तय हुई, लेकिन, अब तक परीक्षा नहीं ली जा सकी है। इसके अलावा 1,556 पदों के लिए डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया चल रही है। कांस्टेबल के 4,919 पदों पर नियुक्ति के लिए 15 जनवरी से आवेदन मंगाए गए हैं, तो, पारा मेडिकल स्टाफ के 2,532 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया 23 जनवरी से शुरू हो रही है। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने इंटरमीडिएट स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए 863 रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भी शुरू की है। इसके लिए आवेदन जमा कराए जा चुके हैं। इसी तरह महिला पर्यवेक्षिका के 444 पदों पर नियुक्ति की परीक्षा फरवरी में ली जा सकती है। झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग में 923 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली जा चुकी है और अगले दो महीने में इसका परिणाम घोषित कर दिए जाने की उम्मीद है।

औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारियों के 930 पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया जून से पहले पूरी करने की तैयारी है। झारखंड लोक सेवा आयोग से होने वाली नियुक्तियों की बात करें तो इस वर्ष जूनियर सिविल जजों के 138, सीडीपीओ के 64, फूड सेफ्टी अफसर के 56, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के 207, होम्योपैथिक चिकित्सरों के 137, दंत चिकित्सकों के 43 और मेडिकल ऑफिसर्स के 26 पदों पर नियुक्ति की प्रकिया चल रही है। इस साल 11वीं सिविल सेवा के जरिए 350 पदों पर नियुक्ति के लिए नई नियमावली भी मंजूरी की जा चुकी है। राज्य के विश्वविद्यालयों में वर्ष 2008 के बाद नियुक्तियां नहीं हुई हैं। इस वर्ष 2,404 असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

## वन विभाग ने फिर मारा छापा, मिलीं कई कीमती लकड़ियां

**पीटीआर के बारेसांढ़ दुरूप गांव का है मामला**

**2 लाख कीमत के 150 पीस काला शीशम, बिया व शाल के पटरे व चौखट बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के बारेसांढ़ के दुरूप गांव में युसूफ अंसारी के घर रेंजर तरुण कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने छापामारी की, जहां से 150 पीस के करीब काला शीशम, बिया व शाल के पटरे व चौखट बरामद किये गये। इसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये की बतायी जा रही है। दुरूप गांव के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या कहते हैं रेंजर**

इस संबंध में बारेसांढ़ के रेंजर तरुण कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि दुरूप गांव में कुछ लोगों के द्वारा पूर्व से कीमती लकड़ियों की तस्करी महुआडांड़, गुमला व नेतरहाट के लोगों को की जा रही है। इस तरह के काम करने वाले लोगों को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन

# झारखंड में कांग्रेस नेता का देंगे साथ



**रांची।** मणिपुर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से शुरू हो रही है। कई प्रदेशों से होते हुए यह यात्रा फरवरी के पहले सप्ताह में झारखंड में प्रवेश करेगी। झारखंड में यह यात्रा कोडरमा जिले से प्रवेश करेगी और आठ दिनों में 804 किमी की दूरी तय करेगी। प्रदेश कांग्रेस अभी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य में ऐतिहासिक बनाने में जुट गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भी दिया है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति भी दे दी है। संभव है कि संथाल के किसी जिले में न्याय यात्रा के सहभागी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मां बाजार नहीं ले गई तो 10 साल की बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सेमरबुढ़नी में हैरान करने वाली घटना घटी है। ग्राम निवासी विहपन महली की महज 10 साल की पुत्री लक्ष्मी कुमारी ने खपरैल छत में लगे कंडी में कपड़े के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में बच्ची की मां रजनी देवी ने बताया कि गुरुवार को भाई की शादी के लिए शॉपिंग करने महुआडांड़ बाजार जा रही थी। बेटी भी साथ जाने की जिद्द कर रही थी। जिद्द करने के बावजूद उसे लेकर नहीं गई। बाजार में शॉपिंग कर रही थी, इसी दौरान ग्रामीणों की ओर से फोन पर घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही तुरंत घर वापस लौटी। वहीं घटना की जानकारी होते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव एवं पु अनि अजय कुमार दास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि बच्ची की मां से घटना के संबंध में जानकारी मिली। इतनी कम उम्र की बच्ची द्वारा ऐसी घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**इतनी कम उम्र में बच्ची की ओर से आत्मघाती कदम उठाए जाने से सभी हैरान**

## ईडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सहित तीन को भेजा समन

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार जांच कर रही है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सहित तीन लोगों को समन किया है। इनमें 16 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है जबकि 11 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और 15 जनवरी को विनोद सिंह को पूछताछ के लिए समन किया गया है। इससे पूर्व ईडी की टीम ने तीन जनवरी को साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर 12 ठिकानों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# तीन साल से एक ही जगह तैनात अधिकारियों के तबादले के निर्देश

**14 के बाद सरकार ऐसे पदाधिकारियों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ करेगी**

**30 के बाद राज्य सरकार चुनाव आयोग को देगी एक्शन टेकेन रिपोर्ट**

**रांची।** राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में तीन साल से अधिक समय से जमे अधिकारी और कर्मियों को चुनाव आयोग ने दूसरे जगह पदस्थापित करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत 30 जनवरी तक ऐसे सभी सरकारी सेवकों को हटाया जाएगा। चुनाव आयोग के निर्देश की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा दिए गए निर्देश की जानकारी राज्य सरकार को उपलब्ध करा दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्देश के बाद राज्य सरकार के द्वारा सभी विभागों में तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फिर बदल किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक 14 जनवरी के बाद सरकार के द्वारा ऐसे पदाधिकारियों को हटाने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पुरानी पेंशन योजना की बाधाओं को दूर करे सरकार : धर्मराज



**झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन शुरू**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन शनिवार से पुराने विधान सभा भवन के सभागार में शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष शिवकांत झा ने की। उद्घाटन झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक नवीन जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता महासंघ के मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी ने सरकार का ध्यान कर्मचारियों के प्रमुख समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन उपलब्ध कराने में आ रही बाधाओं को सरकार द्वारा तत्काल दूर किया जाये। साथ ही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# 12 साल जायदाद से रहे बेखबर तो हो सकते हैं बेदखल



सुनील बादल

**जमीन** जायदाद से जुड़े कानूनों का अधिकतर लोगों को पता नहीं होता और इसी कारण वे अक्सर बड़ी समस्या में फंस जाते हैं ऐसे ही प्रॉपर्टी पर कब्जे से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताया गया है कि कब्जाधारी किस स्थिति में प्रोपर्टी पर अपने मालिकाना हक का दावा ठोक सकता है। सर्वोच्च अदालत ने आदेश में निजी और सरकारी दोनों प्रॉपर्टी का जिक्र किया है।घर का किराया एक स्थायी आय होती है और इसलिए लोग प्रॉपर्टी में पैसे लगाते हैं। घर, दुकान या जमीन खरीदते हैं। खरीदने के बाद किराए पर भी चढ़ा देते हैं। कई बार मालिक किराए पर दिए अपनी प्रॉपर्टी की सुध नहीं लेते, विदेश चले जाते हैं या देश में रहते हुए केवल अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। उन्हें केवल किराए से मतलब होता है जो हर महीने उनके बैंक खाते में पहुंच जाता है। लेकिन किराए पर देते समय और किराए पर चढ़ाने के बाद भी मालिक को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो प्रॉपर्टी से हाथ धोना पड़ सकता है !अंग्रेजों का बनाया एक कानून है- प्रतिकूल कब्जा इसके अनुसार लगातार 12 साल तक रहने के बाद किराएदार उस प्रॉपर्टी पर कब्जे का दावा कर सकता है। लेकिन इसकी कुछ शर्तें भी हैं जैसे- मकान मालिक ने लगातार 12 साल की अवधि में कभी उस कब्जे को लेकर कोई रोक-टोक न की हो। यानी प्रॉपर्टी पर किराएदार का कब्जा लगातार रहा हो। कोई रुकावट नहीं को किराएदार प्रॉपर्टी की डीड,पानी बिल, बिजली बिल जैसी चीजें सबूत के तौर पर पेश कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने जमीन से जुड़े विवाद में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि 12 साल तक जमीन पर जिसका कब्जा होगा, वही अब जमीन का मालिक माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा है कि अगर 12 साल तक उस जमीन पर कोई मालिकाना हक नहीं जताता तो जिसने उस जमीन पर कब्जा किया है, उसे ही उसका मालिक माना जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला निजी जमीन से जुड़ा है सरकारी जमीन पर ये फैसला लागू नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने जमीन को लेकर साल 2014 में दिए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## गणतंत्र दिवस परेड में दिखेगी झारखंड की

# 'रेशमी' चमक वाली झांकी



**रांची।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड में झारखंड की 'रेशमी' कहानी पर आधारित झांकी भी दिखेगी। झारखंड के दुमका में विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन की प्रक्रिया को प्रदर्शित करने वाली झांकी के प्रारूप को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले परेड के लिए झारखंड समेत 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झांकी को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आगामी 19 जनवरी तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का कार्यक्रम निर्धारित है। दरअसल, रेशम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### अबुआ आवास को लेकर राजहारा में ग्राम सभा

**पाटन।** स्थानीय राजहरा पंचायत में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अजय कुमार पासवान ने की। ग्राम सभा की बैठक पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष तरीके से की गयी। बताते चलें कि अबुआ आवास के लिये कुल योग्य 638 लाभुकों का चयन किया गया है। मुखिया ने बताया कि अबुआ आवास योजना का लाभ गरीब तबके के लोगों को दिया जाना है। जिसको प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है या पहले से पक्का मकान में रहते हैं। वैसे लोगों को इसका लाभ नहीं दिया जायेगा। पंचायत सेवक अनिल पासवान, रोजगार सेवक धनंजय कुमार उपस्थित थे।

### अनुमंडल मैदान से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर16 निवासी उमेश राम की बाइक अनुमंडल के कर्पूरी मैदान से फुटबॉल मैच देखने के क्रम में चोरी हो गयी। इस संबंध में पीड़ित ने हुसैनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वह बुधवार की शाम को कर्नल कप फुटबॉल मैच देखने गये थे। मैच देखकर वापस आने पर उन्होंने पाया कि उनकी बाइक गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। उक्त बाइक के कागजात उनके छोटे भाई जीतेश कुमार के नाम से है। पुलिस ने केस पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के कुसुवा गांव में फरार अभियुक्त नीतीश कुमार मेहता के घर स्थानीय दो गवाहों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया की नीतीश कुमार मेहता के खिलाफ देवरी ओपी में केस नंबर 99/023 के तहत पोस्को एक्ट समेत आइपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर अदालत में 5 फरवरी को हाजिर होने के लिये इश्तेहार चिपकाया जा रहा है।

विभिन्न गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, भव्य स्वागत

# देश ऊंचाइयों को हासिल कर रहा है: बचन

**उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण सहित हर घर को नल जल योजना से जोड़ा जा रहा है**


महिलाओं को संकल्प पत्र देते पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के ढूब, डंडारकला व पांकी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता के निजी सचिव प्रो. बचन ठाकुर व बीडीओ सह सीओ राजकुंवर सिंह ने उपस्थित लोगों के साथ संकल्प लेकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान केन्द्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि देश के 80 करोड़ लोगों को आज भी मुफ्त अनाज उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसके अलावे कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर लोगों को हुनरमंद बनाया जा रहा है। उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण सहित हर घर को नल जल योजना से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रात-दिन ऊंचाइयों को हासिल कर रहा है। मौके पर सुरेन्द्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, इंदु देवी, लवली गुप्ता, श्याम नंदन ओझा, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडे, जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, रीमा शर्मा, सीआई महावीर प्रसाद, मुखिया पति यशवंत कुमार, रंजय ठाकुर, बबलू भुईयां, ललन भुइयां आदि मौजूद रहे।

मोहम्मदगंज पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास के लाभुक चयन को लेकर सरगर्मी

## तीसरी बार ग्रामसभा में 316 लाभुकों का चयन, 12 तक कर सकते हैं आपत्ति


ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज प्रखंड सह पंचायत सचिवालय में शनिवार को तीसरी बार अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने इस योजना में लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। इसमें अधिकांश गरीब तबके की महिलायें शामिल थीं। उनका आरोप था कि जांच करने वाले सरकारी नुमाइंदों ने उन्हें योजना के लाभ से वंचित कर दिया है। इस पंचायत में अबुआ आवास के कुल 814 आवेदन आये थे। जांच कमेटी टीम ने 316 लाभुकों का चयन किया, शेष आवेदन रद्द कर दिये गये। लाभुक रेखा देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, राजन कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने आरोप लगाया कि लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है। उन्होंने पुनः 814 लाभुकों की सूची की जांच कराकर योग्य व वास्तविक लाभुकों का चयन कर ग्रामसभा में पारित कराने की मांग की। पंचायत सेवक विवेकानंद पटेल ने बताया कि चयनित योग्य 345 लाभुकों की सूची को ग्रामसभा में पारित कराने को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। किंतु ग्रामीणों के विरोध के बाद ग्रामसभा निरस्त कर दी गई थी। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने बताया कि इस योजना के आवेदनों का पंचायत स्तरीय जांच दल के सत्यापन के बाद ग्रामसभा में अनुमोदन होगा। इसके विरुद्ध लाभुकों से प्रखंड स्तर पर आपत्ति देने के लिये प्रखंड लिपिक नीरज कुमार और प्रखंड समन्वयक विकास कुमार को नियुक्त किया गया है। लाभुक 12 जनवरी तक आवेदन के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकते है। साथ ही पंचायत स्तर पर संबधित पंचायत सचिव को लिखित आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं।

### लाभार्थियों के चयन के लिये ग्राम सभा

**सतबरवा।** प्रखंड के धावाडीह पंचायत सचिवालय सभागार में शनिवार को अबुआ आवास के लाभुकों के चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में स्थानीय निवासी अशोक यादव समेत कई ग्रामीणों ने आवास चयन में गड़बड़ी का आरोप लगा कर विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूरे पंचायत में आवास के लिए लाभूकों के चयन में गड़बड़ी बरती गयी है। आवास चयन में पक्षपात किया जा रहा है। जरूरतमंदों को आवास से वंचित किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पर्यवेक्षक रोशन पाठक ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार जो व्यक्ति उस कैटेगरी में आयेगा।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने किया कंबल वितरण


कंबल वितरण करते पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बढ़ते ठंड के मद्देनजर हरिहरगंज सीओ सह प्रभारी ईओ यामुन रविदास ने शनिवार को गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद मुसहर परिवारों सहित अन्य गरीबों के बीच पीपरघाट पहुंचकर कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर यामुन रविदास ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन गर्म वस्त्रों को वह अपने प्रयोग में नहीं ला रहे हैं। ऐसे वस्त्रों को अपने आसपास के गरीबों में वितरण करें, ताकि गरीब लोग भी ठंड से अपनी बचाव कर सके। इस मौके पर सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, अजमल हुसैन, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कुमार मौजूद थे।

कुटमू में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, उमड़े खेलप्रेमी

## महुगांवा को हरा तीसीबार ने कप पर जमाया कब्जा


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पाण्डू प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुटमू में बाबा साहब क्लब के द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में महुगांवा को परास्त कर तीसीबार ने खिताब पर कब्जा जमाया। खिताबी मुकाबले का उद्धघाटन मुख्य अतिथि बसपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने किया। फाइनल मुकाबला में तीसीबार के टीम ने महुगांवा टीम को 6 विकेट से पराजित किया। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राजकुमार रवि, उपाध्यक्ष अखिलेश रवि, सचिव आशीष यादव,विधानसभा प्रभारी अमेश राम, बसपा पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला , सोनू रवि, राजकुमार भारती,राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर,उस्मान अंसारी उपस्थित थे।

### भगवान श्रीकृष्ण के बताये मार्ग पर चलने में कल्याण

**सतबरवा।** यादव महासभा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यादव मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम मलय डैम परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष व अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने समाज के उत्थान को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपनी प्रगति करनी है तो यादव समाज को अपने आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के बताये रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप यादव, संतोष यादव, अशोक यादव,राजेंद्र यादव, मिथलेश यादव, आनंद यादव, सतेंद्र यादव, उदेश यादव, शिव प्रसाद यादव, चालीतर यादव, लोहारसी सुरेंद्र यादव,महेश प्रसाद यादव,रामकिशन यादव, इंद्रदेव यादव, बाली यादव,लालबिहारी यादव,संदीप यादव,यमुना यादव मौजूद थे।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बंजारी की टीम बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के सतगावां स्थित खेल मैदान में हेड क्रिकेट क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि खेले गये सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एनसीपी के वरिष्ठ नेता सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हार व जीत खेल के अभिन्न हिस्सा हैं। बंजारी और मनसारा के बीच मैच मे बंजारी की टीम विजयी रही। इस मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मो. असलम, शिक्षक सुरेश सिंह, लखन सिंह, उदय सिंह, रविंद्र मेहता, मो. आबिद उर्फ मुन्ना, मो. राशिद फैजी, मो. युनुस अंसारी, आदि उपस्थित थे।

23वां राज्यस्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट आज से, तैयारियों का लिया जायजा

## वॉलीबाल महाकुंभ में 600 खिलाड़ी दिखायेंगे दमखम


तैयारियों का जायजा लेते पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 23वां राज्यस्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट रविवार से प्रारंभ होगा। शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस संबंध में स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण में आयोजन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सहाय की अध्यक्षता में की गयी। सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि सभी जिलों से खिलाड़ियों का आना प्रारंभ हो गया है। उनके ठहरने की उचित व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के 22 जिलों से पुरुष वालीबॉल टीम पहुंच गई है। वहीं 16 जिलों से महिला वालीबॉल टीमों का भी आगमन हो गया है। शहर में आने वाले सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। रविवार को खिलाड़ियों के द्वारा शहर में मार्च पास्ट निकाला जाएगा। जिसमें शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने के लिये गिरिवर उच्च विद्यालय, केजी स्कूल व रैन बसेरा में व्यवस्था की गयी है। वहीं उनके भोजन की व्यवस्था जिला स्कूल के प्रांगण में की गयी है। प्रतियोगिता के लिये लगभग 600 खिलाड़ियों का आगमन होगा। बैठक में ललन सिन्हा,अविनाश देव,नवीन तिवारी,उदय शुक्ला,सुधीर दुबे,अजय तिवारी,वीएम पाण्डेय, लाल बाबु, ट्विंकल गुप्ता, मनोहर लाली, सतीश तिवारी, संजय राज, मनीष भिवानिया, रंजीत चंद्रवंशी मौजूद थे।

नेत्र चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञों ने की 150 मरीजों की जांच

## 24 नेत्र रोगी लेंस प्रत्यारोपण के उपयुक्त पाये गये


नेत्रों की जांच करतीं चिकित्सक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार के तत्वावधान में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत न्यू सब्जी बाजार में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि शिविर में 150 रोगियों के नेत्रों की विशेषज्ञों द्वारा जांच कर दवा दी गयी। इस दौरान 24 मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण के लिये चयनित किया गया। मुखिया ने बताया कि चयनित मरीजों का नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार में आपरेशन किया जायेगा। इस दौरान नेत्र रोगियों को अस्पताल में भोजन, बिस्तर और दवा की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविर में ब्लड शुगर एवं बीपी की भी जांच की गयी। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मो. असलम, रामवृक्ष मस्ताना, आबिद उर्फ मुन्ना, लखन सिंह, रविंद्र मेहता, डॉ. सुरभि देवनाथ, स्वास्थ्य कर्मी संजीव सिंह, महेंद्र राम, ललन सिंह, अनुष्का कुमारी, मनोज कुमार, प्रयाग मेहता, करीमन दास आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### राजहरा में नेत्र जांच शिविर आज

**पाटन।** स्थानीय राजहरा पंचायत में भगवान बिरसा लोकहित प्रबुद्ध विचार मंच और लीलावती हॉस्पिटल सुदना मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुखिया अजय पासवान ने बताया कि शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों के द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। पंचायत भवन में आयोजित शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे से किया जायेगा।

### मातृ वंदना योजना के एक भी लाभुक को नहीं मिली है राशि

**मेदिनीनगर।** केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक पलामू जिले में एक भी लाभुक को लाभान्वित नहीं किया गया है। गर्भवती महिलाओं को पहला बच्चा होने पर मातृ वंदना योजना के तहत पांच हजार रुपए देने का प्रावधान है। दूसरी संतान बच्ची होने पर लाभुकों को छह हजार रूपए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। जिले में इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 7227 है। पलामू जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार से संबंधित राशि ऑन लाईन माध्यम से लाभुकों खाते में सीधे हस्तांतरित की जाती है। किंतु तकनीकी कारणों के कारण अब तक लाभुकों के खाते में राशि नहीं आ पाया है। उन्होंने कहा कि संभावना है कि जनवरी माह के अंत तक लाभुकों के खाते में राशि आना प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में 6937 लाभुकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है जिसमें 6303 लाभुकों के ऑन लाइन आवेदनों का वेरीफाइ का कार्य किया जा चुका है। 1570 लाभुकों को सीडीपीओ के माध्यम से पेमेंट जेनरेट कर दिया गया है, परंतु लाभुकों को अब तक भुगतान नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि जिले में दो से 16 जनवरी तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में इस योजना के तहत चल रहे विशेष अभियान के दौरान लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।


झारखण्ड सरकार

**वन पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन विभाग**

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

**आम नीलामी सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, कार्यालय कैम्पस में शेश बचे 01 (एक) लौट जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय)/नगद गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोली दाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारण वश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना आवश्यक होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेषकर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते https://garhwa.nic.in एवं Https://forest.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 –8789831419 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | लौट स्थल | नीलामी की तिथि | लौट की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1. | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 25.01.2024 | 01 लौट, आरामील इंजन |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 315343 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D



**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 07/2023–24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2023–24 में मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 16.01.2024 को अप0 03.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 16.01.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 16.01.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 315272 (Urban Development)23-24*D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**आम सूचना**

एतद द्वारा नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के सभी पशुधन मालिकों को सूचित किया जाता है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि पशुधन मालिको के द्वारा अपने–अपने पशु यथा–गाय, बैल, बछडें एवं सुअर को दिन एवं रात्री में खुली सडक पर छोड दिया जाता है, जिसके कारण आय दिन सडक दुर्धटना के साथ–साथ आम जनता को खुले में विचरन करने वाले पशुओं से काफी कठिनाई हो रही है। जिसकी शिकायत आय दिन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में विभिन्न माध्यमों से की जा रही है। साथ ही सडक दुर्धटना में मृत पशुओं के शव के निषादन में काफी कठिनाई हो रही है। अतः सभी पशुधन मालिकों से अनुरोध है कि अपने –अपने पशुओं को खुली सडक में विचरन करने हेतु नही छोडा जाय। यदि उपरोक्त आदेश की अवहेलना की जाती है तो पशुधन मालिकों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्व कानुनी कारवाई के साथ–साथ नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित की गई दण्ड की राशि की वसूली की जायेगी। साथ ही सडक सुरक्षा के मद्वेनजर नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न पथों पर दिन एवं रात्री में लावारीस रूप से विचरन करने वाले पशुधन को लावारीस पशु मानते हुए नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निलामी की कारवाई की जायेगी तथा पशुधन मालिको द्वारा इस संबंध में बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR.NO.315268 Urban Development(23-24):D



**कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
email-npsbnagar@gmail.com

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 08/2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2028–29 तक (05 वर्षों) के लिए नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग की बंदोबस्ती हेतु आम डाक की तिथि निम्नवत् निर्धारित की गई है –

| क0 | सैरात का नाम | डाक का स्थान | डाक की स्थान, तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित राशि का 25% |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | होर्डिंग (विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने का कार्य) | नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। | नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर 16.01.2024 अप0 03.00 बजे से | 25,000/– | 6,250/– |

डाक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के द्वारा की जायगी। खुले डाक में सम्मिलित होने के लिए डाकवक्ता को सुरक्षित राशि का 25 प्रतिशत राशि का **नगद/बैंक ड्राफ्ट** (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के नाम से होगा) जो कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में जमा करना अनिवार्य है। बैंक ड्राफ्ट के साथ पैन कार्ड, अद्यतन आयकर, स्वच्छता प्रमाण पत्र (चरित्र प्रमाण पत्र उपायुक्त कार्यालय द्वारा निर्गत) मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में जमा करना अनिवार्य होगा। 25% प्रतिशत राशि एवं कागजात कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में डाक के दिन दिनांक 16.01.2024 पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

उक्त कागजातों के अलावा इस आय का शपथ पत्र भी जमा करना अनिवार्य होगा कि उनका नाम काली सूची में दर्ज नहीं है एवं कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर का कोई टैक्स/बन्दोबस्त राशि बाकी नहीं है।

वांछित कागजात नहीं रहने पर डाक में भाग नहीं ले सकेंगे एवं इसके लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। पूर्व में की गई बन्दोबस्ती राशि से डाक की बोली कम होने पर उसे अमान्य कर दिया जायेगा।

होर्डिंग स्थल की सूची एवं अन्य शर्ते कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सूचना पट्ट अथवा विभागीय वेवसाइट udhd.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 315273 Urban Development(23-24).D

## एक नजर

### निजी चिकित्सालय में लापरवाही से महिला गंभीर, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** स्थानीय द्वारिका हास्पिटल में कुसुमटांड निवासी प्रसव पीड़िता के आपरेशन के बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। रांची में उपचार के क्रम में भी उसकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुयी है। इससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने भाकपा के जिला सचिव रुचित तिवारी को मामले से अवगत कराया। जिला सचिव ने बताया कि ग्रामीणों से पता चला कि प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने रूपा देवी को द्वारिका हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर कादीर प्रवीन के द्वारा महिला का ऑपरेशन किया गया। परिजनों ने बताया कि ऑपरेशन के दूसरे दिन से ही महिला का पेट फूलने लगा एवं उसकी स्थिति खराब होने लगी। यह देखकर अस्पताल से उसे रांची रेफर कर दिया गया। श्री तिवारी ने कहा कि पलामू में झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे सैकड़ों हॉस्पिटल तो खुल गये हैं, लेकिन उसमें मानक के अनुसार इलाज नहीं किया जा रहा है। कई बार निजी चिकित्सालयों की लापरवाही से गरीब मरीजों की जान भी चली जा रही है। उन्होंने तत्काल अस्पताल प्रबंधन से बात की। जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने रांची में इलाज का सारा खर्च वहन करने का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो भी उपस्थित थे।

### गरीबों को कराया अल्पाहार, दिया वस्त्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया के नेतृत्व में शनिवार को शहर में पत्ता और दातुन बेचने वाले लोगों के बीच नाश्ता और नये वस्त्र का वितरण गया। जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष कुंदन गुप्ता के दादाजी की पुण्यतिथि पर आयोजित वितरण कार्यक्रम में दीपू चौरसिया ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। मौके पर कमल जायसवाल, पंकज शर्मा आदि उपस्थित थे।

### भंडारे के साथ अखंड हरिकीर्तन संपन्न

**हुसैनाबाद।** जपला-धरहरा नहर मोड़ के समीप स्व. रामकेश्वर साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर 24 घंटे का श्रीसीताराम नाम जाप का अखंड कीर्तन कार्यक्रम भंडारे के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। इस दौरान श्रीराम नाम के जाप से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। यह आयोजन हुसैनाबाद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता के संयोजन में किया गया। इसके पूर्व स्व. रामकेश्वर साहू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

---

वरिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्मीदवारों ने बैलेट के माध्यम से दी राय

# फिर से स्टेट बार काउंसिल के पाले में डीबीए का चुनाव



बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे झारखंड में चर्चा का केंद्र बन चुके पलामू जिला बार एसोसिएशन का चुनाव परिणाम एक बार फिर से स्टेट बार काउंसिल के पाले में जा पहुंचा है। स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर शनिवार को मेदिनीनगर कचहरी परिसर में आयोजित सामूहिक बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्मीदवारों ने अपनी राय बैलेट पेपर पर मार्क कर बैलेट बाक्स में डाला। बक्से को सील कर दिया गया है। चुनाव व्यवस्थापक संजय दुबे ने बताया कि सीलबंद बैलेट बाक्स को सोमवार को रांची भेजा जायेगा। इससे पूर्व बैठक में आमंत्रित वरिष्ठ अधिवक्ताओं व उम्मीदवारों ने चुनाव को लेकर अपना विचार भी व्यक्त किया। चुनाव समिति के रिटर्निंग आफिसर बैद्यनाथ चौबे, अध्यक्ष पद के उम्मीदवार द्वय रामदेव प्रसाद यादव व बलराम तिवारी की मौजूदगी में सारी प्रक्रिया संपन्न की गयी। विदित हो कि भारी गहमागहमी के बीच पिछले 16 दिसंबर को बार एसोसिएशन चुनाव के लिये मतदान हुआ था। अगले दिन 17 दिसंबर को मतगणना के अंतिम चरण में कतिपय उम्मीदवारों द्वारा आपत्ति किये जाने पर मतगणना रोककर चुनाव समिति ने स्टेट बार काउंसिल को रिपोर्ट सौंपी थी। उसके बाद काउंसिल ने चुनाव समिति को स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया था।

---

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, मुखिया का घर खाक



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के पगार गांव के मुखिया रीना देवी के घर में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। घटना में मुखिया के घर पर रखा नल जल योजना की सरकारी सामग्री जलकर खाक हो गयी। आग लगने से घर भी पूरी तरह से जल गया है। अगलगी में तीन से चार लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि घर से निकल रही आग की लपटों को देखने के बाद स्थानीय ग्रामीण मदद के लिये दौड़े, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

---

झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा यूनिट शुरू होने से लोगों को मिलेगी राहत

# एमएमसीएच में 50 बेड के शिशु स्वास्थ्य यूनिट का संचालन शुरू



नवनिर्मित शिशु केयर यूनिट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा शिशु स्वास्थ्य यूनिट शुरू हो चुका है। यहां पहले 24 घंटे में सात नॉर्मल और तीन सिजेरियन प्रसव कराये गये हैं। इस बिल्डिंग में तीन ओपीडी, स्पेशल न्यू बोर्न बेबी केअर यूनिट, एसएनसीयू, 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड, ओटी के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं की शुरूआत हो चुकी है। मातृ और शिशु स्वास्थ्य यूनिट की चिकित्सक डॉ. आम्रपाली कुमारी ने बताया कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नई तकनीक और सुविधाओं से पूरी तरह व्यवस्थित मातृ और शिशु केयर यूनिट की शुरूआत हो चुकी है। इससे पहले यहां मात्र 14 बेड का एसएनसीयू और 30 बेड का मेटरनिटी वार्ड की सुविधा थी। वहीं मरीज को पर्ची कटवाने में वक्त लगता था, लेकिन नये यूनिट में टोकन सिस्टम से मरीज का इलाज कराया जायेगा। इसके पहले तल्ले पर नॉर्मल डिलीवरी के लिए चार बेडेड यूनिट के साथ 25 बेड का पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड की सुविधा है। वहीं सेकेंड फ्लोर पर सिजेरियन हेतु चार बेडेड प्रसव ऑपरेशन कक्ष है। इसके साथ ही 25 बेड का पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड भी है। तीसरे तल्ले पर 50 बेड का अतिरिक्त मेटरनिटी वार्ड है।

**मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नई तकनीक और सुविधाओं से पूरी तरह व्यवस्थित मातृ और शिशु केयर यूनिट की शुरूआत हो चुकी है : डॉ. आम्रपाली**

#### 28 सप्ताह के शिशुओं का भी इलाज संभव

डा. आम्रपाली ने बताया कि नये भवन के चौथे तल्ले पर न्यू बॉर्न बेबी के लिये 60 बेड का एसएनसीयू यूनिट है। जिसमें अब 28 सप्ताह के न्यू बॉर्न बेबी का भी इलाज किया जा सकता है। पहले यह सुविधा नहीं होने से ऐसे शिशुओं को रेफर करना पड़ता था। अब उन्हें ऑब्जरवेशन रूम में आसानी से रखा जा सकता है। यहां वेंटीलेटर, लिफ्ट, एनस्थेसिया का मशीन, आधुनिक मशीन के साथ हर फ्लोर पर महिला-पुरुष के लिए सेप्रेट बाथरूम की सुविधा है।

---

केचकी पर्यटक स्थल घोषित पर स्वच्छता की व्यवस्था नहीं, चारों तरफ बिखरा कचरा

# थमा जश्न का दौर तो पिकनिक स्थलों पर गंदगी का साम्राज्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नये वर्ष का पहला सप्ताह गुजर चुका। इसी के साथ इस कैलेंडर वर्ष के जश्न का दौर भी थमने लगा है। नववर्ष पर पिकनिक मनाने की धूम रही। बड़ी संख्या में लोग जिले के विभिन्न पर्यटक स्थल व पिकनिक स्पाटों पर गये, खाने-खिलाने का दौर चला और सभी वापस अपने घरों को लौट गये, लेकिन अपने जश्न की निशानी उस स्थल पर गंदगी के रूप में छोड़ आये। स्वच्छता के सारे श्लोगन हासिये पर खड़े गंदगी की हालत देख आंसू बहाते रहे, लेकिन इनकी सुध किसी को नहीं रही। हैरत तो यह है कि पिकनिक स्थलों पर पहुंचने वाले लोगों की सुरक्षा का प्रशासनिक ख्याल रखा गया और सुरक्षा के प्रबंध किये गये, लेकिन स्वच्छता की रक्षा के कोई प्रबंध नहीं रहे। नतीजा लोग खा-पीकर प्लेट, ग्लास व प्लास्टिक के कई अन्य सामग्री उसी स्थान पर छोड़ आये जो अब बड़े कचरे के रूप में उन पिकनिक स्थलों पर बिखरे पड़े हैं और धीरे धीरे कोयल, ओरंगा और अमानत जैसी नदियों में फैल रहे हैं। इसकी महज एक बानगी पलामू और लातेहार जिले के सीमावर्ती केचकी में कोयल और ओरंगा नदी के संगम स्थल पर देखा जा सकता है। यहां फैली गंदगी यह गवाही दे रही है कि नूतन वर्ष की खुशी में वनभोज के आनंद के साथ प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे हैं, लेकिन इस प्रकृति की स्वच्छता का उन्हें कोई ख्याल नहीं रहा है। बताया जाता है कि दो नदियों का यह संगम स्थल पर्यटक स्थल घोषित है। यहां आने वाले सैलानियों की सुविधा के लिए कई तरह के निर्माण किये गये हैं और किये भी जा रहे हैं। यहां टुरीज्म डेवलपमेंट कोरपोरेशन द्वारा बोर्ड लगाकर इसे प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित करते हुए आने वाले सैलानियों से स्थल को साफ सुथरा रखने में सहयोग की अपील की गई है, लेकिन इस स्थल पर फैला प्लास्टिक का कचरा चीख-चीख कर बता रहा है कि बोर्ड पर की गई अपील का कोई असर यहां पहुंचने वाले सैलानी परिवारों पर नहीं पड़ा है। यह भी साफ है कि इस पर्यटक स्थल के रख रखाव की भी समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। बता दें कि इस स्थान पर लगभग हर वर्ग के लोग आते हैं। इनमें अधिकारी, नेता व अन्य सम्भरांत परिवार के लोग भी शामिल होते हैं, जो समय समय पर दूसरों को स्वच्छता की सीख देते हैं, लेकिन यहां गंदगी फैलाने में संकोच नहीं करते। बहरहाल गंदगी का यह हाल सिर्फ केचकी के इस संगम स्थल पर ही नहीं है अपितु कोयल और अमानत नदी के भी कई घाट गंदगी के इस दर्द से पीड़ित हैं।

**खा पीकर लौटे लोग, छोड़ आये गंदगी की निशानी हासिये पर खड़ा रो रहा स्वच्छता का स्लोगन, किसी को सुध नहीं**






पिकनिक स्पॉट पर बिखरी गंदगी

---

बिरसा जैविक उद्यान से लाये जायेंगे हिरन प्रजाति के जानवर

# पीटीआर में 300 अतिरिक्त जानवरों को लाने की तैयारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 अतिरिक्त जानवरों के लाने की प्रक्रिया सुगम और सुलभ हुयी है। पीटीआर में 250 हिरन, 10 सांभर, 20 काला हिरन, 8 नील गाय, 10 बार्किंग हिरन और दो बायसन लाये जायेंगे। इस संदर्भ में पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी के निदेशक जबर सिंह को पिछले साल एक पत्र भेजा था। इसमें शाकाहारी एक्स्ट्रा जानवरों को पलामू टाइगर रिजर्व को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रतिउत्तर में ओरमांझी उद्यान से 13 अक्तूबर 2023 को ही सहमति मिल गयी है। इस सिलसिले में झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कुलवंत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण का प्राधिकार दिल्ली में पलामू टाइगर रिजर्व को भगवान बिरसा जैविक उद्यान से यह 300 अतिरिक्त जानवर लेने की स्वीकृति मिल गयी है। अब निगाह सेंट्रल जू अथॉरिटी पर टिकी है। वहां से स्वीकृति प्राप्त होते ही जानवरों के हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि अतिरिक्त जानवरों को उत्तरी प्रमंडल के लोकइया और हिरण डेगुआ तथा दक्षिणी प्रमंडल के टेनों व जोगिया डेरा केंद्रों में रखा जायेगा। उम्मीद है कि आगामी 10 से 12 सप्ताह के अंदर जानवरों का हस्तांतरण शुरू हो जायेगा।

---

# बूंदाबांदी से बढ़ गयी कनकनी, सर्दी से हाल बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में शनिवार भोर में हुई बूंदाबांदी के कारण कनकनी में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। इससे पहले से ही कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे लोगों की परेशानी और बढ़ गयी है। सुबह सोकर उठे लोग बाहर बूंदे टिपकते देख दिन चढ़ने तक बिस्तर में ही दुबके रहे। पूर्वाह्न 10 बजे तक जिले के विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। इससे पूर्व शुक्रवार शाम को आसमान में दाये बादलों के कारण रात में ठंड का असर कम देखा गया था, किंतु तड़के पानी बरसने से एक बार फिर से ठंड रौ में लौट आयी। हालांकि शनिवार देर शाम तक आसमान में बादल छाये रहे। मौसम के जानकार आसमान से बादल छंटने के बाद ठंड में और वृद्धि की संभावना जता रहे हैं। बूंदाबांदी के कारण सड़कों पर फिसलन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।



---

### कुत्ते ने दो बच्चों को किया घायल

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के बभंडी पंचायत में नीतेश कुमार के पुत्र अभिनय कुमार (10) को घर के बाहर खेलने के दौरान कुत्ते ने काट दिया। परिजनों द्वारा तत्काल अभिनय को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर रेबीज का इंजेक्शन दिलाया गया है।

---

**संदेश** रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द गांव में आयोजन, किया प्रेरित

# सफदर की याद में ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा

**गीतों के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीणों को आपसी भाईचारा और एकजुटता बनाए रखने के लिये प्रेरित किया**



पद यात्रा करते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** इप्टा के द्वारा सफदर हाशमी की याद में आयोजित शहादत सप्ताह की कड़ी में एकदिवसीय ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत में की गयी। पदयात्रा के दौरान कलाकारों ने उलामन, कोकडू, बांसडीह खुर्द के उरांव टोला एवं मुस्लिम टोला में कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुये सफदर हाशमी और राम बहादुर की शहादत को नमन किया। साथ ही सफदर हाशमी द्वारा लिखित गीत पढ़ना-लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों के साथ कई गीत प्रस्तुत किया गया। गीतों के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीणों को आपसी भाईचारा और एकजुटता बनाए रखने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि सुंदर दुनिया के निर्माण और श्रम शक्ति से जुड़े लोगों की बेहतरी के लिए प्रेम जरूरी है। प्रेम और आपसी भाईचारा ही वह सूत्र है जो जीवन की समस्याओं के समाधान का रास्ता दिखलाता है और संघर्ष को मजबूती प्रदान करता है। नागरिक सहायता केंद्र की सुनीता देवी ने कहा कि ग्रामीणों को एकजुट होना जरूरी है। ग्रामीण एकजुट होकर ग्राम सभा में अपनी योजना अपने अनुसार बना सकते हैं। जानकारी के अभाव में सरकार की योजना का लाभ नहीं ले पाते। इसके लिए नागरिक सहायता केंद्र तमाम ग्रामीणों के सहयोग के लिए सक्रिय है। उप मुखिया ऊषा देवी ने कलाकारों का स्वागत करते हुये लोगों को प्रेम का संदेश दिया। इस यात्रा का नेतृत्व जिला सचिव रवि शंकर कर रहे थे। पदयात्रा के दौरान इप्टा के शशि पांडे, अजीत कुमार, भोला, संजीव कुमार संजू, अनुभव मिश्रा, रवि शंकर, अनिल कुमार, मेवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, कामेश्वर सिंह मौजूद थे।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

ठंड से बचाव
सामान्य जानकारी व सलाह



यह अवश्य करें:
- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्में का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

खाने का ध्यान रखें:
- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह
- ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ–पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या मितली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर–14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (NPCCHH)
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 315084 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## एक नजर

### पति से नोकझोंक कर महिला ने खाया जहर चल रहा उपचार

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी अमित कुमार की पत्नी पूजा रानी देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि पूजा रानी एवं उसके पति के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर पूजा रानी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत पूजा रानी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### किशोरी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी गौतम सिंह की पुत्री सलोनी कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घरेलू कामकाज को लेकर सलोनी कुमारी को उसके स्वजनों ने डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर उसने अनाज में डालने के लिए घर में रखे हुए कीटनाशक को खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। तब उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत सलोनी कुमारी की हालत में सुधार हो रहा है।

### वृद्धा आश्रम में बेडशीट व तिलकुट का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के सदस्यों द्वारा शनिवार को वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध लोगों के बीच बेडशीट व तिलकुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने कहा कि जायन्ट्स ग्रुप द्वारा हमेशा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों की सहायता करना हम सबों का कर्तव्य है। वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध बेडशीट और तिलकुट पाकर खुश थे। मौके पर डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार, ह्रदया नंद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, धीरज कुमार,सुजीत कुमार, शुभम आदि उपस्थित थे।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी बरवारी टोला में दो पक्षों के बीच शनिवार को हुए लाठी डंडे से मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इसमें एक पक्ष से शिव कुमार यादव पिता रक्षया यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया है। एक पैर फ्रेक्चर हो गया है। जबकि दूसरे पक्ष से रामनाथ यादव को चोट लगी है। खबर लिखे जाने तक थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। बताया जाता है कि दोनों पक्षो में जमीन का विवाद चल रहा है जिसमे एक सप्ताह पुर्व दोनो पक्षो को थाना में समझौता कराया गया था। उसी विवाद को लेकर शनिवार को शिव यादव को दूसरे पक्ष के ब्रह्मनाथ यादव, रामनाथ यादव, उमा शंकर यादव व रंजन यादव से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

कड़ाके की पड़ रही सर्दी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों व मजदूरों को दैनिक कार्यों के निष्पादन में हो रही

# घने कोहरे व बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड, जनजीवन प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को दोपहर तक कोहरा छाया रहा। कोहरे के बीच शुक्रवार की रात हल्की बूंदाबांदी भी हुई। कोहरा छाए रहने एवं बूंदाबांदी से से तापमान में अचानक गिरावट आई है, जिससे प्रखंड में कनकनी के साथ ठंड बढ़ गई है। प्रखंड के किसानों, व्यवसायियों, छात्रों के साथ-साथ आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में संचालित छोटे बड़े वाहन किसी दुर्घटना से बचने के लिए लाइट का उपयोग कर रहे हैं। कोहरा से बढ़ी ठंड से ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों तथा मजदूरों को दैनिक कार्य करने में हो रही है।

प्रखंड के किसान तथा मजदूर दैनिक कार्य करने की बजाय घर में दुबके आग तापते दिखाई दिए। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर असर दिखाई दिया। कई स्कूली बच्चे घरों के पास आग तापते रहे। माझिगावां पंचायत के किसानों ने बताया कोहरा का बुरा प्रभाव फसलों पर भी पड़ रहा है। प्रखंड में पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान एवं भदई फसल की खेती काफी प्रभावित हुई थी। प्रखंड के किसान



चैती फसल पर आश्रित है। लेकिन मौसम को देखकर यही अभास हो रहा है कि चैती फसल अरहर, गेहूं, सरसों, चना, टमाटर, आलू भी प्रभावित हो जायेगी, जबकि प्रखंड में 80 से 90 प्रतिशत लोग खेती पर ही आश्रित हैं।

### विद्यालय पर भी पड़ रहा कोहरे का असर

प्रखंड में छुट्टी के बाद मंगलवार को सभी विद्यालय खुले, लेकिन प्रखंड में कोहरा से कनकनी के साथ बढ़ी ठंड से बच्चों की उपस्थिति बहुत कम थी। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति लगभग आधा है। इसका एक कारण बच्चों को अभी तक पोशाक का वितरण नहीं होना भी है। कई शिक्षकों ने बताया कि प्रखंड में तीन दिन से कोहरा के साथ ठंड बढ़ी है। इसकी वजह से बच्चों की उपस्थिति में कमी आई है।

### अलाव की व्यवस्था नहीं, नाराजगी

प्रखंड में तीन दिन से कोहरा छाया हुआ है। इससे तापमान में भारी गिरावट आई है। वहीं विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए खरौंधी बाजार सहित पंचायत में अंचल कार्यालय से आलव की व्यवस्था करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी

सीआई खरौंधी मोजिब खान ने इस संबंध में बताया कि प्रखंड में बढ़ रही ठंड को देखते हुए पिछले सप्ताह कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई गई थी। इधर तीन दिनों से दोबारा कोहरा के साथ कनकनी बढ़ी है। जल्द ही लोगों को अलाव की सुविधा बहाल कर दी जायेगी।

## डंडई में बारिश से किसानों को मिली राहत

### खेत में पटवन के बिना मुरझा रही फसलें खिलनी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
किसानों ने शुक्रवार रात्रि हुई घंटों बारिश से राहत की सांस ली है। इससे सरसों, अरहर, आलू इत्यादि दलहन फसलों को काफी फायदा पहुंचने की संभावना है। इससे पहले पटवन को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ गई थीं। एक तो फसल पटाने का उनके पास कोई प्रमुख साधन नहीं था, वहीं पनघटवा डैम भी इस वर्ष पूर्व से ही जवाब दे चुका है। किसान पानी के लिए सीधे तौर पर भगवान की ओर टकटकी लगाए बैठे हुए थे।

किसान रामकुमार मेहता, नंदू यादव, प्यारी सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, मंदिप प्रजापति, विनय सिंह, आफताब आलम, रामचंद्र सिंह इत्यादि लोगों ने बताया कि इस वर्ष हम सभी पूरी तरह प्रकृति पर ही आश्रित होकर अपने-अपने खेतों में दलहन की फसल बोने का काम किए थे। उन्होंने बताया कि पनघटवा डैम से पानी मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। बावजूद शुरुआती दौर में डैम से एक पानी हम लोगों को मिल गया। उसके बाद डैम पूरी तरह जवाब दे दिया। किसानों ने कहा कि अगर बारिश नहीं होती तो खेत में लाहलती विभिन्न तरह की फसलों से हम सभी किसानों को हाथ धोना पड़ जाता। शुक्रवार रात्रि में बारिश होते ही खेत में मुरझा रही फसलें खिलनी शुरू हो गईं। उन्होंने कहा कि पनघटवा डैम में बने दो-दो पानी की टंकी हम सभी किसानों के लिए खतरे की घंटी बन गई है। टंकी के माध्यम डैम का सारा पानी बेवजह बर्बाद होते चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि डैम में किसी भी तरह से पानी का आगमन हुआ नहीं और उसका पानी टंकी के माध्यम निकलना शुरू भी हो गया। साथ ही कहा कि टंकी के माध्यम पानी निकासी पर रोक नहीं लगाई जाती है तो धान की फसल के लिए भी हम सभी किसानों को सोचना पड़ जाएगा।

# पचोर पंचायत के रोजगार सेवक का हुआ तबादला

### बीडीओ की शिकायत पर झोतर पंचायत के रोजगार सेवक पर भी लटकी कार्रवाई की तलवार

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड क्षेत्र स्थित पचोर पंचायत के रोजगार सेवक दामोदर कुमार रवि का दूसरे प्रखंड में तबादला कर दिया गया है। बीडीओ राहुल कुमार सानू की लिखित शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने यह कार्रवाई की है। विदित हो कि इससे पूर्व अनुशासनहीनता के आरोप में बीडीओ ने रोजगार सेवक को पदमुक्त करते हुए प्रखंड कार्यालय में बैठा दिया गया था। साथ ही मामले की लिखित शिकायत उनके द्वारा जिले के उपविकास आयुक्त के पास करने का काम किया गया था।

इसके अलावा झोतर पंचायत के रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा के खिलाफ भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जिला कार्यालय द्वारा उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई है। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों रोजगार सेवकों के खिलाफ जिले के उपविकास आयुक्त के पास लिखित रूप में शिकायत की गई थी। एक को प्रखंड से हटा दिया गया, जबकि दूसरे से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि दूसरे के खिलाफ भी बहुत ही जल्द कठोर कार्रवाई होने जा रही है। मालूम हो कि रोजगार सेवक दामोदर कुमार रवि लगभग तीन वर्षों से पंचौर पंचायत में सेवा देते आ रहे थे। उनका तबादला हो जाने से प्रखंड में रोजगार सेवकों की संख्या 9 से घटकर 8 हो जाएगी। ऐसे में पचोर पंचायत में रोजगार सेवक का पद अतिरिक्त प्रभार में चलना लाजमी हो जाएगा। इसी तरह रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा का भी कहीं दूसरे प्रखंड के लिए तबादला हो जाता है तो प्रखंड में रोजगार सेवकों की संख्या 8 से घटकर और कम 7 हो जाएगी।

# दुकानों पर लटके ताले, गरीबों को निवाले के लाले

### खरौंधी प्रखंड में पीडीएस डीलरों की हड़ताल से राशन का वितरण ठप, 10519 कार्डधारी हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
फेयर प्राइस पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन के अनिश्चितकालीन हड़ताल से खरौंधी प्रखंड में राशन का वितरण पूरी तरह से ठप पड़ गया है। खरौंधी प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में 33 डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण कराती है। पीडीएस डीलरों के हड़ताल पर जाने के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है।

खरौंधी प्रखंड में कुल राशनकार्ड धारियों की संख्या 10519 है। इसमें पीएच राशनकार्ड धारियों की संख्या 9256 है, जिसमे लाभुकों की संख्या 41901 है। अंत्योदय राशन कार्ड धारियों की संख्या 1263 है, जिसमें परिवारों की संख्या 5644 है। जबकि ग्रीन राशनकार्ड धारियों एवं सफेद राशन कार्ड धारियों 320 है। खरौंधी प्रखंड के डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार यादव और सचिव अंजन कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच साल तक पांच किलो अनाज बांटने की घोषणा की है, लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। कोरोनाकाल में 16 महीने तक लाभुकों के बीच मुफ्त अनाज वितरण किया गया था, जिसका कमीशन भी अब तक नहीं मिला है। वहीं डोर टू स्टेप डिलीवरी का पैसा भी मार्च से दिसंबर तक का बकाया है। उन्होंने बताया कि जब तक डीलरों की मांगें पूरा नहीं की जायेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के डीलर विगत 1 जनवरी से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। डीलरों के हड़ताल पर जाने एवं राशन वितरण नहीं होने से कई घरों में निवाला पर भी आफत आ गई है। कई लाभुक जिन्हें डीलरों के हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं है वे जनवितरण प्रणाली की दुकान का चक्कर लगा रहे हैं। कई लाभुकों ने सरकार से राशन डीलरों की समस्या का जल्द निदान करने एवं राशन वितरण कराने की मांग की है।





## भवनाथपुर के पंसस ने गढवा उपायुक्त से की पात्र लोगों को अबुआ आवास का लाभ देने की मांग

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित अबूआ आवास योजना राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सरदर्द साबित हो रही है। पंचायत प्रतिनिधियों को जनता के कोपभाजन का शिकार भी होना पड़ रहा है। चंदन ने इस संबंध में उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में लगभग दस हजार योग्य लोगों की सूची अबूआ आवास के लिए तैयार की गई थी। इसमें से सात हजार लोगों को रिजेक्ट कर दिया गया। इससे अधिकतर निराश्रित, आपदा प्रभावित, गरीब लोग अबूआ आवास की सूची से बाहर रह गए हैं। इसके अलावा प्रखंड में पीएम आवास, अंबेडकर आवास भी कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बंद है। चंदन ने योग्य ग्रामीणों का नाम अबूआ आवास सूची में जोड़ने की मांग की है ताकि गरीबों को आवास का लाभ मिल सके।

# 'आगामी चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी'

### भाजयुमो की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर किया गया विचार विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला बैठक जिला कार्यालय गढ़वा में हुई। बैठक के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसलिए युवाओं को राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है आने वाले दिनों में 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिले भर के सभी मंडल के कई संस्थानों में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को विधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन का निर्णय लिया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री पवन पासवान ने कहा कि भाजयुमो




कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए तैयार रहें। लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा पुर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश तरक्की कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री देश ही नहीं बल्कि विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत विश्व गुरु बन चुका है। आने वाले दिनों में भाजयुमो नव मतदाता सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जयंत पांडेय, कंचन कुमार, पन्ना सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष रंजीत चौरसिया, छोटु यादव, ललीत सिंह, शैलेश चौबे, रविंद्र सोनी, बलराम यादव, श्रवण चौरसिया, निरंजन पाठक, ओमप्रकाश पासवान, धनंजय विश्वकर्मा, विपेष तिवारी, बिपीन चंद्रवंशी, अनीत तिवारी, आयुष दुबे, निखिल उपाध्याय, राजु रंजन सिंह, पियुष वैद्य, रंजन कुमार राम, अवध गुप्ता, अमीत चंद्रवंशी, संजय तिवारी आदि मौजूद थे।

## दवा खाने से युवक की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के टड़हे गांव निवासी मनीष यादव पिता रामस्वरुप यादव ने डोज से अधिक दवा खाकर बीमार हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मनीष यादव को एक सप्ताह पहले सड़क दुर्घटना में हाथ फ्रैक्चर हो गया था। वह हाथ का प्लास्टर कराने के बाद चिकित्सक की सलाह पर कैल्शियम एवं दर्द की दवा का सेवन कर रहा था। लेकिन शनिवार की सुबह में दवा खाने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। तब उसके स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

# खेल मैदान के लिए वन पट्टा उपलब्ध कराने का निर्देश

### जिप सदस्य की पहल पर कल्याण पदाधिकारी ने अंचल को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने केतार अंचल को पत्राचार कर वन अधिनियम 2006 के तहत केतार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खेल मैदान निर्माण के लिए वन पट्टा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उक्त आलोक में नियमानुसार ग्राम सभा कराकर ग्राम सभा की कार्यवाही नक्शा, खतियान की प्रति, स्थल जांच प्रतिवेदन और आवश्यक कागजात के साथ दावा पत्र, अभिलेख अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि केतार के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने जिला कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परती- कुशवानी पंचायत के बत्तों कला सूर्य मंदिर के प्रांगण में खेल मैदान के लिए वन पट्टा उपलब्ध कराने सहित केतार पंचायत के केतरी गांव में शीतला धाम के प्रांगण में खेल मैदान, मुकुंदपुर के सूर्य नारायण वन में खेल मैदान, ताली के अमराहीदह सूर्य मंदिर प्रांगण में खेल मैदान और परसोडीह पंचायत के बुढी खाड़ मंदिर प्रांगण में खेल मैदान निर्माण के लिए सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

**खेलकूद** जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पीयूष बना मैन ऑफ द मैच

# रोमांचक मुकाबले में बीएसकेडी सात रन से जीता

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेली जा रही 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल को सात रन से हराया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में निर्धारित ओवरों में पीयूष और सत्यम का 18-18 रनों के सहयोग से नौ विकेट खोकर 90 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से शौर्य ने तीन विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलेने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में शौर्य के 30 रनों की पारी की मदद से आठ विकेट खोकर 83 रन ही बना सकी। अंतिम छह गेंद में आरके पब्लिक स्कूल को 23 रन की जरूरत थी, परंतु उसके बल्लेबाज 16 रन ही जुटा




सके। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने दो विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के पीयूष को बीजेपी नेता सह खिलाड़ी अनंत दुबे, डॉ ब्रजेश कुमार पांडेय, नवनीत शुक्ला, सुशील कुमार पांडेय, गौरीशंकर कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर अनंत कुमार दुबे ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य है और खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। इसलिए हमें खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से जहां शरीर तंदरुस्त रहता है, वहीं दिमाग में भी ताजगी बनी रहती है। डॉ. बृजेश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी के लिए जितना पढ़ाई का महत्व है, उतना ही खेल का भी है। किताबी ज्ञान हमारा मार्गदर्शन करता है तो खेलों से जीवन में अनुशासन आता है।

नवनीत शुक्ला ने कहा कि आज का मैच काफी रोमांचक रहा है। दोनों टीमों में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। हारने वाली टीम को कभी भी हार को दिल पर लेने की जरूरत नहीं है। वे हार से सीख ले क्योंकि कभी-कभी एक अच्छा खिलाड़ी भी शून्य पर आउट हो जाता है और जिनसे लोगों को उम्मीद नहीं होती है, वही कुछ कर गुजरते हैं, आज के मैच में यही देखने को मिला है। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, राकेश तिवारी उर्फ टाइगर, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, प्रिंस खान आदि शामिल थे।

# कड़ाके की सर्दी में सर्वेश्वरी समूह सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा कड़ाके की पड़ रही ठंड को देखते हुए सगमा एवं धुरकी प्रखंड के शारदा, लोलकी व सगमा गांव में असहाय एवं जरूरतमंदों केबीच घर-घर जाकर कंबल वितरण किया गया। मौके पर सर्वेश्वरी समूह शाखा के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा के द्वारा ठंड से निजात दिलाने हेतु जरूरतमंदों एवं असहायों के बीच चरणबद्ध तरीके से कम्बल का वितरण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सगमा एवं धुरकी प्रखंड के लोलकी, शारदा गांव में पूर्व से चयनित लोगों के घर-घर जाकर कंबल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कपिल देव सिंह, शिव पहरिया, कुंवारी कुवर, मानिक सिंह, लक्ष्मण सिंह, मोरी देवी, सोहनी देवी, भानुमति देवी, तुलसी परहिया, विद्यावती कुंवर, पकौड़ी प्रसाद, पलटन परहिया, कुंदन राम, लक्ष्मण राम, मैत्री देवी आदि लोगों को घर-घर जाकर कंबल दिया गया। मौके पर कटहर गढ़ के मनोज प्रताप देव, श्रीकांत सिन्हा, राजीव सिन्हा, अजय प्रसाद गुप्ता, दुर्गेश सिन्हा उपस्थित थे।



## एक नजर

### कंबोडिया में सम्मानित होंगे लातेहार के बद्री

**लातेहार।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बद्री प्रसाद को कंबोडिया में सम्मानित किया जायेगा। लातेहार के सेटेलाइट शाखा के प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बद्री प्रसाद एलआइसी के शीर्ष कॉरपोरेट क्लब के सदस्य है। इस वर्ष कॉरपोरेट क्लब का सम्मेलन कंबोडिया में आयोजित किया जा रहा है। एलआईसी के सेंट्रल ऑफिस के वरीय अधिकारी उन्हें सम्मानित करेंगे। प्रसाद की इस सफलता पर अधिवक्ता सुनील कुमार, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, रंगकर्मी आशीष कुमार, गोविंद प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, अमरजीत सिंह, नरेश अग्रवाल, जयदीप, उपेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, रंजीत प्रसाद, गौतम दास, पंचम प्रसाद व सतेंद्र पासवान ने उन्हें बधाई दी है।

### अमरवाडीह के समाजसेवी रोहण प्रजापति का निधन

**बारियातु।** झारखंड प्रजापति महासंघ के प्रखंड सदस्य अमरवाडीह ग्राम निवासी रोहण प्रजापति (50) का बीते शुक्रवार की रात्रि आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। जिप सदस्य रमेश राम, झारखंड माटी कला बोर्ड के अजित प्रजापति, महेंद्र गंझू, सोमनाथ गंझू, महेंद्र उरांव, युगल किशोर, प्रदीप गंझू, विकास पांडेय, लखन पांडेय, आशीष ठाकुर, बब्लू गंझू, मुखिया शुशीला देवी आदि लोग शनिवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### मुखिया के पिता के दशकर्म में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व नेता

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय की मुखिया मृदुला देवी के ससुर सह विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह के दिवंगत पिता के दशकर्म में शनिवार को भारी संख्या में जनप्रतिनिधि व नेता आदि शामिल हुए। दिवंगत लगभग 107 वर्ष के थे। इसी माह उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने उन्हें प्रखंड के वरिष्ठ नागरिक का सम्मान से सम्मानित किया था। दशकर्म में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, गोपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिप प्रत्याशी सौरभ कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व मुखिया श्याम कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, रामदहीन सिंह, समेत इटखोरी, चौपारण, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रांची क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### अलाव की व्यवस्था

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अलाव की व्यवस्था शनिवार को की गई। अलाव की व्यवस्था कांग्रेस के जिला महासचिव सतेंद्र कुमार दांगी, जय मां कंस्ट्रक्शन के आशीष कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, समाजसेवी जितेंद्र कुमार ठाकुर, कमलेश कुमार, यदुनंदन पांडेय आदि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शुक्रवार देर रात से ही मौसम में आए बदलाव के साथ ठंड काफी बढ़ गई है।

### अबुआ आवास को लेकर विशेष ग्रामसभा

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारियातू पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया डेगन गंझू व पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को अबुआ आवास की सूची की जानकारी दी गयी। मौके पर स्वयंसेवक प्रकाश पासवान, वार्ड सदस्य प्रकाश यादव, भोला ठाकुर, भोला यादव, विकास कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक में बोले निर्वाचन पदाधिकारी

# ‘दिव्यांग मतदाताओं का रखें विशेष ख्याल’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

आम चुनाव 2024 में दिव्यांग मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित कराने को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श करते हुए रूपरेखा बनाई गई।




बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए किए गए व्यवस्था, मतदाता जागरुकता अभियान की समीक्षा करते हुए चुनाव प्रक्रिया को मतदाताओं के अनुकूल बनाने की बात कही। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के सुविधाजनक मतदान हेतु व्हीलचेयर, रैंप एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि आयोग का चुनावी प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की मजबूत सहभागिता व सबके लिए सुलभ चुनाव बनाने पर विशेष जोर है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर, रैंप, बिजली, पानी, शौचालय आदि की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चुनावी ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं अन्य कर्मी दिव्यांग मतदाताओं की जरूरतों को लेकर संवेदनशील रहे। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों, बुजुर्गों, महिलाओं की जरूरतों का ख्याल रखें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में कोई भी मतदाता मतदान प्रक्रिया से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी श्रेणियों के व्यक्तियों को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रयास चल रहे हैं। जिलास्तर पर गठित इस कमेटी का उद्देश्य है कि कमेटी के सदस्य पात्र दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान करके उनका नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने और उनकी जानकारी रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया में निगरानी व आंकलन की व्यवस्था करेंगे। उनके लिए मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए मतदान केंद्र पर उचित व्यवस्था कराएंगे। स्वीप गतिविधियों के तहत लोगों में विस्तृत रुप से जागरूकता लाई जाएगी। बैठक में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मोहमद परवेज, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पशु मेला क्षेत्र में लाइट और पेयजल की व्यवस्था समेत सीसीटीवी लगाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग-चतरा सीमाने पर स्थित प्रसिद्ध गर्म जलकुंड बलबल में मकर संक्रांति पर लगने वाले 10 दिवसीय पशु मेले की तैयारी को लेकर शनिवार को माता बागेश्वरी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सचिव निर्मल गोप ने की। इसमें संपूर्ण मेला स्थल में लाइट व पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्णय लिया गया। वहीं जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ सुरक्षा दल का भी गठन किया गया। 24 घंटे सादे लिबास में सुरक्षा दल के सदस्य मेले पर नजर रखेंगे। मेला परिसर के साफ सफाई पर भी ध्यान देने की बात कही गई। बैठक का संचालन प्रेमचंद यादव ने किया। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक देवचारण दांगी, मुखिया जगदीश यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, बिंदेश्वरी यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विशुनधारी प्रजापति, युनुस अंसारी, मो. शमसुद्दीन अंसारी, वासुदेव पांडेय, सुरेश यादव, जवाहरलाल अग्रवाल, गणेश यादव सहित गिद्धौर, पत्थलगड़ा व कटकमसांडी प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चतरा को मिले दो आवासीय और 10 डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र

### उपायुक्त अबु इमरान के प्रयास से खेल के क्षेत्र में जिले को मिली बड़ी उपलब्धि

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य सरकार व उपायुक्त चतरा सह अध्यक्ष जिला खेल संचालन समिति अबु इमरान के अथक निरंतर प्रयास से खेल के क्षेत्र में जिले को बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है। बताते चलें कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखंड द्वारा चतरा जिले को दो आवासीय एवं 10 डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले में यह पहला अवसर होगा की एक साथ कुल 12 (बारह) क्रीड़ा प्रशिक्षक तथा अन्य को रोजगार का अवसर बहुत जल्द मिलने जा रहा है।



जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निम्नवत क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र अधिष्ठापन करने की स्वीकृति विभाग से प्राप्त है। चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड में फुटबॉल (बालक) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, सिमरिया स्टेडयम, सिमरिया जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या एवं चतरा सदर फुटबॉल (बालिका) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, जवाहर लाल नेहरू स्टेडयम, चतरा जिसमें 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी। डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र हेतु टंडवा प्रखंड में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय बचरा, टंडवा जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी वहीं प्रतापपुर में फुटबॉल (बालिका) हेतु राज्य सम्पोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय में 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, हंटगरंज में खो-खो (बालक/बालिका) हेतु रामनारायण राजकीयकृत प्लस 2 विद्यालय जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, गिद्धौर में वॉलीबॉल (बालक) हेतु उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिंडारकोण, गिद्धौर में 25 बालक प्रशिक्षुओं, चतरा सदर में बैडमिंटन (बालक/बालिका) हेतु इंडोर स्टेडियम, चतरा में 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं, चतरा सदर में वॉलीबॉल (बालक) हेतु राज्य सम्पोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय, चतरा जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं, सिमरिया प्रखण्ड में हॉकी (बालक/बालिका) हेतु उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय, लेपो, सिमरिया में 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं, गिद्धौर में एथलेटिक्स व हॉकी (बालक/बालिका) हेतु जवाहल लाल नेहरू स्टेडियम, गिद्धौर में 25-25 बालक प्रशिक्षुओं एवं हंटरगंज में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, हंटरगंज में 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी।

## सीआरपीएफ ने सामानों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के मोरवाई पंचायत के 11 बटालियन सीआरपीएफ कैंप परिसर में शनिवार को सीआरपीएफ कमांडेड वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश भी जरूरतमंद लोगों के बीच कई सामानों का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ कैंप परिसर में मोरवाई पंचायत के सभी गांवों के असहाय, वृद्ध, निर्धन छात्र-छात्राएं एवं अन्य ग्रामीणों के बीच कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कंपनी कमांडर नीरज कुमार सोनकर द्वारा पंचायत के मुखिया सेवानिवृत जवान आशीष कुमार सिंह एवं एवं सीआरपीएफ के अन्य अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के बीच बारी-बारी से ठंड से बचाव हेतु कंबल, दरी, तिरपाल व स्कूली बच्चों के बीच स्कूली बैग, नोट बुक, ज्योमेट्री बॉक्स आदि पठन-पाठन की सामग्री बारी-बारी से वितरण किया गया।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कंपनी कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर ने कहा कि सामुदायिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पुलिस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। सीआरपीएफ ग्रामीणों को सुरक्षा ही प्रदान नहीं करती बल्कि आपके सुख-दुख में हमेशा तत्पर रहने के लिए खड़ी है। ग्रामीणों का सहयोग का प्रतिफल है कि क्षेत्र से उग्रवादियों का नाश किया जा रहा है। मौके पर इंस्पेक्टर एसएन पांडे, वार्ड सदस्य प्रेमा देवी, कई जनप्रतिनिधि एवं सीआरपीएफ के कई जवान व अधिकारी मौजूद थे।

### समाजसेवी ने घर-घर जाकर बांटा कंबल

**महुआडांड़।** मौसम ने जब से करवट बदली है पूरे झारखंड में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। नेतरहाट में तो और भी ज्यादा ठंड बढ़ चुकी है। इस ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नेतरहाट निवासी समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद के द्वारा नेतरहाट के विभिन्न ग्रामों में जाकर गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह कंबल वितरण नेतरहाट के जामटोली, मोहना पाठ, सिरसी, बरटोली आदि ग्रामों में गरीब असहाय, जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर घर-घर जाकर 50 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, पूर्व उप मुखिया गुल्लु किसान, मुकेश किसान, गुल्लु, गजेंद्र किसान, बिल्टा उरांव आदि मौजूद थे।



## बिरहोर परिवारों में चौंकी का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के शीतलपुर स्थित बिरहोर टोला में शनिवार को आदिम जन जाती बिरहोर परिवारों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी ने कल्याण विभाग द्वारा आवंटित चौंकी का वितरण किया। बीडीओ अन्य कर्मचारियों के साथ बिरहोर टोला पहुंचकर सुकर बिरहोर, बबीता बिरहोरिन, नागो बिरहोर, जगनी बिरहोरिन, लालु बिरहोर को एक-एक व सोना बिरहोर व माघो बिरहोर को जरूरत के अनुसार दो-दो चौंकी दिया। बीडीओ ने बताया की यहां लगभग आधा दर्जन बिरहोर परिवार रह रहे हैं। मेरे द्वारा ही चतरा उपायुक्त को अनुशंसा किया गया था। अनुशंसा को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त के निर्देश पर कल्याण विभाग द्वारा 10 चौंकी उपलब्ध कराया गया। जिसे वितरण कर दिया गया। साथ ही जनवरी माह का राशन भी उक्त सभी परिवारों के बीच 35-35 किलोग्राम वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव मो. असलम, मणिभुषण पाठक, समाजसेवी अरविंद ठाकुर व अन्य लोग मौजूद थे।



## एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी को भेजा जेल

**गिद्धौर।** पुलिस ने एनडीपीएस के एक फरार आरोपी को सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी चतरा सदर थाना क्षेत्र के मसूरिया तरी के लूटू टोला के जगन गंझू का पुत्र संतोष गंझू है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि गिद्धौर थाना कांड संख्या 34/2021 में प्राथमिकी दर्ज हुआ था जिसमें तब से फरार चल रहा था। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## महुआडांड़ प्रखंड में लावारिस पशुओं का आतंक, फसलों को कर रहे बर्बाद

### सड़क दुघर्टना की बनी रहती है संभावना, कई हो चुके दुर्घटनाग्रस्त

**नवीन मेल संवादाता। महुआडांड़**

प्रखंड में भी लावारिस पशुओं का आतंक बढ़ा हुआ है। दिन-रात मालिकों द्वारा छोड़ गए पशु गेहूं, सरसों, अरहर आदि फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। साथ ही सड़क पर भी घूमते रहते हैं, जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। महुआडांड़ के किसान बंधुओं ने प्रखंड प्रशासन से लावारिस पशुओं पर लगाम लगाने व पशु मालिकों को पशुओं की चराई कराने या खुला नहीं छोड़ने की अपील की है ताकि फसल की नुकसान व दुर्घटना से बचाया जा सके। लातेहार जिले में लावारिस पशुओं को लेकर नप प्रशासन द्वारा निर्देश निकाला गया है कि जो भी पशु रात्रि में विचरण करते पाए जाते हैं उनकी नीलामी की जाएगी। साथ ही इस अवधि में पशु मालिकों का कोई भी दावा को अस्वीकार करने की बात कही गई है। किसानों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था प्रखंड में भी हो जाता तो किसानों के साथ-साथ आमजनों को भी राहत मिल जाती।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कमाल से मध्याह्न भोजन सामग्री की चोरी

**कुंदा।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कमाल में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर मध्याह्न भोजन समाग्री की चोरी कर ली है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललन यादव व सहायक अध्यापक अरुण यादव ने बताया कि जब सुबह विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के भंडार रूम का ताला टूटा हुआ है और गेट खुला है। भंडार रूम का मुआयना किया तो 1 क्विंटल चावल, 10 किलो दाल, 10 किलो आलू, 3 किलो तेल सहित खाने पीने के कई सामान व रजिस्टर नहीं थे। शिक्षकों ने अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय में चोरी की घटना की सूचना पुलिस को लिखित देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार
आम सूचना
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग /गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अभी तक अपने व्यवसाय का Trade Licence नही बनवाया है या नवीकरण नही कराया है एवं वैसे मकान मालिक जिन्होने अपने आवासीय /गैर आवासीय भवनों का Holding Tax अबतक जमा नही किया है या गलत तरीके से Assessment कराया है या कई वर्षों से Holding Tax की बकाया राशि अबतक जमा नही किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी एवं व्यापारी वर्ग को निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर Trade Licence/Holding Tax नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा जॉचोपरान्त दोशी पाये जाने पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली नगर पंचायत, लातेहार द्वारा की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग /गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालीक स्वंय जिम्मेवार या दोशी होगें।
अतः सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर M/S SPAROO SOFTECH PVT LTD से या कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार के जन सूविधा केन्द्र से सम्पर्क कर अपना Trade Licence/Holding Tax का ससमय भुगतान करना सूनिश्चित करें। उक्त संदर्भ में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर HelpLine Number नगर प्रबंधक– 8757678835 एवं कर संग्रहणकर्ता – 9113414057 से सम्पर्क किया जा सकता है।
प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार
PR 315267 Urban Development(23-24)D

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला- लातेहार
आम सूचना
इच्छा की अभिव्यक्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार के वाहनों के चालन हेतु एक अदद चालक के पद पर संविदा आधारित सेवा के तहत कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में कार्य दिवस में जमा कर सकते है। जिसका विवरण निम्नवत है। निर्धारित तिथिके उपरान्त किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
1. आवेदन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक
2. आवेदन के स्कुटनी की तिथि – दिनांक 16.01.2024
3. चयनित आवेदक के मेधा सूची का प्रकाशन – दिनांक 18.01.2024
संविदा की नियम एवं शर्तें :–
1. नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में चालक के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड, शैक्षणीक प्रमाण पत्र (जहॉ तक शिक्षा ग्रहण किये हो),ड्राईविंग लाईसेंस, बैंक पासबुक की छाया प्रति, संबंधित पद पर पूर्व किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो, दो अदद फोटोग्राफ आवेदन के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. चालक का पद संविदा आधारित होगा। जिसे किसी भी समय समाप्त करते हुए एक माह पूर्व सूचना देकर कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा। इस पद पर सरकारी सेवा हेतु कोई भी दावा मान्य नही होगा। साथ ही 60 वर्श से अधीक उर्म वाले आवेदक का आवेदन मान्य नही होगा।
3. संविदा की अवधी 6 माह की होगी। किये गये कार्य के मुल्याकंन एवं आवश्यकतानुसार सेवा विस्तारीत की जा सकती है। चालक को मानदेय के रूप में प्रतिमाह श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा चालक हेतु निर्धारित संविदा राशि अनुसार भुगतान किया जायेगा।
4. चालक का चयन नगर पंचायत लातेहार द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा। चयनित आवेदको की मेधा सूची का प्रकाशन नगर पंचायत लातेहार के सूचना पटट पर किया जायेगा एवं बाद में अतिरिक्त चालक की आवश्यकता पडने पर तैयार किये गये मेधा सूची के अनुसार कर्मीयों को संविदा पर रखा जायेगा।
5. चालक के पद पर कार्य करने हेतु स्थानीय आवेदक एवं पूर्व में सरकारी वाहन चलाने वाले आवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. न्यायालय से संबंधित वादों का निश्पादन लातेहार न्यायालय मे ही मान्य होगा।
7. उपरोक्त प्रकाशित किय गये सूचना को बिना करारण बताये रद्ब करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नही दी जायेगी।
प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार
PR 315269 Urban Development (23-24)_D

### राजनीति

### बालूमाथ प्रखंड राजद कमेटी के सम्मान समारोह में बोले प्रदेश उपाध्यक्ष

# ‘पलामू व चतरा क्षेत्र राजद का गढ़, जीतेगा इंडिया’

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस हार्ट में राजद प्रखंड कमेटी सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष रंजन यादव विशिष्ट अतिथि लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला प्रभारी रामचंद्र चंद्रवंशी, लातेहार विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रीतलाल यादव ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल में दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण भी की।



मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि चतरा एवं पलामू लोकसभा क्षेत्र राष्ट्रीय जनता दल का गढ़ रहा है। आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन जीत दर्ज करेगी। भाजपा सरकार धर्म के नाम पर लोगों को लड़वाने का काम कर रही है, जिसे जनता आने वाले समय में कुर्सी से उतार देगी। वहीं प्रदेश युवा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ तैयार है। वहीं सुरेश राम ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल अपनी नीति और सिद्धांत से कभी समझौता नहीं करता है। गरीब हो या दलित, पिछड़ा सभी के हक और हित की बात करता है। मौके पर कई वक्ताओं ने अपने मंतव्य को रखा इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज यादव, वीरेंद्र यादव, तुलसीराम, कमलेश कुमार, भोला यादव, दिलेश्वर यादव ,अजीत श्रीवास्तव, दीपक यादव, मो. जहूर, बाबूलाल राम, उमेश यादव, हरिहर यादव, मो.अजमल, आदित्य प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अज्ञात पिकअप ने दो शख्स को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ में नंदनी पुल के पास अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी गांव निवासी 50 वर्षीय हाजरी उरांव नामक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गुड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय चेरगा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों लोहरदगा से अपने बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच नंदनी पुल के अज्ञात पिक अप ने दोनो को ठोकर मार फरार हो गया। इस घटना में हाजरी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बुरी तरह से घायल चेरगा को भंडरा पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मौके पर पहुंची भंडरा पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया तो डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर जबकि दूसरे घायल अवस्था में अस्पताल में दाखिल करा दिया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। थाना प्रभारी गौतम कुमार का कहना है किअज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हाथियों ने फसलों को रौंदकर किया बर्बाद

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोनकेल गांव में बीती रात जंगली हाथी ने गांव के चार किसानों के खेत में लगी आलू एवं अन्य सब्जियों की फसल को रौंद कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया।किसान पीटर खलखो, अलबुनिस लकड़ा, जस्टीन लकड़ा, सुशील खलखो ने बताया कि रात 3 बजे के करीब पांच जंगली हाथी पहुंचे और फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद खदेड़ने में सफल रहे। इधर हाथियों के आने की सूचना चैनपुर वन विभाग को दी गई लेकिन उसके द्वारा कोई भी पहल नहीं की गई। किसानों ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है।

### मांगों को लेकर राशन डीलरों ने दिया धरना

**कैरो।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन झारखण्ड प्रदेश के निर्देश पर कैरो के राशन डीलर 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल है। शनिवार को इसको लेकर कैरो प्रखंड के सभी डीलर अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रखंड कार्यालय के समीप दिया। धरना में निर्णय लिया गया कि 8 जनवरी को ज़िला के सभी डीलर लोहरदगा ब्लॉक से समाहरणालय तक रैली निकालेंगे, जिसमें कैरो से सभी डीलरों को जाना है। धरना में लखन उरांव, मनिंद्र शाह, नसीर आलम, सुरेंद्र साहू, ब्रजकिशोर साहू, रामकेशवर उरांव, पंकज साहू, सोमा उरांव इत्यादि मौजूद थे।

### पीडीएस डीलरों ने एकता पर दिया बल

**भंडरा।** राशन डीलर एसोसिएशन जिला कमेटी की बैठक पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जिला अध्यक्ष नबुल हसन की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती तथा आपसी एकता पर बल दिया गया। साथ ही अपनी मांगों को लेकर पहली जनवरी से चल रहे डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की सफल बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी हड़ताल पर नहीं जाना चाहते थे, लेकिन सरकार हमारी परेशानियों के निदान पर ध्यान नहीं देती है। परिणाम है कि हमारें समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई।

### उपायुक्त ने बैठक कर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों समेत अन्य के साथ गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के संबंध में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोत्तोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान उसुर्लाइन उच्च विद्यालय लोहरदगा की छात्राओं द्वारा गाया जाएगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए पुराना कार्यालय परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन उपायुक्त,लोहरदगा और केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। अन्य सभी कार्यालयों में कार्यालय प्रधान अपनी सुविधानुसार झंडोतोलन करेंगे। बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए परेड में जिला पुलिस बल (पुरुष एवं महिला) की 1-1 टुकड़ी, सहायक पुलिस की 01, गृह रक्षा वाहिनी की 01 टुकड़ी, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के एनसीसी की 01 टुकड़ी, सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय लोहरदगा के एनसीसी की 01 टुकड़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के एनसीसी की 01 टुकड़ी, लूथरन उच्च विद्यालय लोहरदगा के भारत स्काउट एवं गाईड की 01-01 टुकड़ी और उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा के भारत स्काउट एवं गाईड की 01-01 टुकड़ी भाग लेंगी। मुख्य समारोह स्थल बी एस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा एवं अन्य प्रमुख स्थानों की सफाई एवं सजावट की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद लोहरदगा द्वारा की जाएगी। मुख्य समारोह में एंबुलेंस तथा चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन के द्वारा की जाएगी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें नृत्य, गायन के साथ-साथ वाद्य यंत्र बजाने की भी प्रतियोगिता आयोजित होगी। विजेताओं को पुरस्कृत किये जाने का निर्णय लिया गया।



#### 6:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा

26 जनवरी को 6:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगे। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/शिक्षक व अन्य उपस्थित थे।

#### समारोह में कुल आठ झांकियां निकाली जाएंगी

मुख्य समारोह में कुल आठ झांकियां निकाली जाएंगी जो समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, परिवहन, शिक्षा विभाग के अलावा स्काउट एवं गाईड और हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा निकाली जाएगी। झांकी से संबंधित अनुश्रवण का दायित्व नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। संबंधित विभागों को बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाने का निदेश दिया गया। राष्ट्रगान के रिहर्सल व छात्राओं से संबंधित सभी दायित्व जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा गया है। कार्यक्रम में बैंड की धुन का पूर्वाभ्यास कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा और जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना की टीम को एक साथ किये जाने का निदेश दिया गया। समारोह में उद्घोषक के रूप में शिक्षक गणेश लाल होंगे। समारोह में वर्ष 2023 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों व विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार हेतु स्क्रीनिंग का कार्य उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी करेंगे।

# डीआईजी रेंज ने क्षेत्र से नक्सलवाद जड़ से समाप्त करने का दिया निर्देश

### किशोर प्रसाद ने किया सीआरपीएफ का वार्षिक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्थानीय रघुटोली स्थित सीआरपीएफ 158 बटालियन का वार्षिक निरीक्षण 4 से 5 जनवरी तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेंज नई दिल्ली किशोर प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान डीआईजी ने बटालियन मुख्यालय में ऑफिस रिकॉर्ड को चेक किया तथा बैरकों का पूरा भ्रमण किया। तत्पश्चात रात्रि में डीआईजी ने बड़ा खाना में सभी जवानों के साथ रात्रि भोजन किया।

निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने केकरांग एवं पेशरार स्थित बटालियन की कंपनियों का भी दौरा किया तथा वहां सभी जवानों से जाकर मिले एवं जवानों की शारीरिक क्षमता तथा फायरिंग की क्षमता का भी परीक्षण किया। जवानों द्वारा किए गए प्रदर्शन का डीआईजी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। 158 बटालियन मुख्यालय में उपमहानिरीक्षक ने सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें बटालियन के किए हुए ऑपरेशंस डबल बुल तथा ऑपरेशन कोरगो, जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों को पकड़ा गया तथा भारी तादाद में हथियार, गोला बारूद भी बरामद होने की तारीफ की। इसकी वजह से लोहरदगा में शांति व्यवस्था स्थापित करने तथा नक्सलवाद की घटनाओं में काफी हद तक कमी लाने में मदद मिली। उन्होंने आगे भी इस तरीके के सफल ऑपरेशंस को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ताकि क्षेत्र से नक्सलवाद जड़ से समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने 158 बटालियन द्वारा किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम, साफ-सफाई अभियान, 15 वीं ट्राइबल यूथ आदान प्रदान प्रोग्राम सिविक एक्शन प्रोग्राम इत्यादि में यूनिट के कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने 158 बटालियन सीआरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन के अच्छे समन्वय की भी काफी प्रशंसा की, जिससे कि पूरे क्षेत्र में विकास कार्य भी काफी तेजी से चल रहे हैं और लोहरदगा जिला प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने सभी जवानों से अपने तैनाती के क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी प्रकार की ड्यूटी के निर्वहन में सतर्क/चौकस रहने हेतु निर्देश दिए। जवानों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से नियमित व्यायाम एवं परिचालनिक अभ्यास के साथ-साथ संतुलित भोजन एवं अनुशासन को बनाए रखने हेतु उचित दिशा-निर्देश भी दिए तथा वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम के बारे में जवानों को अगाह कर उससे बचने की नसीहत दी। सीआरपीएफ के मिनी इंडियास्वरूप, जिसमें हर धर्म, जाति, प्रांत के लोग रहते हैं की निष्पक्ष छवि के बारे में संबोधित करते हुए उन्होंने अवगत कराया कि देश का हर नागरिक सीआरपीएफ पर भरोसा रखता है अतः बल के हर सदस्य का कर्तव्य है कि वो इस भरोसे को बनाए रखने के लिए यथोचित व्यवहार करे। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों की तारीफ करते हुए इसी प्रकार आगे भी कार्य करने की बात कही।



### अंजुमन इस्लामिया कमेटी का आज होगा चुनाव

**कैरो।** प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव नयाटोला, कैरो स्थित मदरसा में चुनाव कमेटी की देख-रेख में रविवार को सुबह 9 बजे से होगी। शनिवार को चुनाव कमेटी के संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्र के पास बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर विस्तृत गाइडलाइंस जारी किये गये हैं। अलीरजा अंसारी ने बताया कि मतदाताओं के मतदान केंद्र तक आने-जाने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा कोई राशि व्यय नहीं की जाएगी और न ही इसके लिए कोई व्यवस्था की जाएगी। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशी एक ही जगह अपनी निर्धारित सीट पर दोस्ताना माहौल बनाकर बैठेंगे। इस दौरान कोई भी प्रत्याशी किसी मतदाता से कोई बातचीत नहीं करेंगे और न ही फोन करेंगे। वोटर मतदान केंद्र या उसके आसपास मतदान के बाद भीड़ इकट्ठा नहीं करेंगे। वोटों की गिनती के दौरान सभी प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद जीते हुए प्रयाशी या उनके समर्थकों द्वारा किसी तरह की नारेबाजी, बम-पटाखा फोड़ना, बाजा बजाना या किसी तरह का हंगामा नहीं हो इसकी जिम्मेदारी संबंधित उम्मीदवार की होगी। क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवियों, समाजसेवी, पत्रकार, चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशी, उनके समर्थकों और सभी मतदाताओं से चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है।

# शीतलहर ने थामी जीवन की रफ्तार घरों में दुबकने के लिए विवश लोग

### कोहरे के कारण सुबह जरूरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिलेभर में इन दिनों शीतलहर के बढ़ते प्रकोप के चलते सुबह कोहरे का आलम बना रहता है। हालात यह है कि सुबह 8 बजे तक सड़कों पर बमुश्किल आवागमन हो पाता है। बढ़ती ठंड के कारण टू व्हीलर चालक तो सुबह के समय निकलने की हिम्मत ही नहीं कर पाते, वहीं चार चक्का वाहन चालक घने कोहरे के कारण काफी धीमे-धीमे वाहन लेकर निकलते हैं। इन दिनों सुबह के समय शहर कोहरे की आगोश में होता है। कोहरे से अब जहां सुबह लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकलते हैं, वहीं पाला पड़ने से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

बढ़ती ठंड के कारण सभी स्कूलों में पूर्व में शीतकालीन अवकाश भी घोषित कर दिया गया था। वर्तमान में इसकी मांग की जा रही है, जिससे बच्चों व उनके अभिभावकों को राहत की सांस मिल सके। चूंकि लोहरदगा पठारी इलाका है, जिसके चलते ठंड और कोहरे का असर कुछ ज्यादा ही रहता है। यही वजह है कि सुबह के समय छूटने वाली बसों में आने जाने वालों की संख्या काफी कम होती है। वहीं दूरदराज से आने वाले वाहन चालक भी काफी धीमी गति से वाहन चलाते हुये निकलते हैं, क्योंकि घने कोहरे के कारण यह पता ही नही चल पाता कि सामने से कौन सा वाहन आ रहा है। शहरी क्षेत्र के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान गिरने से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। यही वजह है कि अब ठंड से बचने के लिये लोग आसपास जलाये जाने वाले अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड के मद्देनजर नगर पालिका परिषद् द्वारा सभी प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। अधिक ठंड होने के कारण अब लोग घरों से ही गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं। इधर बढ़ते ठंड के कारण इन दिनों तिल गुड़ की बनी चीजों की खपत ज्यादा हो रही है। ठंड के मौसम में तिल पट्टी, गुड़ पट्टी, लड्डू की मांग बढ़ जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक ठंड का महीना हेल्थी सीजन होता है। वहीं ठंड से बचने के लिये सुबह के समय लोगों को चाय की चुस्की लेते हुये देखा जा सकता है। बहरहाल ज्यों ज्यों ठंड बढ़ रही है त्यों त्यों लोग उससे बचने का उपाय बढ़ाते जा रहे हैं। इधर, शीतलहरी में घर के अंदर ठंड का प्रकोप कम, लेकिन बाहर निकलते ही कंपकंपाने वाली ठंड होने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। चिकित्सक ने बताया कि ठंड इतनी है कि इसमें ब्रेन हेमरेज, हार्ड अटैक, लूज मोशन आदि हो सकते हैं। ऐसे में बचाव किया जाना आवश्यक है। सतर्कता नहीं बरतना घातक हो सकता है। ऐसी स्थिति में हॉस्पिटल में पर्याप्त अलाव आदि की व्यवस्था भी रखनी चाहिए।

इधर, कृषि विभाग के स्पेशलिस्ट ने बताया कि घना कोहरा रबी फसल में चना, गेहूं, जौ आदि के लिए फायदेमंद है, लेकिन जिस क्षेत्र में सरसों में बालियां आ गई हैं उन्हें नुकसान होने की संभावना है। अधिक कोहरे से सरसों में सफेद रोली नामक रोग लग जाता है जो किसानों के लिए काफी नुकसानदेह है। अभी के किसानों के लिए कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशु गेहूं, चना, सरसों की फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसकी रखवाली करने में किसानों को सर्दी में भी दिन-रात एक करना पड़ रहा है।




## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष– 2023–24 हेतु आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वितीय वर्ष–2023–24 में प्रवेशिकोत्तर पाठयकमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा :–**
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ, जिनके माता–पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगें।

2. **आवेदन करने की प्रकिया :–**
अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण–पत्रों की Scanned Copy (jpeg/jpg में 1mb तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगें :–
(i) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (Income Certificate) (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति। (दिनांक 01.08.2023 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा।)
(ii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (Caste Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र (Residential Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iv) संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए निर्गत Bonafide Certificate (with Fee Structure निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ) की मूल प्रति। (एक पृष्ठ में)
(v) पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र (Mark Sheet of previous exam) की अभिप्रमाणित प्रति।
(vi) छात्रवृति की धनराशि PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT के द्वारा सुयोग्य छात्र–छात्राओं के खाते में अन्तरित की जायेगी। (बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग एवं NPCI में Mapped होना अनिवार्य है।)

3. **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–**

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 20.12.2023 | 10.01.2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2023–24 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 11.01.2024 | 20.02.2024 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 12.01.2024 | 29.02.2024 |

4. **कॉलेज/संस्थान का निबंधन:–**
(i) केवल AISHE कोड/U-Dise वाले शैक्षणिक संस्थान/कॉलेज पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए पात्र होंगे।
(ii) आई0टी0आई0 एवं नर्सिंग संस्थानों के लिए AISHE कोड/U-Dise अनिवार्य नहीं है। परन्तु उन संस्थानों को NCVT/SCVT/Indian Nursing Council/Jharkhand Nurses Registration Council से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य होगा।
(iii) ऐसे कॉलेज/संस्थान जो पूर्व से ई–कल्याण पोर्टल पर निबंधित है–
- निजी कॉलेज/शैक्षणिक संस्थान–College Affilation Certificate, Course Fee, Course Registration Certificate तथा संस्थान के Letter Pad पर नोडल पदाधिकारी की विवरणी (ई–मेल तथा मोबाईल नं0 सहित) (ई–कल्याण पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार) Upload करना अनिवार्य है।
- सरकारी कॉलेज/शिक्षणिक संस्थान– Course Fee तथा संस्थान के Letter Pad पर नोडल पदाधिकारी की विवरणी (ई–मेल तथा मोबाईल नं0 सहित) (ई–कल्याण पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार) Upload करना अनिवार्य है।

(iv) ऐसे कॉलेज/संस्थान जो पूर्व से ई–कल्याण पोर्टल पर निबंधित नहीं है:– College Affilation Certificate, College Registration Certificate, Course Fee, Course Registration Certificate, College/Hostel GeoTag with Co-ordinate तथा संस्थान के Letter Pad पर नोडल पदाधिकारी की विवरणी (ई–मेल तथा मोबाईल नं0 सहित) (ई–कल्याण पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार) दिनांक–10.01.2024 तक Upload करना अनिवार्य है। जिन कॉलेज/संस्थानों को NAAC/NBA से प्रमाण–पत्र प्राप्त है, वे कॉलेज/संस्थान NAAC/NBA से प्राप्त प्रमाण–पत्र भी पोर्टल पर Upload करेंगे।

5. **कॉलेज/संस्थान का दायित्व :–**
(I) संस्थान अपना पूर्ण विवरण सहित मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करेंगें।
नोट:– राज्य के अन्दर स्थित संस्थानों को संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा तथा राज्य से बाहर के संस्थानों को उनके ई–मेल आई0डी0 पर System Generated User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान Course Mapping करते हुए Fee Detail भी Update करेंगे, जो Student application form में दिखलाई देगा, तभी Student Online आवेदन कर सकते हैं।
(II) संस्थान अपने Letter Pad में वर्ष– 2023–24 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate निर्गत करेंगे, जिसमें **निर्गत संख्या एवं दिनांक** अंकित होगा।
(III) संस्थान प्रधान अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययरनत छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए Online आवेदन को https://ekalyan.cgg.gov.in के वेबसाईट पर अपने User Id एवं Password के माध्यम से Login कर Online सत्यापित करेंगे। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान सत्यापन से पूर्व Fee Detail भी Update करेंगे।
(IV) निबंधित संस्थान यदि अपने User Id एवं Password भूल गए हों तो पोर्टल पर दिए गए लिंक से पुनः User Id एवं Password Recover कर सकते हैं।

6. **हेल्प लाईन :–**
सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रकिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई–कल्याण के सम्पर्क संख्या– 1800-599.1289 एवं Whatsapp No.- 9440256299 (Not for Call) पर सम्पर्क कर सकते है, एवं e-mail id- helpdeskekalyan@gmail.com पर e-mail कर सकते है अथवा https://ekalyan.cgg.gov.in वेबसाईट के Complaint link पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

7. **नोट:–**
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाय।
- उपबन्धित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति स्वीकृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र/छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का सभी आवेदन पत्र रदद् कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रदद् कर दिया जायेगा।
- छात्र/छात्रा द्वारा ऑनलाईन आवेदन के पश्चात् पोर्टल पर दिनांक 01.08.2023 के पूर्व निर्गत आय प्रमाण–पत्र अपलोड किया जाता है तो वैसे आवेदन पत्र को रदद् कर दिया जायेगा।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 315306 (Lohardaga) 23-24 (D)


**राजनीति** — कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने लोहरदगा में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# बरगलाने की राजनीति कर रही है भाजपा : तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को लोहरदगा के होटल केतकी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनजाति सुरक्षा मंच और आरएसएस पर आदिवासी समाज को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विगत विगत 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा डीलिस्टिंग रैली असंवैधानिक, भाजपा और आरएसएस द्वारा प्रायोजित थी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली कर इसका जवाब दिया जाएगा।

तिर्की ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस पर कहीं न कहीं भाजपा समर्थित संगठनों ने मौन धारण किया हुआ है। डीलिस्टिंग की मांग करनेवालों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची के कई इलाकों में डेमोग्राफी क्यों बदल रही है। इस पर डीलिस्टिंग को लेकर आयोजित रैली में कोई चर्चा क्यों नहीं हुई। दावा किया कि डीलिस्टिंग की मांग करने वालों में वैसे लोग अधिक हैं, जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी 2024 को होने वाली आदिवासी एकता महारैली कांग्रेस के बैनर तले नहीं बल्कि झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले आयोजित की जाएगी। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि विगत 24 दिसंबर को मोरहाबादी में जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले की गई डिलिस्टिंग महारैली को हम और सभी जनजाति समाज असंवैधानिक मानते हैं। इस महारैली में आदिवासियों के जन मुद्दा, सरना धर्म कोड, तीन लाख से अधिक आदिवासी आरक्षित पदों के बैकलॉग, जनजातीय समाज के जमीन संबंधी मामले, पांचवी अनुसूची, फॉरेस्ट राइट जैसे मामलों पर डिलिस्टिंग रैली में एक शब्द भी नहीं बोला गया। सिर्फ सनातनी आदिवासी, धर्म परिवर्तन, ईसाई और मुस्लिम बने आदिवासियों को आरक्षण का लाभ लेने से वंचित कर देने के लिए जनजातीय लिस्ट से बाहर कर देने की मांग कर आदिवासी समाज के बीच जहर घोलने की बात हुई, जिसका पूरा जनजाति समाज विरोध करता है। कहा कि 24 दिसंबर 2023 की डिलिस्टिंग महारैली जहां जनजातीय समाज को कमजोर करने के लिए थी, उस महारैली में न सरना धर्म की बात हुई और न ही आदिवासियों के हक और अधिकार की। सिर्फ भाजपा और आरएसएस के इशारे पर जनजातीय सुरक्षा मंच के माध्यम से समाज को कमजोर करने की कोशिश की गई।

बंधु तिर्की ने कहा कि 4 फरवरी की महारैली, आदिवासी समाज के जन मुद्दों को लेकर होगी। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद, युथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला बीस सूत्री सदस्य संगीता उरांव, कुडू प्रखंड उपाध्यक्ष मुनीम अंसारी, सेन्हा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी, युवा जिला सचिव सुहैल अख्तर आदि मौजूद रहे।



## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस

# कोहरे से हवाई यातायात प्रभावित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से दो डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बार फिर शनिवार को दिल्ली में कोल्ड डे की भविष्यवाणी की है और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। शहर में हल्का कोहरा भी छाया रहा, जिससे यातायात और रेल यातायात प्रभावित हुआ। पालम में सुबह 5:30 बजे सबसे कम विजिबिलिटी 1000 मीटर और सफदरजंग में सुबह 8 बजे 500 मीटर दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान क्रमशः 9.6 और 8.9 डिग्री सेल्सियस रहा। भारतीय रेलवे के अनुसार, उत्तरी क्षेत्र में कोहरे से संबंधित मुद्दों सहित विभिन्न कारकों के कारण दिल्ली जाने वाली 14 ट्रेनों में देरी हो रही है। दिल्ली आने वाली ट्रेनों में सबसे ज्यादा देरी छह घंटे की है। आईजीआई हवाई अड्डे पर सुबह 8 बजे तक 30 से अधिक उड़ानों में व्यवधान और देरी की सूचना मिली। इस बीच, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में पीएम 2.5 का स्तर 346 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम 10 का स्तर 258 या 'खराब' पर पहुंच गया। शून्य और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 'अच्छा' माना जाता है, 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टी3 टर्मिनल पर भी पीएम 2.5 का स्तर 307 रहा, जो कि 'बहुत खराब' श्रेणी है, जबकि पीएम 10 का स्तर 153 था, जो क्रमशः 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

# जरूरत पड़ी तो अकेले भी उतर सकते हैं चुनाव मैदान में

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका दिल खुला है लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब, वे क्या करेंगे यह उन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। स्थानीय कांग्रेस नेता क्या सोचते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा सिंडिकेट का शॉर्पशूटर दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा सिंडिकेट के एक प्रमुख सदस्य और शॉर्पशूटर को शहर के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसे आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। विशेष सेल के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस अधिकारी ने कहा, उसके कब्जे से .32 बोर की दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा ने प्रदीप को इंस्टाग्राम के माध्यम से भर्ती किया और आगे सिग्नल ऐप पर हरियाणा के करनाल निवासी भानु राणा के माध्यम से उससे जुड़ा और उसे दिल्ली और उसके आसपास आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार किया।


## कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज(पलामू)

E-mail:- np.hariharganj@gmail.com

**।। आम सूचना।।**

नगर पंचायत हरिहरगंज अन्तर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत बैंकों के द्वारा लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराया गया है जिनकी संख्या लगभग 28 है। विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप ऋण प्राप्त लाभुकों को छः दिवसीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक एजेन्सी/ एन० जी०ओ०/प्रशिक्षण प्रदाता संस्था जिसको इस कार्य में अनुभव प्राप्त है वे दिनांक–06.01.2024 तक बंद लिफाफे में या निकाय की E-mail-np. hariharganj @gmail.com पर प्रति लाभुक प्रतिदिन के दर से कार्यालय अवधि में अपना दर जमा कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, हरिहरगंज

PR.NO.315279 District(23-24):D



## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 10/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत गिजनियॉटॉड पम्प हाउस में अधिष्ठापित खराब पड़े 40 HP Vertical Turbine Pump and Motor की मरम्मति लातेहार शहरी जलापूर्ति योजना को ध्यान में रखते हुए की जानी है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म/मैकेनीक (मिस्त्री) से दिनांक 13.01.2024 तक संबंधित स्थल पर लगाये गये पम्प एवं मोटर के स्थल निरीक्षण के उपरान्त पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त पम्प एवं मोटर की मरम्मति करना आवश्यक होगा। साथ ही संबंधित पम्प एवं मोटर की मरम्मति के उपरान्त 15 दिनों तक सही संचालित होने पर कनीय अभियंता नगर पंचायत लातेहार से सही संचालन का प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त ही विपत्र का भुगतान सभी कर की कटैती करते हुए किया जायेगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में संदीप बेदिया, कनीय अभियंता नगर पंचायत लातेहार से ली जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 315270 (Urban Development) 23-24 (D)


# फरवरी से काशी का ज्ञानवापी मुद्दा भी चढ़ सकता है परवान

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के पीछे भले ही साढ़े पांच सौ वर्षों का संघर्ष है लेकिन अब यह चुनावी मुद्दा भी बन गया है। इसका असर अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनाव पर पड़ना तय माना जा रहा है, इसलिए सभी दल किसी न किसी रूप में इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह ज्ञानवापी मुद्दा भी फरवरी से परवान चढ़ सकता है। ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सील बंद सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने के मामले में जिला अदालत से शनिवार को आदेश आ गया है। इन मुद्दों से जिस तरह से जनभावना जुड़ा है उसे देखते हुए सर्वे रिपोर्ट के असर से भी लोस चुनाव को अलग नहीं रखा जा सकता। शनिवार को वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार कर लिया। जिसमें एएसआई टीम ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील की थी। क्योंकि रिपोर्ट की कापी तैयार होने में चार सप्ताह का समय लगेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की कापी की मांग हिंदू व मुस्लिम पक्ष दोनों ने ही की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी, फिर ईमेल आईडी देकर रिपोर्ट मांगी है। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता महिला पुष्पा देवी उम्र–19 वर्ष)



नगरउंटारी थाना सनहा सं0–15/23 दिनांक–29.12.2023 में लापता महिला पुष्पा देवी उम्र–19 वर्ष, पति–प्रमोद राम, ग्राम–धमनी, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली है। उक्त लापता महिला के पिता राजेन्द्र राम चन्द्रवंशी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरी पुत्री दिनांक–25.12.2023 को समय करीब 05:00 बजे सुबह शौच हेतु बोलकर घर से निकला परन्तु घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता महिला का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला पुष्पा देवी के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–
नाम–पुष्पा देवी, रंग–गोरी, उंचाई–05 फिट, चेहरा–गोल, पहनावा–आसमानी साडी एवं गले में सोने का लॉकेट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 315315 Police (23-24)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता व्यक्ति मुकेश कुमार, उम्र–21 वर्ष)



नगरउंटारी थाना सनहा सं0–12/2023 दिनांक–26.12.2023 में लापता मुकेश कुमार उम्र–21 वर्ष, पिता–सरयु राम, सा0–जंगीपुर थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहेने वाले हैं। उक्त लापता व्यक्ति के पिता–सरयु राम के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरा पुत्र दिनांक–25.12.2023 को सुबह करीब 04:00 अपने घर से बिना किसी को बताये कहीं चला गया जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता व्यक्ति का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति मुकेश कुमार के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–
नाम–मुकेश कुमार, रंग–गोरा, उंचाई–05 फिट 03 इंच, पहनावा–काला जिंस एवं हल्का हरा रंग का शर्ट, एवं काला जैकेट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 315313 Police (23-24)_D


## कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, गुमला

**(खास-सूचना)**

एतद् इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संबंधित वाहनों के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपके वाहन का निम्नअंकित अवधि का जमा की गई टैक्स की राशि में से तत्कालीन ई–पेमेंट गेटवे साफ्टवेयर में आयी तकनीकि खामियों के कारण अर्थदण्ड प्रदर्श नही हो पाया, जिसके कारण अर्थदण्ड का भुगतान आपके द्वारा नही किया गया है। अन्तर राशि की वसूली हेतु महालेखाकार अंकेक्षण दल के द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है। अतः संबंधित वाहनों के वाहन स्वामी अपने निम्नअंकित अवधि का पथकर में परिलक्षित अर्थदण्ड की राशि जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में जमा करना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा अंतर राशि की वसूली हेतु लोक मांग वसूली (पब्लिक डिमांड रिकवरी) अधिनियम के तहत् वसूली व अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

Audit Para No. 1 (Non/Short levy of penalty on transport Vehicles)

| Sl N0 | Registration No. | Registration Date | Vehicle Class | Tax From | Tax Upto | Fine_short or Payable Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH07B2190 | 9/21/2005 | Goods Carrier | 5/21/2022 | 5/20/2023 | 5200 |
| 2 | JH07B8150 | 5/11/2007 | Goods Carrier | 5/11/2022 | 5/10/2023 | 3200 |
| 3 | JH07C1153 | 3/19/2008 | Goods Carrier | 6/19/2022 | 6/18/2023 | 1400 |
| 4 | JH07C1154 | 3/19/2008 | Goods Carrier | 6/19/2022 | 6/18/2023 | 2200 |
| 5 | JH07C1696 | 6/7/2008 | Goods Carrier | 9/7/2021 | 12/6/2021 | 2400 |
| 6 | JH07C6862 | 3/30/2010 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 6/29/2023 | 1700 |
| 7 | JH07C6863 | 3/30/2010 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 6/29/2023 | 1100 |
| 8 | JH07C7033 | 4/12/2010 | Goods Carrier | 10/12/2021 | 1/11/2022 | 1700 |
| 9 | JH07C8451 | 9/17/2010 | Goods Carrier | 9/17/2021 | 12/16/2021 | 10000 |
| 10 | JH07C9153 | 11/23/2010 | Goods Carrier | 5/23/2021 | 5/22/2023 | 12000 |
| 11 | JH07C9155 | 11/23/2010 | Goods Carrier | 5/23/2022 | 5/22/2023 | 2800 |
| 12 | JH07D2533 | 10/24/2011 | Goods Carrier | 1/24/2022 | 4/23/2022 | 850 |
| 13 | JH07D3358 | 1/5/2012 | Goods Carrier | 4/5/2022 | 4/4/2023 | 3000 |
| 14 | JH07D3359 | 1/5/2012 | Goods Carrier | 4/5/2022 | 4/4/2023 | 3000 |
| 15 | JH07D4313 | 4/2/2012 | Goods Carrier | 7/2/2022 | 10/1/2022 | 3600 |
| 16 | JH07D4886 | 5/24/2012 | Goods Carrier | 8/24/2022 | 8/23/2023 | 450 |
| 17 | JH07D9415 | 11/11/2005 | Goods Carrier | 6/1/2022 | 8/31/2022 | 1250 |
| 18 | JH07E8101 | 10/7/2013 | Goods Carrier | 4/7/2022 | 7/6/2022 | 400 |
| 19 | JH07E8547 | 6/6/2014 | Goods Carrier | 9/6/2021 | 12/5/2021 | 1000 |
| 20 | JH07F0743 | 5/22/2008 | Goods Carrier | 4/1/2022 | 6/30/2022 | 850 |
| 21 | JH07F2907 | 6/4/2016 | Goods Carrier | 8/20/2022 | 11/19/2022 | 1250 |
| 22 | JH07F6788 | 8/26/2011 | Goods Carrier | 8/7/2021 | 11/6/2022 | 49600 |
| 23 | JH07F8425 | 4/21/2005 | Goods Carrier | 11/16/2022 | 2/15/2023 | 850 |
| 24 | JH07F8756 | 11/7/2005 | Goods Carrier | 11/1/2021 | 1/31/2022 | 850 |
| 25 | JH07F9931 | 4/17/2013 | Goods Carrier | 3/1/2021 | 2/28/2022 | 40000 |
| 26 | JH07G1920 | 12/16/2016 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 1550 |
| 27 | JH07G2647 | 6/9/2017 | Articulated Vehicle | 8/18/2022 | 11/17/2022 | 1100 |
| 28 | JH07G3176 | 12/16/2016 | Goods Carrier | 8/23/2022 | 11/22/2022 | 1250 |
| 29 | JH07G3396 | 4/27/2017 | Goods Carrier | 12/7/2021 | 3/6/2022 | 3200 |
| 30 | JH07G3510 | 5/2/2017 | Goods Carrier | 10/17/2021 | 1/16/2022 | 1250 |
| 31 | JH07G7517 | 5/29/2017 | Goods Carrier | 11/17/2021 | 2/16/2022 | 750 |
| 32 | JH07H3174 | 8/29/2018 | Goods Carrier | 11/24/2021 | 11/23/2022 | 6300 |
| 33 | JH07H4264 | 1/22/2005 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 1900 |
| 34 | JH07H6268 | 3/15/2018 | Goods Carrier | 6/8/2022 | 9/7/2022 | 1250 |
| 35 | JH07H6638 | 6/17/2006 | Goods Carrier | 1/1/2022 | 3/31/2022 | 950 |
| 36 | JH07J0285 | 5/16/2019 | Goods Carrier | 2/7/2022 | 5/6/2022 | 2500 |
| 37 | JH07J0414 | 5/31/2019 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 5000 |
| 38 | JH07J1110 | 9/12/2019 | Goods Carrier | 9/22/2020 | 9/21/2022 | 24000 |
| 39 | JH07J2330 | 5/27/2019 | Goods Carrier | 10/14/2022 | 1/13/2023 | 1700 |
| 40 | JH07J3681 | 9/13/2019 | Goods Carrier | 7/20/2022 | 7/19/2023 | 500 |
| 41 | JH07J5658 | 5/16/2019 | Goods Carrier | 2/7/2022 | 5/6/2022 | 2500 |
| 42 | JH07J7637 | 9/13/2019 | Goods Carrier | 7/20/2022 | 7/19/2023 | 500 |
| 43 | JH07K0739 | 2/15/2018 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 44 | JH07K1478 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 45 | JH07K4482 | 4/6/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 5/27/2022 | 1900 |
| 46 | JH07K4889 | 7/2/2015 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 3500 |
| 47 | JH07K5536 | 7/2/2015 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 3500 |
| 48 | JH07K5553 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 49 | JH07K5671 | 6/13/2005 | Goods Carrier | 11/29/2021 | 2/27/2022 | 1700 |
| 50 | JH07K5778 | 5/9/2022 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 500 |
| 51 | JH07K6341 | 4/6/2022 | Goods Carrier | 3/16/2022 | 6/15/2022 | 850 |
| 52 | JH07K6651 | 8/28/2012 | Goods Carrier | 3/30/2022 | 6/29/2022 | 1550 |
| 53 | JH07K6983 | 2/22/2022 | Goods Carrier | 1/30/2022 | 4/29/2022 | 850 |
| 54 | JH07K7925 | 4/4/2005 | Goods Carrier | 3/16/2022 | 6/15/2022 | 1700 |
| 55 | JH07K8224 | 4/19/2022 | Goods Carrier | 3/31/2022 | 6/29/2022 | 850 |
| 56 | JH07K9205 | 11/16/2021 | Goods Carrier | 10/13/2021 | 1/12/2022 | 1700 |
| 57 | JH07K9498 | 9/27/2021 | Goods Carrier | 8/31/2021 | 11/29/2021 | 850 |
| 58 | JH07L0256 | 10/13/2016 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 2300 |
| 59 | JH07L0551 | 2/7/2017 | Goods Carrier | 2/19/2022 | 8/18/2022 | 4800 |
| 60 | JH07L0869 | 4/26/2018 | Goods Carrier | 12/5/2022 | 3/4/2023 | 3600 |
| 61 | JH07L0875 | 11/17/2016 | Goods Carrier | 9/8/2022 | 12/7/2022 | 400 |
| 62 | JH07L0905 | 9/17/2015 | Goods Carrier | 2/26/2023 | 5/25/2023 | 3600 |
| 63 | JH07L0928 | 7/15/2016 | Goods Carrier | 9/16/2022 | 12/15/2022 | 3500 |
| 64 | JH07L0956 | 12/10/2008 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 850 |
| 65 | JH07L1205 | 9/23/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 1400 |
| 66 | JH07L1226 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 12/19/2022 | 3/18/2023 | 1400 |
| 67 | JH07L1311 | 8/5/2018 | Goods Carrier | 4/7/2022 | 1/6/2023 | 16150 |
| 68 | JH07L1925 | 8/16/2022 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 10/20/2022 | 400 |
| 69 | JH07L2269 | 7/26/2014 | Goods Carrier | 9/14/2022 | 12/13/2022 | 3600 |
| 70 | JH07L2368 | 11/30/2022 | Goods Carrier | 10/30/2022 | 1/29/2023 | 1700 |
| 71 | JH07L2553 | 12/26/2022 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 1700 |
| 72 | JH07L2983 | 9/25/2017 | Goods Carrier | 2/19/2022 | 8/18/2022 | 20700 |
| 73 | JH07L3097 | 4/18/2018 | Goods Carrier | 6/2/2022 | 9/1/2022 | 1400 |
| 74 | JH07L3177 | 9/22/2022 | Goods Carrier | 7/31/2022 | 10/30/2022 | 1700 |
| 75 | JH07L3233 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 76 | JH07L3291 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 9/14/2022 | 12/13/2022 | 3600 |
| 77 | JH07L3308 | 2/18/2016 | Goods Carrier | 6/17/2022 | 9/16/2022 | 850 |
| 78 | JH07L3398 | 9/14/2016 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1750 |
| 79 | JH07L3611 | 7/18/2016 | Goods Carrier | 1/6/2022 | 7/5/2022 | 16800 |
| 80 | JH07L3872 | 7/23/2014 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 1/20/2023 | 18400 |
| 81 | JH07L3974 | 3/24/2017 | Goods Carrier | 3/29/2022 | 12/28/2022 | 25200 |
| 82 | JH07L4057 | 1/13/2005 | Goods Carrier | 6/7/2022 | 9/6/2022 | 950 |
| 83 | JH07L4272 | 8/26/2016 | Goods Carrier | 2/11/2022 | 8/10/2022 | 27600 |
| 84 | JH07L4320 | 6/23/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 8/27/2022 | 7650 |
| 85 | JH07L4654 | 6/1/2010 | Goods Carrier | 5/21/2022 | 2/20/2023 | 25200 |
| 86 | JH07L4683 | 8/22/2022 | Goods Carrier | 7/30/2022 | 10/29/2022 | 850 |
| 87 | JH07L4770 | 7/18/2014 | Goods Carrier | 3/24/2022 | 9/23/2022 | 16200 |
| 88 | JH07L4896 | 3/2/2017 | Goods Carrier | 11/14/2022 | 2/13/2023 | 1450 |
| 89 | JH07L5049 | 1/3/2023 | Goods Carrier | 11/30/2022 | 2/27/2023 | 1800 |
| 90 | JH07L5089 | 8/28/2015 | Goods Carrier | 7/21/2022 | 1/20/2023 | 15750 |
| 91 | JH07L5166 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 92 | JH07L5198 | 1/10/2023 | Goods Carrier | 11/30/2022 | 2/27/2023 | 900 |
| 93 | JH07L5217 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 4/29/2023 | 9500 |
| 94 | JH07L5330 | 12/20/2016 | Goods Carrier | 8/30/2022 | 11/29/2022 | 1000 |
| 95 | JH07L5354 | 10/9/2018 | Goods Carrier | 9/13/2022 | 12/12/2022 | 8800 |
| 96 | JH07L5461 | 8/12/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 97 | JH07L5870 | 6/15/2022 | Goods Carrier | 3/31/2022 | 6/29/2022 | 3400 |
| 98 | JH07L5936 | 9/12/2016 | Goods Carrier | 4/21/2022 | 7/20/2022 | 5600 |
| 99 | JH07L6095 | 4/8/2010 | Goods Carrier | 3/8/2023 | 6/7/2023 | 1400 |
| 100 | JH07L6585 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 1/21/2023 | 4/20/2023 | 1750 |
| 101 | JH07L6642 | 10/19/2022 | Goods Carrier | 9/17/2022 | 9/16/2023 | 500 |
| 102 | JH07L6900 | 6/27/2017 | Goods Carrier | 8/9/2022 | 2/8/2023 | 20700 |
| 103 | JH07L7556 | 9/15/2016 | Goods Carrier | 8/12/2022 | 11/11/2022 | 1450 |
| 104 | JH07L7680 | 3/6/2017 | Goods Carrier | 1/21/2023 | 4/20/2023 | 2300 |
| 105 | JH07L7727 | 2/22/2023 | Goods Carrier | 12/31/2022 | 3/30/2023 | 500 |
| 106 | JH07L7820 | 7/26/2022 | Goods Carrier | 6/9/2022 | 9/8/2022 | 1200 |
| 107 | JH07L8390 | 11/2/2016 | Goods Carrier | 11/24/2022 | 2/23/2023 | 3600 |
| 108 | JH07L8706 | 3/21/2019 | Goods Carrier | 1/12/2023 | 4/11/2023 | 2100 |
| 109 | JH07L8747 | 2/23/2017 | Goods Carrier | 12/16/2022 | 3/15/2023 | 3600 |
| 110 | JH07L8911 | 4/9/2015 | Goods Carrier | 7/24/2021 | 1/23/2023 | 51250 |
| 111 | JH07L9006 | 7/22/2015 | Goods Carrier | 12/16/2022 | 3/15/2023 | 1900 |
| 112 | JH07L9227 | 9/20/2016 | Goods Carrier | 8/3/2022 | 2/2/2023 | 14500 |
| 113 | JH07L9248 | 4/15/2013 | Goods Carrier | 7/19/2022 | 4/18/2023 | 23800 |
| 114 | JH07L9472 | 10/18/2018 | Goods Carrier | 12/28/2021 | 9/27/2022 | 22400 |
| 115 | JH07L9529 | 11/7/2022 | Goods Carrier | 7/31/2022 | 1/30/2023 | 6800 |
| 116 | JH07L9650 | 11/22/2018 | Goods Carrier | 11/23/2022 | 2/22/2023 | 1400 |
| 117 | JH07L9871 | 2/28/2023 | Goods Carrier | 2/9/2023 | 5/8/2023 | 450 |
| 118 | OR14S8545 | 8/5/2008 | Goods Carrier | 12/30/2021 | 3/29/2022 | 1700 |
| 119 | JH07A1094 | 11/3/2001 | Bus | 8/3/2022 | 8/2/2023 | 2072 |
| 120 | JH07A2636 | 7/18/2002 | Bus | 5/18/2022 | 5/17/2023 | 8250 |
| 121 | JH07A2637 | 7/18/2002 | Bus | 7/18/2022 | 7/17/2023 | 2063 |
| 122 | JH07B4070 | 3/10/2006 | Bus | 3/10/2019 | 9/9/2022 | 153576 |
| 123 | JH07C0530 | 1/10/2008 | Bus | 1/10/2022 | 4/9/2022 | 1066 |
| 124 | JH07C4083 | 5/18/2009 | Bus | 11/18/2019 | 11/17/2022 | 139436 |
| 125 | JH07C7745 | 6/17/2010 | Bus | 7/17/2022 | 7/16/2023 | 4144 |
| 126 | JH07C9127 | 11/19/2010 | Bus | 10/26/2021 | 1/25/2022 | 1999 |
| 127 | JH07D8359 | 3/30/2013 | Bus | 12/6/2021 | 3/5/2022 | 2072 |
| 128 | JH07D8360 | 3/30/2013 | Bus | 9/7/2022 | 12/6/2022 | 2072 |
| 129 | JH07D9085 | 4/19/2005 | Bus | 3/9/2021 | 9/8/2022 | 91168 |
| 130 | JH07D9475 | 6/21/2013 | Bus | 1/12/2021 | 10/11/2022 | 67813 |
| 131 | JH07E0870 | 7/28/2014 | Bus | 10/28/2021 | 1/27/2022 | 1950 |
| 132 | JH07G0155 | 11/9/2017 | Bus | 3/21/2020 | 9/20/2022 | 204795 |
| 133 | JH07G8406 | 11/9/2017 | Bus | 9/21/2020 | 9/20/2022 | 160515 |
| 134 | JH07H2432 | 3/5/2015 | Bus | 3/10/2019 | 9/9/2022 | 175500 |
| 135 | JH07H2740 | 10/15/2018 | Bus | 11/22/2020 | 8/21/2022 | 138580 |
| 136 | JH07H4700 | 3/5/2015 | Bus | 1/12/2021 | 10/11/2022 | 81250 |
| 137 | JH07H7598 | 5/16/2018 | Bus | 5/14/2019 | 11/13/2022 | 136500 |
| 138 | JH07H7755 | 8/22/2014 | Bus | 5/13/2021 | 11/12/2022 | 81250 |
| 139 | JH07H9291 | 8/22/2014 | Bus | 10/28/2020 | 10/27/2022 | 115781 |
| 140 | JH07H9910 | 4/19/2018 | Bus | 10/19/2020 | 10/18/2022 | 81047 |
| 141 | JH07J3231 | 7/16/2019 | Bus | 10/18/2022 | 1/17/2023 | 2665 |
| 142 | JH07K0503 | 7/18/2019 | Bus | 3/2/2022 | 6/1/2022 | 4125 |
| 143 | JH07K1309 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 144 | JH07K5909 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 145 | JH07K6745 | 10/27/2017 | Bus | 2/4/2021 | 2/3/2022 | 39613 |
| 146 | JH07K7704 | 5/21/2017 | Bus | 4/9/2021 | 10/8/2021 | 30750 |
| 147 | JH07K8357 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 148 | JH07K8532 | 10/22/2021 | Bus | 9/28/2021 | 9/27/2022 | 1356 |
| 149 | JH07K9725 | 5/16/2017 | Bus | 3/14/2022 | 6/13/2022 | 4203 |
| 150 | JH07L4213 | 12/6/2022 | Bus | 10/28/2022 | 1/27/2023 | 3998 |
| 151 | JH07L4471 | 2/27/2019 | Bus | 8/12/2022 | 11/11/2022 | 2072 |
| 152 | JH07L4591 | 2/1/2018 | Bus | 3/2/2022 | 9/1/2022 | 4219 |
| 153 | JH07L5500 | 7/21/2022 | Bus | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 2031 |
| 154 | JH07L6182 | 9/16/2015 | Bus | 12/9/2022 | 3/8/2023 | 2438 |
| 155 | JH07L8164 | 3/27/2017 | Bus | 12/9/2022 | 3/8/2023 | 1666 |
| 156 | JH07L9626 | 2/23/2017 | Bus | 7/21/2022 | 10/20/2022 | 4125 |
| 157 | JH07J6346 | 7/6/2019 | Goods Carrier | 12/9/2021 | 3/8/2022 | 11200 |
| 158 | JH07L8972 | 10/10/2018 | Goods Carrier | 9/1/2022 | 11/30/2022 | 8800 |
| 159 | JH07K2942 | 1/19/2022 | Goods Carrier | 11/30/2021 | 2/27/2022 | 1700 |
| 160 | JH07K3219 | 2/8/2022 | Goods Carrier | 1/17/2022 | 4/16/2022 | 850 |
| 161 | JH07K7052 | 3/26/2022 | Goods Carrier | 2/28/2022 | 5/27/2022 | 850 |
| 162 | JH07K7422 | 1/28/2022 | Goods Carrier | 12/16/2021 | 3/15/2022 | 1700 |
| 163 | JH07K7560 | 4/17/2017 | Goods Carrier | 1/24/2022 | 4/23/2022 | 4200 |
| 164 | JH07K7798 | 3/30/2022 | Goods Carrier | 1/20/2022 | 4/19/2022 | 1600 |
| 165 | JH07K9858 | 4/17/2017 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 166 | JH07L0311 | 11/12/2022 | Goods Carrier | 10/26/2022 | 1/25/2023 | 850 |
| 167 | JH07L0660 | 3/23/2017 | Goods Carrier | 7/5/2022 | 1/4/2023 | 14000 |
| 168 | JH07L2023 | 3/14/2017 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1750 |
| 169 | JH07L2143 | 10/20/2016 | Goods Carrier | 10/26/2022 | 1/25/2023 | 2300 |
| 170 | JH07L2160 | 2/15/2023 | Goods Carrier | 1/30/2023 | 4/29/2023 | 900 |
| 171 | JH07L2843 | 11/28/2022 | Goods Carrier | 10/15/2022 | 1/14/2023 | 1700 |
| 172 | JH07L3271 | 3/28/2017 | Goods Carrier | 2/3/2023 | 5/2/2023 | 4600 |
| 173 | JH07L3329 | 10/20/2016 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 2300 |
| 174 | JH07L3817 | 10/14/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 2750 |
| 175 | JH07L4164 | 11/23/2011 | Goods Carrier | 12/7/2022 | 3/6/2023 | 4600 |
| 176 | JH07L4525 | 10/12/2022 | Goods Carrier | 9/17/2022 | 12/16/2022 | 850 |
| 177 | JH07L4602 | 11/7/2022 | Goods Carrier | 9/30/2022 | 12/29/2022 | 1700 |
| 178 | JH07L5010 | 12/9/2013 | Goods Carrier | 12/22/2022 | 3/21/2023 | 1800 |
| 179 | JH07L5286 | 5/29/2018 | Goods Carrier | 11/25/2021 | 8/24/2022 | 31450 |
| 180 | JH07L5639 | 3/22/2017 | Goods Carrier | 8/25/2022 | 11/24/2022 | 1450 |
| 181 | JH07L5942 | 3/26/2019 | Goods Carrier | 10/12/2022 | 1/11/2023 | 2100 |
| 182 | JH07L6038 | 11/28/2022 | Goods Carrier | 10/31/2022 | 1/30/2023 | 850 |
| 183 | JH07L6676 | 11/2/2022 | Goods Carrier | 9/30/2022 | 12/29/2022 | 1700 |
| 184 | JH07L7020 | 12/6/2022 | Goods Carrier | 11/16/2022 | 2/15/2023 | 850 |
| 185 | JH07L7126 | 9/14/2016 | Goods Carrier | 11/4/2022 | 2/3/2023 | 1800 |
| 186 | JH07L7595 | 1/22/2019 | Goods Carrier | 12/19/2022 | 3/18/2023 | 2750 |
| 187 | JH07L8156 | 8/10/2022 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 9/29/2022 | 1700 |
| 188 | JH07L8725 | 1/27/2023 | Goods Carrier | 1/5/2023 | 4/4/2023 | 900 |
| 189 | JH07L9216 | 12/12/2016 | Goods Carrier | 11/17/2022 | 2/16/2023 | 2750 |
| 190 | JH07L9239 | 11/29/2018 | Goods Carrier | 6/8/2022 | 12/7/2022 | 25200 |
| 191 | JH07L9315 | 11/15/2018 | Goods Carrier | 9/13/2022 | 12/12/2022 | 2400 |
| 192 | JH07L9657 | 9/24/2018 | Goods Carrier | 7/29/2022 | 1/28/2023 | 6800 |
| 193 | JH07L2046 | 10/9/2014 | Bus | 8/6/2022 | 11/5/2022 | 719 |
| 194 | JH07L0605 | 4/28/2016 | Goods Carrier | 11/3/2022 | 2/2/2023 | 2300 |
| 195 | JH07K1920 | 9/22/2016 | Goods Carrier | 2/17/2022 | 5/16/2022 | 1750 |
| 196 | JH07L2563 | 8/18/2018 | Goods Carrier | 6/30/2022 | 12/29/2022 | 21000 |
| 197 | JH07L6312 | 11/22/2016 | Goods Carrier | 2/22/2022 | 8/21/2022 | 16650 |
| 198 | JH07L9219 | 3/20/2019 | Goods Carrier | 1/12/2023 | 4/11/2023 | 2100 |
| 199 | JH07L9241 | 8/29/2019 | Bus | 6/11/2021 | 9/10/2022 | 48348 |
| 200 | JH07K2185 | 2/15/2018 | Goods Carrier | 1/21/2022 | 4/20/2022 | 4200 |
| 201 | JH07D4313 | 4/2/2012 | Goods Carrier | 4/2/2022 | 7/1/2022 | 1800 |
| 202 | JH07D9415 | 11/11/2005 | Goods Carrier | 12/1/2021 | 2/28/2022 | 1250 |
| 203 | JH07G2647 | 6/9/2017 | Articulated Vehicle | 8/18/2021 | 11/17/2021 | 2200 |
| 204 | JH07J0414 | 5/31/2019 | Goods Carrier | 8/17/2021 | 11/16/2021 | 10000 |
| 205 | JH07J3231 | 7/16/2019 | Bus | 4/18/2020 | 10/17/2022 | 194545 |
| Total: | | | | | | 2888040 |

PR 315285 Transport (23-24)_D

जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला

## एक नजर इधर भी

# ब्यूरोक्रेसी को मोटिवेट करता मोदी का संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में देशभर के डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान तीन दिन की जयपुर यात्रा के पहले दिन राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधायकों-संगठन पदाधिकारियों के बीच जिस तरह से डबल इंजन की सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया, वहीं ब्यूरोक्रेसी और तबादलों को लेकर जो संदेश दिया है वह ना केवल समसामयिक है अपितु देश की ब्यूरोक्रेसी के लिए भी उत्साहवर्द्धक है। दरअसल सरकार बदलते ही पूर्व सरकार से जुड़े ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर आरंभ हो जाता है और ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की निष्ठा और प्रतिबद्धता पर प्रश्न उठाये जाने लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर साफ संदेश दिया है कि ब्यूरोक्रेसी कभी भी किसी पार्टी की नहीं होती। ब्यूरोक्रेसी हमेशा सरकार की मंशा और मेंडेट के अनुसार काम करती है। जो सरकार होती है और उसकी जो रीति-नीति होती है उसको धरातल पर अमलीजामा पहुंचाने की जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेसी की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में बड़ी बात कही कि ब्यूरोक्रेसी जिस पार्टी की सरकार होगी, उसके अनुरूप ही काम करती है। इस संदेश में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री ने एक तरह से देश और प्रदेशों की ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास जताने के साथ ही उत्साहवर्द्धन भी किया है। दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरूप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते हैं या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी आ जाते हैं और कुछ लोगों को उनका इस तरह से आगे आना या आगे रहना सुहाता नहीं है। बदलाव के समय इन्हें कुछ समय के लिए खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। इसीलिए आज के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश खास अहमियत रखता है। वैसे भी जब सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री विश्वासनीय और रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी को लेकर अपनी टीम बनाते हैं। सरकार बदलने पर कुछ समय के लिए यह अधिकारी अवश्य नजरों में रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तबादला डिजायरों से भी दूर रहने की सलाह दी है और इसके लिए भैरो सिंह के समय का उदाहरण भी दिया है। मुझे अच्छी तरह ध्यान है कि उस समय जब अत्यधिक दबाव पड़ने लगा तो तत्कालीन सहकारिता मंत्री सुजान सिंह यादव का साफ कहना था कि यदि अधिकारी की शिकायत है तो वे जनप्रतिनिधि की शिकायत पर उस पद से हटाने में कोई देरी नहीं करेंगे पर जहां तक उस पद पर किसी को लगाने की बात है तो उन्होंने साफ कहा कि सरकार वहां अपनी सोच और समझ के अनुसार अधिकारी लगायेगी। यानी डिजायर आप अधिकारी को हटाने की तो कर सकते हैं पर अपनी पसंद के अधिकारी को लगाने की नहीं। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जायेंगे। दरअसल गंभीरता से देखा जाए तो यह तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेश देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानी नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। प्राचीन मिस्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था।

■ **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# दिव्य कला मेला : दिव्यांग उद्यमियों के सामर्थ्य को सशक्त करता मंच


डॉ.वीरेंद्र कुमार

**एक** सशक्त और विकसित राष्ट्र की जब हम संकल्पना करते हैं तो उसमें हर व्यक्ति के सहयोग और श्रम को हम महत्वपूर्ण मानते हैं। राष्ट्र का निर्माण व्यक्तियों के समुच्चय से होता है, तो जाहिर है इसे सशक्त बनाने में सबका सहयोग भी जरूरी है। लेकिन अगर देश का कोई भी एक वर्ग इसमें किसी कारण सहयोग न दे पाये तो एक सशक्त राष्ट्र की संकल्पना अधूरी सी लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस गूढ़ बात को समझा और जाना भी। सशक्त, आत्मनिर्भर राष्ट्र के अपने दृष्टिकोण (विजन) में पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग को जोड़ने की बात की और इसी दिशा में उन्होंने देश के 2.68 करोड़ दिव्यांगजनों को आर्थिक, सामाजिक, वैचारिक रूप से समर्थ करने की बात कही। जिसमें केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक कई सारी योजनाओं का निर्माण और कार्यान्वयन मुख्य रहा। पीएम मोदी के दिव्यांगजनों को सशक्त करने के इस विजन को लेकर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस विभाग ने अनेक योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन पथ पर कदम बढ़ाया है। उनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है दिव्य कला मेला **दिव्य कला मेला:** सृजन, समर्थन और रोजगार का सर्वोत्तम प्लेटफॉर्म- दिव्य कला मेला एक ऐसी पहल है जो दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को उनकी कला और उद्यम का प्रदर्शन करने का एक नया मंच प्रदान करता है। इस मेले का आयोजन नई दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों जैसे वाराणसी, भोपाल, मुंबई, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, सिंकदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पटना शहरों में हुआ है। भविष्य में सूरत, अहमदाबाद, शिमला, अगरतला, नागपुर शहरों में भी इसका आयोजन किया जायेगा। दिव्य कला मेले में 100 से ज्यादा स्टॉल्स लगा जाते हैं, जिनमें हस्तशिल्प, हथकरघा, एम्ब्रोएडरी के काम और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ आदि के स्टॉल्स शामिल हैं। इस मेले के अंतर्गत दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों द्वारा गृह सजावट, जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी, पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन, जैविक उत्पाद, खिलौने, उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण, आभूषण, बैग्स, पेंटिंग्स, आदि से संबंधित स्टॉल्स लगाकर अपने उत्पादों को बढ़ावा देने का एक अद्वितीय अवसर पाया। दिव्य कला मेले में देशभर के तमाम तरह के व्यंजनों का आनंद लोग ले सकें, उनके बारे में जान सकें, इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रमुख खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल्स भी लगाये जाते हैं, जो लोगों द्वारा बेहद पसंद भी किये जाते हैं। दिव्य कला मेले में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां लोगों को दी जाती हैं। रोजगार के अवसर का सृजन करता दिव्य कला मेला- दिव्य कला मेले के तहत उद्यमियों और कारीगरों को अपनी उद्यमशीलता दिखाने का अवसर प्रदान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ मेले में लगाये जा रहे जॉब फेयर के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार द्वारा रोजगार के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं से अवगत भी कराया जा रहा है। नई दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, वाराणसी, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना में लगाये गये दिव्य कला मेले के तहत जॉब फेयर में कुल 917 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और रजिस्ट्रेशन कराये जिसमें 272 लोगों को इसमे से शॉर्ट लिस्टेड कर 91 लोगों को सेलेक्ट किया गया। एक मेला अनेक सुविधाएं- लोन की सुविधा- दिव्य कला मेले में NDFDC के तहत लगाये जाने वाले स्वालंबन केंद्र के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को लोन की सुविधा भी दी जाती है, जिसका लाभ बहुत सारे दिव्यांग बंधु उठा रहे हैं। एनडीएफडीसी के तहत चेन्नई से सबसे ज्यादा 2 करोड़ 25 लाख रुपए का लोन पारित एवं वितरित किया गया। वहीं वाराणसी में आयोजित दिव्य कला मेला में 1 करोड़ 30 लाख, जयपुर में 1 करोड़, हैदराबाद में 80 लाख रुपए का लोन पारित एवं वितरित किया गया। लाखों लोगों की पसंद दिव्य कला मेला- नव साहसी दिव्यांगजन उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित दिव्य कला मेला को दिव्यांग व्यक्तियों के साथ- साथ समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। दिव्य कला मेले को मिल रहे अपार जनसमर्थन का सबूत है दिल्ली में लगे मेले में 1 लाख लोगों की उपस्थिति, वहीं मुंबई में आयोजित इस मेले में 55 हजार के करीब लोग आये। भोपाल, वाराणसी, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना आदि में भी हजारों लोग मेले में शामिल हुए। मेले का स्वागत और समर्थन- देश भर में आयोजित होने वाले दिव्य कला मेला सिर्फ दिव्यांगजनों के साथ साथ आम जन द्वारा भी बेहद सराहा और पसंद किया जा रहा है। दिव्य कला मेले में लाखों की संख्या में दिव्यांग और आमजन पहुंचते हैं। दिव्य कला मेले को लेकर लोगों का यह कहना है कि सरकार की तरफ से यह एक बहुत शानदार पहल है इससे न सिर्फ दिव्यांगजनों की उद्यमिता का प्रदर्शन होता है बल्कि वोकल फॉर लोकल के थीम को भी बढ़ावा मिलता है।

**दिव्य कला मेले में देशभर के तमाम तरह के व्यंजनों का आनंद लोग ले सकें, उनके बारे में जान सकें, इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रमुख खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल्स भी लगाये जाते हैं, जो लोगों द्वारा बेहद पसंद भी किये जाते हैं। दिव्य कला मेले में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां लोगों को दी जाती हैं। रोजगार के अवसर का सृजन करता दिव्य कला मेला- दिव्य कला मेले के तहत उद्यमियों और कारीगरों को अपनी उद्यमशीलता दिखाने का अवसर प्रदान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ मेले में लगाये जा रहे जॉब फेयर के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार द्वारा रोजगार के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं से अवगत भी कराया जा रहा है। नई दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, वाराणसी, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना में लगाये गये दिव्य कला मेले के तहत जॉब फेयर में कुल 917 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और रजिस्ट्रेशन कराये जिसमें 272 लोगों को इसमे से शॉर्ट लिस्टेड कर 91 लोगों को सेलेक्ट किया गया।**

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री हैं)**

# भगवान पार्श्व है पुरुषार्थ एवं जीवंत धर्म की प्रेरणा

**भगवान** पार्श्वनाथ ने सत्य की तलाश में राज-वैभव को त्याग संसार में संन्यस्त हुए। उन्होंने कठिन तप तपा, वीतरागता तक पहुंचकर अपने जीये गये सच को भाषा दी। जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्ड युक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। उनके धर्म का शाश्वत सन्देश यही है कि स्वयं के द्वारा स्वयं को खोजें। भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है। उनके पिता का नाम अश्वसेन और माता का नाम वामादेवी था। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने। बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाठ में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले-'ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो।' उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है। महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा-तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी। बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण। जीवन स्वयं एक तपस्या है।

**भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है।**

■ **ललित गर्ग**

## है न विचित्र बात !

# श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय

**संशय** का महत्व है। संशयी प्रत्यक्ष पर पूरा विश्वास नहीं करता। वह तर्क करता है। विश्वासी से संशयी बड़ा है। विश्वासी तृप्त है और संशयी बेचैन, अतृप्त। भारतीय जीवनशैली में अंधविश्वास को कोई जगह नहीं मिला। लेकिन विश्वासी और संशयी से भी बड़ा जीवन मूल्य है श्रद्धा। श्रद्धा और विश्वास में अंतर है। अस्तित्व के प्रति प्रेम का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा साधारण प्रीति नहीं। परम प्रीति है। वैज्ञानिक संपूर्ण जानकारी के लिए प्रयासरत हैं। गैर जाने भाग के बारे में जानकारियां परिपूर्ण नहीं हैं। हमारी जानकारी ही है कि हम इसे नहीं जानते। लेकिन यह जानकारी भी पर्याप्त है। इससे शोध के प्रयास की तीव्रता बढ़ती है। अस्तित्व का इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। जाने हुए, जानने की सूची में आये हुए और बिना जाने भाग सहित संपूर्ण अस्तित्व के प्रति हमारी प्रीति का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा कोई विचार नहीं है। श्रद्धा, पंथ, मत, मजहब या रिलीजन के उपदेशों वाला विश्वास नहीं। श्रद्धा अनुभूति है। बूंद के हृदय में सागर का साक्षात। क्षर में अक्षर का प्रत्यक्ष। सोचना साधारण मानसिक कार्यवाही है। भारतीय दृष्टि में हरेक मानसिक या बौद्धिक कार्रवाई का आदि अंत ज्ञान है। लेकिन ज्ञान का अवसान कर्म में होना चाहिए। कोरे शब्द ज्ञान का कोई मतलब नहीं। वैसे कर्म का अवसान भी ज्ञान में होता है। कर्म करते-करते सप्रयास या अनायास अंतःकरण से कोई सुगंध उठती है। गंध आच्छादन होता है। कोई गीत उगता है। संगीत आता है। मेघ आते हैं, बिना मानसून ही और सब कुछ समय, गंधमादन और गीत संगीत से भर जाता है। यह हुई श्रद्धा। संभव है कि अब तक ऐसा नहीं हुआ हो लेकिन श्रद्धा है कि ऐसा हो सकता है किसी भी क्षण। उस क्षण या होनी की धैर्यपूर्ण प्रतीक्षा भी श्रद्धा ही है। मेघ आएंगे ही, बादलों को क्यों कोसना? सूर्य उगेंगे ही, अंधेरे से क्या उलाहना। ऊषा आयेगी ही, अंधकार से क्यों उलझना? सूर्य अरुण तरुण होकर हमें प्रकाश किरणों से नहलायेंगे ही अधीर क्यों होना? ऐसी आश्वस्त प्रतीक्षा श्रद्धा है। श्रद्धा आनंद आश्वस्ति है। भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः। यहाँ यज्ञ का सुन्दर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे। यज्ञ के आयोजक यजमान कहे जाते थे। पत्नी के बिना पारंपरिक कर्मकाण्ड पूरे नही होते। इस मंत्र में 'सत्य' यजमान है। यज्ञ साधारण हवन नहीं। वैदिक अनुभूति में अस्तित्व की पूरी गतिविधि भी यज्ञ ही है। विज्ञान, दर्शन, योग या शोध का उद्देश्य 'सत्य' प्राप्ति है। यहां सत्य ही आनंद है। मंत्र का दूसरा भाग बड़ा रोमांचकारी और प्रीतिकर है - 'श्रद्धा सत्यं त' अत्युतमं मिथुनं। पत्नी श्रद्धा और यजमान सत्य का मिथुन - प्रेमपूर्ण मिलन अतिउत्तम है। इसी मिलन से आनंद लोक मिलते हैं।' श्रद्धा और सत्य की 'लवस्टोरीह्ल' रमणीय है। श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय है। मिलन भी सामान्य नहीं- श्रद्धया सत्येन मिथुने। ठीक से मिलन। जब दो नहीं बचे तब। अद्वय मिलन। श्रद्धा और सत्य दो अनुभूतियां जान पड़ती हैं। दोनों की प्रीति अजर अमर है। सत्य मिला तो श्रद्धा भी मिली। श्रद्धा आई, प्रगाढ़ हुई, संपूर्ण हुई तो सत्य की लब्धि। सत्य श्रद्धाहीन नहीं हो सकता। श्रद्धा सत्यविहीन नहीं हो सकती। सत्यहीन श्रद्धा अंधविश्वास है। बिना जाने, देखे, समझे और अनुभव रस के अभाव के बावजूद मान लेना श्रद्धा नहीं है। यहाँ लोक जीवन में वरिष्ठों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अनेक शब्द हैं। 'श्रीमान' कहने का अपना सुख है। मान्यवर या माननीय में मानने की ध्वनि है। 'माननीय' में अंतःकरण की हूक नहीं। बिना जाने ही मान लेने की चूक जान पड़ती है।

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

# परीक्षा पे चर्चा छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे पीएम ने 7 वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है। साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दशार्ता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल?पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत्सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत्माभिव्यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत्साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जायेगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जायेगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन्म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों काआयोजन किया जायेगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे - जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के पिछले एपिसोड में विचारों की करें तो उन्होंने कहा था, 30-40 साल बाद गर्व होगा पीएम ने आखिर में कहा, था आज जो मेरे सामने हैं, वो नया भारत हैं। 2047 में भारत जब आजादी की शताब्दी मनायेगा, तो आपके पास नेतृत्व होगा। आज से 30-40 साल बाद जब सफलता को चूमेंगे और मैं अगर जीवित रहूंगा तो गर्व से कहूंगा कि यह वही लोग हैं जिनका मुझ जनवरी को दर्शन करने का सौभाग्य मिला था। मैं गर्व करूंगा कि जब आपके हाथ में देश का नेतृत्व होगा। संतोष होगा कि इनसे मैंने बात की थी। परीक्षा जिंदगी नहीं है, परीक्षा जिंदगी में महज एक मुकाम है। आप में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद यहां मौका नहीं मिला। मैं उनसे क्षमा चाहता हूं। पीएम ने कहा था, जीवन में हर किसी को कुछ न कुछ जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। अगर आप किसी की देखादेखी में कोई काम करते हैं, तो बहुत निराशा हाथ लगेगी। अगर अपने मन का काम करेंगे, तो मजा आयेगा। जिंदगी में अगर एकाध एंट्रेंस में रह गये तो क्या। लाखों लोग पीछे रह जाते हैं। लेकिन अगर हम डर के कारण कदम ही न रखें तो उससे बुरा कुछ नहीं। हमेशा अपने अंदर के विद्यार्थी को जीवित रखें। जीवन जीने का यही मार्ग है, नया-नया जानना।

**बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।**

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ठंड में हादसा का कारण घना कोहरा

ठंड में कोहरे का प्रकोप दिन पर दिन गहराते जा रहा है। इस लिए हादसे तेजी से बढ़ रहे हैं। ठंड की दस्तक के साथ वातावरण में कोहरे की सफेद चादर छा जाती है। ऐसे में सावधानी आपकी जिंदगी को बचा सकता है। सर्दियों में गाड़ी अचानक खराब होकर सड़क पर रुक जाती है। ऐसे में घने कोहरे के बीच सड़क किनारे रुकी हुई गाड़ी एक्सिडेंट का कारण बन जाती है। अगर बाइक पर हैं, तो उसे धकेल कर सड़क के बिल्कुल किनारे खड़ी करें। इसके साथ ही कोहरे में गाड़ी खराब होने पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। गाड़ी के पीछे रेडियम स्ट्रिप लगाने, खराब होकर रुकी गाड़ी के आसपास बोल्डर रखने, इंडिकेटर ऑन रखकर और गाड़ी में पंक्चर रिपेयरिंग किट, स्टेपनी और अन्य जरूरी टूल्स साथ लेकर चलने से काफी मदद मिलती है। रेडियम स्ट्रिप लगा होने से रोड के कर्व और टर्न को समझना आसान हो जाता है। खासकर सड़क के किनारे गाड़ी चलाते वक्त रेलिंग से टकराने का खतरा काफी कम हो जाता है। साथ ही सड़क का सही अंदाजा लगाने में भी मदद मिलती है। घने कोहरे में हाई बीम रिफ्लेक्ट हो जाती है, जिससे गाड़ी चलाने में दिक्कत होती है और सड़क भी ठीक से नजर नहीं आती है। लो बीम पर गाड़ी चलाने से सड़क ज्यादा साफ नजर आएगी। ज्यादा तर शहर से गांव की खराब सड़के भी कई बार हादसे का



कारण बनता है। कोहरे में सड़क की सही स्थिति की जानकारी नहीं रहने के कारण कई बार ड्राइवर अनियंत्रित होकर पोल, खड़ी वाहन या सामने आ रहे वाहन में टक्कर मार देते हैं। जिस वजह से दुर्घटनाएं होती है। ऐसे में सुबह और रात के समय सड़कों पर ड्राइविंग करते वक्त बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर आप किसी खुली चौड़ी सड़क, किसी हाइवे, एक्सप्रेस वे, सिग्नल फ्री रोड से गुजर रहे हैं, तब आपको बहुत ज्यादा अलर्ट होकर ड्राइविंग करनी पड़ेगी। वरना आप हादसे की चपेट में आ सकते हैं। कोहरे में गाड़ी चलाते हुए ध्यान रखें की आप गाड़ी ओवर स्पीडिंग ना चलाएं। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी बहुत कम हो



जाती है। ऐसे में अगर आपकी रफ्तार ज्यादा तेज होगी और आगे चल रही या सड़क पर रुकी हुई कोई गाड़ी आपको नजर नहीं आई, तो एक्सिडेंट हो सकता है। कोहरे और ओस के चलते सड़क थोड़ी गीली भी हो जाती है, जिससे स्पीड ज्यादा होने पर टू ह्वीलर्स के स्लिप होने का खतरा भी बढ़ जाता है। बार-बार लेन बदलने से पीछे आ रही दूसरी गाड़ी के ड्राइवर भी कन्फ्यूज हो जाते हैं, जिससे एक्सिडेंट का खतरा बढ़ जाता है। हेवी वीकल्स की लेन में जाने से बचें। जहां लेन मार्किंग ना हो, वहां सड़क के बीच में ड्राइव करना ज्यादा सुरक्षित होता है। कॉर्नर में ड्राइव करने पर कई बार किसी चीज से टकराने या गाड़ी के ऑफ रोड हो जाने का खतरा रहता है। इस लिए ठंडे मौसम में ड्राइव करते वक्त, खासतौर से सुबह या रात के समय फॉग लैंप जरूर ऑन करके रखें। कई लोगों की गाड़ियों में फॉग लैंप नहीं लगे होते हैं, जबकि कोहरे में ये विजिबिलिटी बढ़ाते हैं। इनसे आगे पीछे आ-जा रही दूसरी गाड़ियों की दूरी का अंदाजा लगाना आसान हो जाता है। ज्यादा कोहरे होने पर ड्राइव करते वक्त इंडिकेटर ऑन रखने से कोहरे में आसपास चल रही या सड़क किनारे खड़ी दूसरी गाड़ियों का अंदाजा लगाने में आसानी होती है। खासकर जब किसी वजह से गाड़ी सड़क किनारे रुक गई हो, तब इसे जरूर ऑन करके रखना चाहिए। ठंड के मौसम में गाड़ी के अंदर और बाहर का तापमान अलग-अलग रहने से विंड स्क्रीन पर तुरंत धुंध जमने लगती है। इससे विजिबलिटी कम हो जाती है। डिफॉगर विंड स्क्रीन पर धुंध जमने से रोकता है। क्योंकि कोहरे में आगे चल रही गाड़ियां ठीक से नजर नहीं आती हैं। ऐसे में अगर किसी ने अचानक ब्रेक लगा दिया, तो आपको संभलने का मौका भी नहीं मिलेगा। पर्याप्त दूरी रखने से दुर्घटना होने का खतरा काफी कम हो जाता है।

❖ बजरंगी कुमार

## ठंड के मौसम में स्वास्थ्य अच्छा रहता है

सर्दी अद्वितीय सुंदरता और महत्व का मौसम है। यह हमें बर्फ की शुद्धता, कई रोमांचक गतिविधियों और गर्मजोशी और एकजुटता के अवसरों से सम्मानित करता है। सर्दियों का मौसम हमें आराम करने, चिंतन करने और अपनी रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है। जब हम बर्फीली हवाओं और ठंडी सुबहों से गुजर रहे हैं। सर्दी सिर्फ एक मौसम नहीं यह आश्चर्य, परिवर्तन और हमारे आसपास की दुनिया से जुड़ाव का समय है। हार्दिक स्ट्यू और रोस्ट से लेकर ताजा बेक्ड पाई और जिंजरब्रेड कुकीज तक, सर्दियों के पाक व्यंजन स्वाद कलियों के लिए एक उपहार हैं। खाना पकाने के विशेषज्ञ और पोषण विशेषज्ञ मौसमी, स्थानीय रूप से प्राप्त खाद्य पदार्थों का आनंद लेने के महत्व पर जोर देते हैं। ठंड के मौसम हमें आराम करने और आराम के महत्व को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। जैसे-जैसे बाहर की दुनिया धीमी होती जाती है, हमें आत्मनिरीक्षण, विश्राम और कायाकल्प के लिए समय मिलता है। मनोवैज्ञानिक इस बात पर जोर देते हैं कि इस मौसम में ब्रेक लेना हमारी मानसिक सेहत के लिए जरूरी है। ठंड में बाहर समय बिताना आपके मानसिक स्वास्थ्य में भी मदद कर सकता है। लेकिन सीजनल स्थिति में सर्दियों के महीनों के दौरान अवसाद की अवधि देखी जाती है। इस स्थिति वाले व्यक्ति खुद को थकान महसूस कर सकते हैं या भूख बढ़ सकती है। यहां तक कि जो लोग सर्दियों में अपने मूड या नींद के शेड्यूल में बदलाव देख सकते हैं, जिसे कभी-कभी विंटर ब्लूज भी कहा जाता है। हर दिन थोड़ी देर टहलने या पार्क की बेंच से पक्षियों को देखने जैसी सरल चीज आपके मूड में काफी सुधार कर सकती है और ठंड के दिनों को उज्ज्वल और खुशहाल बना सकती है। यह आश्चर्यजनक है कि सर्दियों में बाहर समय बिताने से हमें क्या हासिल हो सकता है। यह हमारे शरीर और दिमाग को बेहतर बनाने में हमारी मदद कर सकता है। इसलिए यदि आप लंबे समय तक घर के अंदर बंद रहने के बाद बेचैनी महसूस कर रहे हैं तो बाहर निकलें, सुरक्षित रहें और आनंद लें। शहरों या आवासीय क्षेत्रों में यदि आप अपनी मस्तिष्क शक्ति को बढ़ाना चाहते हैं या कुछ प्रेरणा प्राप्त करना चाहते हैं, तो अपने आस-पास की प्राकृतिक दुनिया के अलावा कहीं और न देखें। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सर्दियों में बाहर जाने के लिए कुछ तैयारी और सावधानी की आवश्यकता होती है।

❖ डाली कुमारी

## ठंड के मौसम में जनजीवन प्रभावित

सर्दी का चरम समय दिसंबर और जनवरी में सबसे अधिक होता है। हमारे यहां भी सर्दी का बहुत महत्व है। इस मौसम की कई लोगों ने प्रशंसा की है। बच्चों के लिए अपनी छुट्टियों का आनंद लेने और अपने कंबलों में आराम करने का यह एक अच्छा समय है। सर्दी के मौसम में दिन छोटे हो जाते हैं और रातें लंबी होती है। सर्द सुबह में एक अलग ही एहसास देती हैं। सर्दियों के दौरान कॉफी, चाय और हॉट चॉकलेट जैसे गर्म पेय पदार्थों का अधिक आनंद लिया जाता है। सूरज काफी देर से उगता है और कभी-कभी नहीं भी उगता। जब ऐसा होता भी है तो यह थोड़ा गर्म नहीं होता। लोग थोड़ी धूप की चाहत रखते हैं क्योंकि ठंड का मौसम रीढ़ की हड्डी में ठंडक



पहुंचा देता है। आप सड़कों पर लोगों को थोड़ी गर्मी पाने के लिए लकड़ियां और कागज जलाते हुए देखते हैं। हालांकि, बहुत से लोग सर्दियों में बाहर जाना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें पूरे दिन अंगीठी या हीटर के पास बैठना पसंद है। लेकिन, इस सीजन का एक नकारात्मक पहलू भी है। इस मौसम से किसान, बेघर लोग और जानवर सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस सीजन में किसानों के लिए कोई व्यवसाय नहीं है। कड़ाके की सर्दी के कारण सैकड़ों बेघर लोग मर जाते हैं। पशुओं को उचित आश्रय न मिलने के कारण वे भी अपनी जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा इस मौसम में कई उड़ानें भी रद्द कर दी जाती हैं। जबकि सर्दी अपने ठंडे तापमान के लिए जानी जाती है, परिवार और दोस्त आग जलाने, गर्मी का स्वाद लेने और कहानियां साझा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। सर्दी दुनिया भर की संस्कृतियों पर गहरा प्रभाव डालती है। नव वर्ष जैसे त्योहार मौसम की विशिष्ट विशेषताओं और रीति-रिवाजों को मनाने के लिए उभरे हैं। इसके अलावा, मानवविज्ञानी पुष्टि करते हैं कि ये सांस्कृतिक परंपराएं हमारी विरासत और प्राकृतिक दुनिया के बीच एक सार्थक संबंध स्थापित करती है।

❖ ओम प्रकाश उर्फ डब्ल्यू



## पापी पेट का सवाल है साहब...

पलामू जिले के शहर में एलआईसी रोड स्थित एक वृद्ध महिला व पुरुष बीच चौराहे पर ही खाना बनाते दिख जाएंगे। इस कड़ाके के ठंड में खुले आसमान के नीचे ठिठुरते कांपते आधी रात में चौराहे पर पापी पेट के चलते खाना बनाते देखते रोंगटे खड़े हो गए। उनसे पूछा गया कि कड़ाके की ठंडे में आप चौराहे पर खाना क्यों बना रहे हैं तो उनके द्वारा जवाब दिया गया की हमारी जिंदगी हर रोज इसी तरह से गुजर रहा है। नाम तो नहीं बताया लेकिन कहा कि दिन भर दातुन बेचते हैं। शाम को इसी चौराहे पर खाना बना कर सो जाते हैं। जनवरी माह में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को काफी प्रभावित किया है। वहीं, पलामू जिले में एक वर्ग ऐसा भी है, जिसके पास पर्याप्त खाना बनाने के लिए चौक चौराहे ही उनके लिए सुरक्षित जगह है। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। वहीं बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे खाना बनाने व कांपते रहते हैं। इनके पास गर्म कपड़े तक नहीं होता है। इन मजदूर वृद्ध महिला व पुरुष हर रोज इस शहर में दातुन बेचने के लिए हर रोज दर्जनों लोग पहुंचते हैं। गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्टप्रद रहता है।

गर्मी में तो काम चल जाता है, कहीं भी पड़े रहो इतनी दिक्कत नहीं होती लेकिन सर्दी में उनके लिए भारी मुसीबत होती है। जब कड़ाके की ठंड में बिना आशियाना व कपड़ों के उनको रातें गुजारनी पड़ती हैं। ठिठुरते हुए वह किसी तरह से रात व्यतीत करते हैं। हालांकि दिन में भी उनको परेशानी होती है, लेकिन धूप निकलने पर कुछ राहत मिल जाती है। वहीं समाज में कई लोग ऐसे हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हैं और उनकी मदद के लिए आगे भी आते हैं। ठंड से परेशान लोग अपने शरीर में गर्माहट लाने के लिए कई तरह के उपाय कर रहे हैं। विशेष तौर पर गरीब परिवार के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गरीब, किसान व मजदूर वर्ग के लोग विशेष रूप से ठंड से परेशान हो जाता है। कपड़े व अन्य आवश्यक संसाधनों के अभाव में उन्हें जाड़े का यह मौसम गुजारना काफी कठिन साबित होता है। ठंड के मौसम में गरीबों को मात्र अलाव का सहारा ही होता है। जिसके सहारे वे किसी प्रकार रात गुजार लेते हैं। पलामू जिला प्रशासन के आश लगाए हैं कि उनकी कोई मदद करें।

❖ गुड्डू कुमार

## सर्दियों में सैर करना स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है

साल 2024 के पहले सप्ताह चल रहे हैं ठंडा ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है। कई सारे लोग ठंड के मौसम में अपने घरों में रहते हैं। आराम से कंबल ओढ़ के बैठते हैं। चाय पीते हैं, घरों में हीटर होता है उससे ठंड का बचाव करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं जो गरीब होते हैं जिनके पास यह सब सुविधाएं नहीं होतीं। ठंड के मौसम में सरकार ऐसे गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बंदोबस्त करती है। ताकि इन्हें ठंड से बचाया जा सके। ठंड का मौसम होने के बाद भी बाहर समय बिताने के मानसिक और शारीरिक दोनों लाभों से आश्चर्यचकित हो सकते हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि ठंड में बाहर रहने से बीमारी हो सकती है, यही कारण है कि कई



माता-पिता अपने बच्चों को घर के अंदर ही रखना पसंद करते हैं। हालांकि, आप वास्तव में ठंड में समय बिताने से बीमार नहीं पड़ सकते। आपकी नाक बह सकती है, लेकिन यह बैक्टीरिया से छुटकारा पाने का शरीर का तरीका है। सर्दियों में सैर करना या अपने आंगन में स्नोमैन बनाना विभिन्न प्रकार के शारीरिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। इनमें से एक विटामिन डी है जिसे हम सूर्य से अवशोषित करते हैं। हड्डियों के स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए मनुष्य को विटामिन डी की आवश्यकता होती है। पर्याप्त विटामिन डी होने से कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है। सर्दियों के दौरान बाहर समय बिताने का एक और फायदा यह है कि हमारा शरीर गर्मी की तुलना में ठंड में अधिक कैलोरी जलाता है। ठंड में बढ़ जाती है क्योंकि हमारे शरीर गर्म रखने की कोशिश में अधिक ऊर्जा खर्च करते हैं। यह तब और भी बढ़ जाता है जब हम कांपने लगते हैं। इसलिए, जबकि हम केवल ठंड में खड़े रहकर महत्वपूर्ण मात्रा में वजन कम नहीं कर सकते हैं, सर्दियों के समय में बाहर घूमकर कुछ समय बिताना स्वास्थ्यप्रद है।

❖ गोलू

# मौसम की बेरुखी से किसान परेशान

नए साल के आगमन के साथ ही पूरे पलामू में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। इससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।
जनवरी महीने के दौरान पलामू में मौसम प्रणाली में तेजी से बदलाव हुए। महीने के दौरान कई बार बारिश या ठंड को बड़ा दिया है।आम तौर पर जनवरी महीने में बारिश होने से किसान चिंतित हैं। लेकिन भीषण सर्दी और शीतलहर से इस जिले के किसान काफी खुश नहीं दिखाई दे रहे हैं।किसानों का कहना है कि ठंड मौसम की वजह से रबी फसलों की अच्छी पैदावार खराब हो गई है।जिले में मौसम के उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। कभी आसमान में बदली तो कभी बारिश ने हर आम और खास को प्रभावित किया है। लोगों की दिनचर्या बदल गई है। मौसम की बेरुखी के चलते सबसे ज्यादा किसान परेशान है। कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। खेतों में लगी फसलों को नुकसान हो रहा है।आसमान पर छाई बदली से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें नजर आने लगी। वहीं हल्की बूंदाबांदी होने से भी किसान परेशान हो गए। इससे दलहनी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। दलहनी फसल, सब्जियों को नुकसान मौसम परिवर्तन का असर दलहनी फसलों के साथ-साथ सब्जियों में भी देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा असर अरहर, मटर की



फसल पर पड़ रहा है। अरहर और मटर की फल्लियां लगना प्रारंभ हो गई है। ऐसे में आसमान में बदली छाने से उन पर कीड़े लगना प्रारंभ हो गए है। इसी तरह सब्जियों के उत्पादन में भी असर पड़ रहा है। बैगन, गोभी, भिंड़ी सहित अन्य सब्जियों में इल्लियां लगना प्रारंभ हो गई है।साथ ही व्यापारियों का भी कहना है कि कड़ाके की ठंड के कारण रबी फसलों का उत्पादन में कमी हो रही है। इससे किसानों की इनकम में भी बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।अगर ठंड के साथ-साथ आने वाले हफ्ते में एक या दो बार बारिश होने से, रबी फसलों के लिए।नुकसान हुआ है।क्योंकि बे मौसम बारिश होने से फसल उत्पादन बढ़ाने में कमी हुए है।कड़ाके की ठंड के दौरान ओस अधिक पड़ती है, जिससे जमीन में नमी बढ़ जाती है. ऐसे में फसलों को अतिरिक्त पानी मिलने से नुकसान पहुंचा है।ठंड से चना, जौ, सरसों और जीरा को फायदा होना चाहिए. हालांकि, इस बार मानसूनी बारिश की कमी के कारण फसलों की बुआई थोड़ी कम हुई।क्योंकि इससे फसलों को नुकसान हो सकता है।लेकिन बारिश होने से अब उन्हें फसल बर्बाद होने की चिंता सता रही है।क्यों कि जमीन में थोड़ी बहुत नमी के भरोसे उन्होंने बुआई तो कर दी, लेकिन फसल अंकुरित नहीं हो रही है। जिन जगहों पर अंकुरित हो गई है, वहां बढ़वार नहीं हो पा रही है।

❖ ओम प्रकाश



## गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्टप्रद

पलामू जिले सहित अन्य भागों में हाड़ कपां देने वाली ठंड लगातार जारी है। तापमान में गिरावट और कड़ाके की ठंड आम लोगों के साथ गरीब मजदूरों के साथ ज्यादा परेशानीया होता है। सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। उन्हे तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़ती है। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे खाना बनाने व कांपते रहते हैं। गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्टप्रद रहता है। गर्मी में तो काम चल जाता है, कहीं भी पड़े रहो इतनी दिक्कत नहीं होती लेकिन सर्दी में उनके लिए भारी मुसीबत होती है। कड़ाके की ठंड में बिना कपड़ों के उनको रातें गुजारनी पड़ती हैं। ठिठुरते हुए वह रात किसी तरह से रात व्यतीत करते हैं। हालांकि दिन में भी उनको परेशानी होती है लेकिन धूप निकलने पर कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन घने कोहरे के साथ-साथ चल रही बफीर्ली हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर रखा है। गत एक सप्ताह से पड़ रही हाड़ कंपकंपा देने वाली सर्दी ने इस कदर कहर बरपा र है कि मोटे-मोटे कपड़े पहनने के बाद



भी लोगों को राहत नह। मिल पा रही है। जहां एक ओर बाजार में भी रौनक नहीं है, वहीं दुकानों पर बैठे दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में कांपते हुए देखे जा सकते हैं। घने कोहरे के कारण वाहनों के माध्यम से अपने गंतव्य स्थानों की ओर जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे की वजह से वाहन भी रेंगने को मजबूर नहीं हैं। खासतौर पर ट्रेनों का संचालन काफी अस्त-व्यस्त हो गया है, जिसका खामियाजा प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों को ही भुगतना पड़ रहा है। यात्री काफी परेशान हैं।इस स्थिति में गरीब मजदूरों व यात्रियो लोग किसी ऐसे मसीहा की राह देखते हैं।जो उनको गर्म कपड़े और कंबल आदि का वितरण करे।समाज में कई लोग ऐसे हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हैं और उनकी मदद के लिए आगे भी आते हैं। उनका यह कार्य समाज को प्रेरणा देने वाला होता है। हमारे जिले में जिला प्रशासन के द्वारा अभी कुछ दिनों पहले शहर में गर्म कम्बल व लोगों को दिए जो फुटपाथ पर अपनी रातें गुजारते हैं। साथ ही अलाव की भी व्यवस्था किए गए हैं। इसके अलावा भी समाज में तमाम लोग हैं जो गरीबों के लिए कुछ करने का जज्बा रखते हैं।

❖ राजेश कुमार

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पीएम ने स्वस्ति मेहुल के भजन को साझा किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वस्ति मेहुल के भजन को साझा किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया- स्वस्ति जी का ये भजन एकबार सुन लें तो लंबे समय तक कानों में गूंजता रहता है। आंखों को आंसुओं से, मन को भावों से भर देता है।

### देश में कोरोना के 774 नए मामले, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 774 नए मामले सामने आए हैं और दो मरीजों की मौत हुई है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 919 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 4187 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से एक मरीज की मौत गुजरात में और एक मरीज की मौत तमिलनाडु में दर्ज की गई है।

### केरमान बम विस्फोट से संबंधित 11 गिरफ्तार

**बीजिंग।** ईरान के खुफिया मंत्रालय ने कहा कि ईरानी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने केरमान बम विस्फोट से संबंधित 11 लोगों को गिरफ्तार किया। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हमले के बाद, खुफिया मंत्रालय ने चरमपंथी संगठन इस्लामिक स्टेट के सदस्यों पर नजर रखी और सुरक्षा, पुलिस और अन्य विभागों के साथ सहयोग करके 6 प्रांतों में केरमान बमबारी से संबंधित 11 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें से दो ने आत्मघाती हमलावर को आवास उपलब्ध कराया। गिरफ्तारी अभियान के दौरान अधिकारियों ने डेटोनेटर और बम जैकेट जैसे विस्फोटक उपकरण और सामग्री भी जब्त की।

### पाक अधिकृत कश्मीर के वन क्षेत्र में लगी आग बॉर्डर तक फैली

**जम्मू।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के एक वन क्षेत्र में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है और आग की आड़ में घुसपैठ की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है। यह आग शुक्रवार देर रात पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में भड़की और मेंढर उपजिला के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई है। उन्होंने कहा कि भीषण आग को देखते हुए नियंत्रण रेखा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# हर साल रामनवमी पर भगवान सूर्य करेंगे श्रीराम का अभिषेक

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की दिव्यता, भव्यता और नव्यता की झलक दिखने लगी है। ना केवल नगर में हो रहे विकास कार्यों में, बल्कि भगवान राम के भव्य मंदिर और यहां तक कि उनकी मूर्ति में भी अलौकिकता के दर्शन होंगे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी इस पर अपनी मुहर लगा दी गई है।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति को इस प्रकार से बनाया गया है कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी को भगवान सूर्य स्वयं श्रीराम का अभिषेक करेंगे। भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सलाह पर मूर्ति की लंबाई और उसे स्थापित करने की ऊंचाई को इस प्रकार से रखा गया है कि हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें प्रभु श्रीराम के ललाट पर पड़ेंगी।

ट्रस्ट की ओर से बताया गया है कि तीन शिल्पकारों ने प्रभु श्रीराम की मूर्ति का निर्माण अलग-अलग किया, जिसमें से एक मूर्ति को प्रभु प्रेरणा से चुना गया है। चुनी गई मूर्ति की पैर से लेकर ललाट तक की लंबाई 51 इंच है और इसका वजन डेढ़ टन है। मूर्ति की सौम्यता का बखान करते हुए कहा गया कि श्यामल रंग के पत्थर से निर्मित मूर्ति में ना केवल भगवान विष्णु की दिव्यता और एक राजपुत्र की कांति है बल्कि उसमें 5 साल के बच्चे की मासूमियत भी है।

चेहरे की कोमलता, आंखों की दृष्टि, मुस्कान, शरीर आदि को ध्यान में रखते हुए मूर्ति का चयन किया गया है। 51 इंच ऊंची मूर्ति के ऊपर मस्तक, मुकुट और आभामंडल को भी बारीकी से तैयार किया गया है। ट्रस्ट के अनुसार मूर्ति की प्रतिष्ठा पूजा विधि को 16 जनवरी से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके अलावा 18 जनवरी को गर्भगृह में प्रभु श्रीराम को आसन पर स्थापित कर दिया जाएगा। प्रभु श्रीराम की मूर्ति की एक विशेषता यह भी है कि इसे अगर जल और दूध से स्नान कराया जाएगा तो इसका नकारात्मक प्रभाव पत्थर पर नहीं पड़ेगा। साथ ही अगर कोई उस जल या दूध का आचमन करता है तो शरीर पर भी इसका दुष्प्रभाव नहीं होगा।


श्री राम मंदिर में प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई यही मूर्ति लगाई जाएगी।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय

ऐसे में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी 2024 पौस माह के द्वादशी तिथि को चुना गया है। इस विशेष तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, रवि योग जैसे कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 12 बजकर 29 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक रहने वाला है। इस दौरान मृगशिरा नक्षत्र रहेगा।

### राम मंदिर में 15 से 22 जनवरी तक का शेड्यूल

- 15 जनवरी 2024 : 15 जनवरी को मकर संक्रांति है। साथ ही खरमास भी समाप्त हो जाएगा। इस खास दिन पर रामलला के विग्रह यानी श्री राम के बालरूप की मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।
- 16 जनवरी 2024: इस शुभ दिन पर रामलला के विग्रह के अधिवास का अनुष्ठान शुरू होगा।
- 17 जनवरी 2024: इस खास दिन पर रामलला की प्रतिमा को नगर भ्रमण के लिए निकाला जाएगा।
- 18 जनवरी 2024: इस दिन से प्राण-प्रतिष्ठा की विधि आरंभ होगी। साथ ही मंडप प्रवेश पूजन, वास्तु पूजन, गणेश पूजन, वरुण पूजन, विघ्नहर्ता और मार्तिका पूजन होगा।
- 19 जनवरी 2024: इस शुभ दिन पर राम मंदिर में यज्ञ अग्नि कुंड की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा अरणी मंथन से यज्ञ की अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगी। फिर नवग्रह होम होगा।
- 20 जनवरी 2024: इस दिन राम मंदिर के गर्भगृह को 81 कलशों के जल से 'जिन्हें अलग-अलग नदियों के जल से इकट्ठा किया गया है' उनसे पवित्र किया जाएगा।
- 21 जनवरी 2024: इस तिथि को यज्ञ विधि में विशेष पूजन और हवन के बीच राम लला का 125 कलशों से दिव्य स्नान होगा। ये बहुत ही खास होगा।
- 22 जनवरी 2024: इस दिन मध्यकाल में मृगशिरा नक्षत्र में रामलला की मूर्ति गर्भगृह में स्थापित होगी। साथ ही इस दिन पूरे विधि-विधान से महापूजा होगी।

राममंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या का भी मंदिर बनाया जाएगा। इसके अलावा जटायु की प्रतिमा को यहां पहले से ही स्थापित कर दिया गया है। ट्रस्ट के अनुसार श्रीराम का मंदिर अद्भुत होगा। हालांकि, ये अभूतपूर्व नहीं होगा, क्योंकि दक्षिण भारत में ऐसे मंदिर हैं, मगर उत्तर भारत में बीते 300 साल में ऐसा कोई मंदिर निर्मित नहीं हुआ है। निर्माण करने वाले इंजीनियर भी ये मानते हैं।

पत्थर की आयु एक हजार साल होती है। धूप हवा पानी का प्रभाव पत्थर पर पड़ता है। जमीन के संपर्क में होने के कारण पत्थर नमी सोखता है। लेकिन, यहां पर पत्थर नमी नहीं सोख पाएगा, क्योंकि नीचे ग्रेनाइट लगाया गया है। इसमें लोहे का भी इस्तेमाल नहीं हुआ है, क्योंकि लोहा ताकत को कमजोर कर देता है। जमीन के नीचे एक ग्राम भी लोहा नहीं लगा है। इस प्रकार की रचना की गई है कि जैसे-जैसे आयु बढ़ेगी जमीन के नीचे एक बहुत ताकतवर चट्टान तैयार हो जाएगी।

## वाराणसी की गंगा आरती की तरह भव्य होगी अयोध्या की सरयू आरती, आठ जनवरी से शुरू होगी रामकथा



**अयोध्या** में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश प्रदेश में माहौल राममय हो गया है। वहीं, 8 जनवरी से अयोध्या में रामकथा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शनिवार को प्रमुख कथा वाचक व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम ने दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी की गंगा आरती की तरह सरयू आरती को और भव्य बनाया जाएगा। इसके लिए संबंधित लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 14 जनवरी से होली तक विभिन्न आयोजन होंगे। गांव, ब्लॉक, तहसील स्तर पर आध्यात्मिक स्थल व मंदिरों को सजाकर सांस्कृतिक आयोजन, रामायण पाठ, रामलीला, भजन, कीर्तन और कलश यात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक स्थल और मंदिरों आदि में जनसहभागिता से दीपोत्सव व घर-घर में राम ज्योति जलाने की अपील की गई है। अयोध्या में आठ जनवरी से प्रमुख कथा वाचक की कथाएं 24 मार्च तक चलती रहेंगी। 14 जनवरी से 24 मार्च तक सुबह छह बजे से राम की पैड़ी पर शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन-वादन होगा। शाम को रामायण बैले, नृत्य नाटिका, भक्ति संगीत और लोकनृत्य आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामोत्सव के तहत अयोध्या में बाल कवि व महिला कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान किस्सागोई की संगीत मय प्रस्तुति भी होगी। इसके अलावा, राम की पैड़ी पर सामूहिक शंखवादन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो हुआ लॉन्च

## 14 जनवरी से यात्रा, मित्र दलों को भी आमंत्रण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हम 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू कर रहे हैं। यात्रा से जुड़ने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं, कांग्रेस के मित्र दलों और सिविल सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर राहुल गांधी का कहना है, हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की ललकार लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की जा रही है। इस दौरान 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की ओर हमारा एक मजबूत कदम है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही है।




### सरकार ने हमें संसद में बोलने नहीं दिया

खरगे ने कहा कि जब हमने संसद में देश से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश की तो सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसलिए, हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से लोगों के बीच जा रहे हैं ताकि हम अपनी बात उनसे कह सकें और समाज के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुन सकें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस बार न्याय होकर रहेगा, हर कमजोर को हक मिल के रहेगा। उन्होंने कहा कि हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन जागरण करेंगे।

### यात्रा किसानों-छोटे व्यापारियों को जोड़ने का भी प्रयास

कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का मंच एनजीओ, पत्रकारों, किसान, छोटे व्यापारी, दलित-पिछड़े वर्ग, आदिवासियों और बौद्धिक वर्ग को जोड़ने का भी है। यह यात्रा केवल अपनी बात जनता तक पहुंचाने का नहीं बल्कि जनता की आवाज और उनकी समस्याओं को सुनने का भी मंच है। करोड़ों देशवासियों की मोहब्बत और दुआएं साथ लेकर, तानाशाही और अहंकार को करारा जवाब देने।

### खान यूनिस शहर में इजरायली हवाई हमले में 13 लोग मारे गए

**गाजा।** स्थानीय मीडिया ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में एक बसे हुए घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए के अनुसार, मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं, जबकि हवाई हमले में कई अन्य घायल भी हुए हैं। स्थानीय सूत्रों ने समाचार एजेंसी शन्हिुआ को बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शनिवार सुबह मध्य गाजा पट्टी में देर अल-बलाह पर भी हमला किया, इसमें कई लोग मारे गए या घायल हो गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने 24 घंटों में हमास-नियंत्रित क्षेत्र पर 15 हमले किए।

पश्चिम बंगाल राशन घोटाला मामला

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व चेयरमैन शंकर आध्या को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

टीएमसी नेता और उत्तर 24 परगना में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को शनिवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैराथन पूछताछ के बाद उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राशन वितरण के कथित घोटाले में करीब 17 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने आज तड़के आध्या को गिरफ्तार कर लिया। यह घोटाला कथित तौर पर 2011-2021 के बीच मलिक के खाद्य मंत्री के कार्यकाल के दौरान किया गया था। उन्होंने बताया कि ईडी अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण के बाद दिन में आध्या को न्यायिक प्रक्रिया के लिए एक विशेष अदालत के समक्ष पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार आद्या की गिरफ्तारी शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के सरबेरिया, संदेशखाली में टीएमसी समर्थकों के एक वर्ग द्वारा ईडी की एक अन्य टीम के साथ मारपीट के कुछ घंटों बाद हुई। सूत्रों ने बताया कि बंगाल पुलिस ने इस सिलसिले में दस संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सहजान शेख के गेट अंदर से बंद होने कारण ईडी ने जवाब पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बाद में गेट तोड़ने की कोशिश की। यह देखकर टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर केंद्रीय सशस्त्र बलों की मौजूदगी में ईडी अधिकारियों की पिटाई शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि हमलों में ईडी के दो अधिकारी घायल हो गए, उनमें से एक को सिर में चोट लगी। इस दौरान, मीडियाकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई और उनके कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। प्रेस क्लब, कोलकाता ने इन हमलों की निंदा की।



## स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु और अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए साथ आएंगे 23 आईआईटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सस्ती स्वास्थ्य सेवा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, जलवायु परिवर्तन, ई-परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा सहित सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, रक्षा और अंतरिक्ष इंडस्ट्री 4.0 को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी 23 आईआईटी एक मंच पर आ रहे हैं। आईआईटी हैदराबाद शिक्षा मंत्रालय के अग्रणी कार्यक्रम इन्वेंटिव-2024 का 19 और 20 जनवरी 2024 को आयोजन करेगा। इस विशाल शोध और विकास (आर एंड डी) सम्मेलन में यह पांचों महत्वपूर्ण विषय रखे जाएंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद रहेंगे। धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है, इन्वेंटिव-2024 के पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जन अनुसंधान' के मंत्र की प्रेरणा है। यह देश के अंदर अनुसंधान और नवाचार के इकोसिस्टम को मजबूत करने के एकजुट प्रयास की खास पहल है। इन्वेंटिव-2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन आईआईटी हैदराबाद कर रहा है, जिसमें एक बार फिर नवाचार और उद्यमिता का उत्साह दिखेगा तथा उद्योग और शिक्षा जगत एकजुट हो कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की नई रूपरेखा तय करेंगे।


### मेक्सिको में विमान दुर्घटना में 4 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तरी मेक्सिको के कोहुइला राज्य के एक शहर रामोस एरीजपे में एक हवाई अड्डे पर एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रामोस एरिजपे नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन विभाग के सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना का कारण अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

## डॉ. राजीव शाह न्यूयॉर्क फेड निदेशक मंडल में हुए नामित

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

रॉकफेलर फाउंडेशन के भारतीय-अमेरिकी अध्यक्ष डॉ. राजीव शाह को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क के निदेशक मंडल में नामित किया गया है। फेडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने शाह को 31 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए क्लास सी निदेशक के रूप में नियुक्त किया। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, न्यूयॉर्क फेड के निदेशक मंडल में क्लास सी निदेशक जनता के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं, शाह ने 2017 से द रॉकफेलर फाउंडेशन का नेतृत्व किया है, जो एक परोपकारी संस्था है, जिसका मिशन दुनिया भर के लोगों की भलाई को बढ़ावा देना है। फाउंडेशन में शामिल होने से पहले, वह लैटीट्यूड कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध भागीदार थे, जो एक निजी इक्विटी फर्म है, जो अफ्रीका और एशिया में बुनियादी ढांचे व ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है। 2009 से 2015 तक, उन्होंने यूएसएआईडी के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उस भूमिका में, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में कार्य किया, हैती में 2010 के भूकंप और 2014 के पश्चिम अफ्रीकी इबोला महामारी के लिए अमेरिकी प्रतिक्रियाओं का नेतृत्व किया, और वैश्विक खाद्य सुरक्षा अधिनियम और विद्युतीकृत अफ्रीका अधिनियम के पारित होने के लिए द्विदलीय समर्थन हासिल किया। यूएसएआईडी में शामिल होने से पहले, शाह ने अमेरिकी कृषि विभाग में अनुसंधान, शिक्षा और अर्थशास्त्र के लिए मुख्य वैज्ञानिक और अवर सचिव के रूप में कार्य किया।



प्रतिघात

### मार्कोस ने हथियार बंद अपहर्ताओं पर की जवाबी कार्रवाई

## वाणिज्यिक जहाज से सभी 21 लोगों को बचाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो 'मार्कोस' ने उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज के अपहरण के प्रयास पर कार्रवाई करते हुए हुए शुक्रवार को 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को बचा लिया। इस जहाज को पांच-छह हथियारबंद लोगों ने अपहरण करने की कोशिश की थी।

नौसेना ने एमवी लीला नॉरफोक को अपहत करने की कोशिश के बाद मदद के लिए एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान, हेलीकॉप्टर और पी-8आई और लंबी दूरी के विमान और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन तैनात किए। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, जहाज पर सवार 15 भारतीयों सहित चालक दल के सभी 21 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।



उन्होंने कहा, मार्कोस कमांडो ने जहाज की जांच की और वहां अपहर्ताओं के नहीं होने की पुष्टि की। समुद्री डाकुओं ने वाणिज्यिक जहाज को अपहत करने की कोशिश संभवतः भारतीय नौसेना के युद्धपोत के पहुंचने और गश्ती विमान की सख्त चेतावनी के बाद छोड़ दी।

मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई, एमवी लीला नॉरफोक के आसपास है और यह जहाज में विद्युत उत्पादन और प्रणोदन को बहाल करने के अलावा अगले बंदरगाह तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है। इससे पहले दिन में, नौसेना ने अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत आईएनएस चेन्नई को वाणिज्यिक जहाज की मदद के लिए भेजा और युद्धपोत ने जहाज को अपराह्न सवा तीन बजे रोक लिया। नौसेना ने बताया कि उसने समुद्री गश्ती विमान पी8आई और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन की मदद से अपहत जहाज पर नजर रखी।

मधवाल ने कहा, मिशन में तैनात युद्धपोत पर मौजूद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो वाणिज्यिक जहाज पर पहुंचे और बचाव अभियान को अंजाम दिया। एमवी लीला नॉरफोक ने यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस पोर्टल पर एक संदेश भेजा जिसमें बताया गया कि बृहस्पतिवार शाम को पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मी जहाज पर सवार हो गए हैं। इससे पहले नौसेना ने कहा था कि क्षेत्र की अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति पर 'करीबी नजर' रखी जा रही है। नौसेना ने कहा कि घटनाक्रम पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए उसने समुद्री गश्त शुरू की और जहाज की सहायता के लिए समुद्री सुरक्षा संचालन के लिए तैनात आईएनएस चेन्नई का मार्ग परिवर्तित कर दिया।

फिल्म जगत

## जाह्नवी कपूर के बॉयफ्रेंड संग पार्टी करते स्पॉट हुईं सारा तेंदुलकर, वीडियो वायरल



**जाह्नवी** कपूर बहन खुशी कपूर के साथ करण जौहर के शो कॉफी विद करण में नजर आईं। इस शो में जाह्नवी ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर कमेंट किए। उन्होंने अपनी लव लाइफ को लेकर भी बड़ा खुलासा किया। उन्होंने साफ किया है कि वह शिखर पहाड़िया के साथ रिलेशनशिप में हैं। इसके बाद दोनों का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे आंध्र प्रदेश में देवदर्शन करने पहुंचे। जाह्नवी और शिखर एक दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों पहले एक-दूसरे को डेट कर रहे थे लेकिन किसी वजह से उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि बाद में ये फिर से एक हो गए और अब ये रिलेशनशिप में हैं। उन्हें अक्सर देवदर्शन जाते हुए भी देखा जाता है। शुक्रवार को जाह्नवी कपूर शिखर पहाड़िया के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रार्थना करने गईं। उनका और शिखर का दर्शन के लिए जाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब शिखर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह सारा तेंदुलकर के साथ हैं। शिखर और सारा ने दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी की। बाद में दोनों कार में एक-दूसरे से बातचीत करते नजर आते हैं। उनके इस वीडियो को पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। शिखर और सारा अच्छे दोस्त हैं। अब इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बीच नेटिजेंस इस वीडियो पर मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं।

## कांग्रेस का 10, झामुमो का 8, राजद का चार सीटों पर है दांव

# राज्य सीटों के बंटवारे पर सर्वमान्य फॉमूर्ला बनाना 'इंडिया' के लिए चुनौती

### अभी तक इस मुद्दे को लेकर घटक दलों की कोई बैठक नहीं हुई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड में तीन पार्टियों जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार चल रही है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सीटों पर अपने दावे को लेकर औपचारिक मंथन शुरू कर दिया है। राज्य सरकार में कांग्रेस के वरीष्ठ मंत्री आलमगीर आलम ने दावा किया है कि सीट बंटवारे में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन वस्तु स्थिति का आकलन करें तो झारखंड में सीट बंटवारा इंडिया के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध होने वाली है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया की छतरी के नीचे आते ही राज्य में पार्टनर पार्टियों की संख्या तीन से बढ़कर छह हो जाएगी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद के अलावा जेडीयू, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) की ओर से सीटों को लेकर दावेदारियां सामने आ चुकी हैं। राज्य में सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर ये पार्टियां अब तक बातचीत की मेज पर नहीं पहुंची हैं और न ही कोई तारीख तय हुई है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर सीटों के बंटवारे पर अगले 15-20 दिनों तक बातचीत की संभावना भी कम ही लगती है।

2-3 जनवरी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची में थे। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल और पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक की, जिसमें राज्य में लोकसभा सीटों के लिए दावेदारी पर चर्चा हुई।

इसके बाद 4 जनवरी को नई दिल्ली में इस मुद्दे पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से बुलाई गई बैठक में झारखंड से कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शिरकत की। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में तय हुआ कि पार्टी झारखंड की 14 में से 10 लोकसभा सीटों पर दावेदारी करेगी। कांग्रेस का मानना है कि झामुमो को प्रदेश की सत्ता में अगुवाई सौंपी गयी है और हेमंत सोरेन की लीडरशिप स्वीकार की गई है, तो बदले में राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की स्वाभाविक तौर पर बड़ी हिस्सेदारी बनती है।

### सीट बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं : आलमगीर आलम

दिल्ली की बैठक से लौटने के बाद प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि झारखंड में लोकसभा सीटों के बंटवारे में कोई दिक्कत है। बगैर किसी विवाद के समय पर सब कुछ तय हो जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर दावेदारी ठोंकी है। बीते 19 दिसंबर को नई दिल्ली में इंडिया के घटक दलों की बैठक में पार्टी की ओर से सांसद विजय हांसदा, महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शिरकत की थी और उन्होंने सीटों की दावेदारी पर अपनी बात रखी थी। राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पार्टी राज्य में चार लोकसभा सीटों पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा पर चुनाव लड़ना चाहती है।

# झारखंड खो रहा परिचय, बिगड़े हालात से उबारना होगा : सुदेश

## वर्तमान हालात से राज्य को उबारने की जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर

### सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी गई है, राज्य नेतृत्व विहीन है




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपनी गरिमा खत्म कर दी है। इस साल सरकार की विदाई तय है। राज्य अपना परिचय खो रहा है। इस बिगड़े हालात से राज्य को उबारने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर है। पतरातू लेक रिसोर्ट में आयोजित पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में आजसू प्रमुख ने ये बातें कही। पार्टी के महाधिवेशन के बाद गठित नई केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में सुदेश ने सरकार के कार्यकलाप पर जमकर निशाना साधा। साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को उनकी जवाबदेही से आगाह कराते हुए कहा कि सत्ता का दुरूपयोग करने वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पर है। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय समिति, केंद्रीय कार्यकारिणी समेत सभी ईकाई के छह सौ पदाधिकारी शमिल हुए।

#### हेमंत सरकार ने किया सत्ता का दुरूपयोग

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग किया है। सरकार गैर जवाबदेह और सिस्टम जीरो है। चारों तरफ अराजकता है। सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी गई है, लोग यही मान रहे हैं कि राज्य नेतृत्व विहीन है। राज्य में सारा पद गैर जिम्मेदाराना हो गया है। दूसरे कई राज्य विकास और जनता के प्रति जवाबदेही में आगे बढ़ रहे और झारखंड अपना परिचय खो रहा है।

#### अबुआ आवास छलावा

सुदेश ने कहा कि अबुआ आवास योजना महज छलावा है. पूरे राज्य में लाखों लोगों ने आवेदन दिया है। लेकिन हर पंचायत में 40 लोगों को ही आवास मिलना है। महिला अत्याचार के पांच हजार से अधिक मामले दर्ज हुए, लेकिन मुख्यमंत्री इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक आधार पर मूल्यांकन कर पिछड़ों को आरक्षण देने में सरकार ने विफल रही है। सरकार ने 50 साल तक के उम्र वाले एसटी और एससी को वृद्धापेंशन देने का निर्णय लिया है। 50 साल की उम्र में लोगों को वृद्ध बनाने के बजाय यही पेंशन अथवा आर्थिक सहायता किसी दूसरे नाम पर दिया जाना चाहिए था।

#### चुनावी साल है, एक दिन भी खाली नहीं रहें कार्यकर्ता

आजसू प्रमुख ने पदाधिकारियों से कहा कि यह चुनावी साल है। एक दिन भी खाली नहीं बैठना है। जनता बड़ी उम्मीदों से आजसू की तरफ देख रही है। पार्टी का भविष्य आप सब हैं, सबको अपनी दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करना है। केंद्रीय समति और केंद्रीय कार्यकारिणी में हर वर्ग और हर क्षेत्र को भागीदारी दी गई है। हमारा संकल्प राज्य का भला करना है, राज्यव्यापी सोच के साथ काम करना होगा।

शपथ ग्रहण समारोह को पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी. पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव रोशनलाल चौधरी ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में 15 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसका आयोजन पहली बार तूरा में किया जा रहा है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने शनिवार को राष्ट्रपति के कार्यक्रम की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की उपस्थिति राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करेगी। उल्लेखनीय है कि इस गेम्स में तीन हजार एथलीट 22 तरह के खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें पहली बार खासी, जयंतिया और गारो जनजातियों के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने इन खेलों के लिए 23 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है। इस गेम्स के लिए प्रायः सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### रामलखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने की सफाई

**रांची।** तीन झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर के आदेश पर 2 व 3 कंपनी रामलखन सिंह यादव कॉलेज की विभागाध्यक्ष एएनओ डॉ भावना कुमारी, प्रधानाचार्य जेपी सिंह, प्रधान सहायक सुनील कुमार, एनसीसी कैडेट सिनियर अंडर अफसर सूरज कुमार शर्मा सहित 50 कैडेट के द्वारा समाज सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधि के तहत डॉ भावना कुमारी के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा पूर्वक कॉलेज परिसर तथा आसपास सफाई की गई।

### पीजी पोर्टल पर 108 शिकायतें लंबित, 29 को आईजी करेंगे समीक्षा

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल (लोक शिकायत) प्रशाखा में 108 शिकायतें बीते छह माह से अधिक समय से निष्पादन के लिए लंबित हैं। यह शिकायतें आम लोगों ने झारखंड पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल पर दर्ज कराई है। हालांकि, बीते एक माह में 35 शिकायतों का निष्पादन किया गया है। इसमें सबसे अधिक 45 शिकायत रांची जिले में लंबित हैं। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पुलिस मुख्यालय के पीजी पोर्टल प्रशाखा में लंबित शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये आईजी मुख्यालय 29 जनवरी को राज्य के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

### सांसद गीता कोड़ा मामले में कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची।** आर्थिक अपराध से जुड़े एक मामले में आरोपित सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा पर रांची के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने और उसका सही जानकारी नहीं देने को लेकर 2012 में केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में गीता कोड़ा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# राष्ट्रपति को पत्र लिख सरना धर्म कोड लागू करने की मांग

### 31 मार्च तक का दिया अल्टीमेटम, 7 अप्रैल को भारत बंद और रेल-रोड चक्का जाम



**रांची :** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर सरना धर्म कोड की मांग की है। उन्होंने पत्र में उपरोक्त मांग पूरी करने के लिए 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया है। कहा कि 31 मार्च तक सरना धर्म कोड की मान्यता की घोषणा नहीं हुई, तो 7 अप्रैल को भारत बंद और रेल-रोड चक्का जाम किया जाएगा। पत्र में लिखा है कि सरना धर्म कोड, भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी की जीवन रेखा है। आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी हैं। 1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था, जिसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा इसे लागू नहीं कर रही।

**बीजेपी पर जबरन हिंदू बनाने का आरोप :** उन्होंने आगे लिखा कि 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया था, जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी। ऐसे में आदिवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना अपराध जैसा है। सरना धर्म कोड के बिना आदिवासियों को जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना और धार्मिक नरसंहार जैसा है।

# नीतीश की जनसभा 21 को रामगढ़ में जुटेंगे 50 हजार लोग : अशोक चौधरी

### रांची में कार्यकर्ता मंथन शिविर में तैयारियों पर चर्चा शामिल हुए पदाधिकारी व सभी जिला अध्यक्ष



**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 21 जनवरी को रामगढ़ आयेंगे। इस दिन वहॉ आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारियों को लेकर प्रदेश जदयू द्वारा कार्यकर्ता मंथन शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत बिहार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी और बेलहर के विधायक मनोज यादव, प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, नीतीश जोहार कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर मधुकर सिंह ने दीप प्रजलवित कर किया। मंथन शिविर में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष, जिला संगठन प्रभारी, प्रमंडल प्रभारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो एवं संचालन प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने किया। इससे पहले सभी नेताओं ने बिरसा चौक स्थित वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद किसी दूसरे राज्य में नीतीश कुमार की पहली जनसभा है। पहली जनसभा का यह अवसर प्रदेश जदयू को मिला है। श्री चौधरी ने कहा कि 21 जनवरी की सभा झारखंड में जदयू और जदयू कार्यकर्ताओं का भविष्य तय करेगी। उन्होंने कहा कि निश्चित ही झारखंड में पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है। मगर बड़ी लड़ाई के लिए कार्यकर्ता और मेहनत करे और समूह बड़ा बनाए। कार्यक्रम के समापन के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा नीतीश कुमार के कार्यक्रम में पचास हजार लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के पार्टनर साथ चुनाव प्रचार करते तो चार राज्यों में चुनाव परिणाम कुछ और होते। नीतीश ने सभी को एकजुट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजंसियों की विश्वसनीयता समाप्त हो रही है, ट्रांसपेरेंसी का अभाव है। राम मंदिर निर्माण के सवाल पर कहा जिसे जब इच्छा होगी वे जाएंगे।

# सीएम रविवार को करेंगे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का उद्घाटन शाम चार बजे करेंगे। इसके साथ ही यह महोत्सव आम लोगों के लिए पूरे छह दिनों तक निरंतर चालू रहेगा। झारखंड बोर्ड के सीईओ राखाल चन्द्र बेसरा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि इस बार कार्यक्रम की शुरूआत नृत्य नाटिका गांधी यात्रा की प्रस्तुति से होगी जोकि कला संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। सरकारी स्टॉल्स जिनमें एसबीआई, जेएसएलपीएस ,मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग , झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल होगा। बेसरा ने बताया कि राज्य सरकार की आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में शामिल हुए लोगों को दी जाएगी। महोत्सव में लगभग 120 स्टॉल सरस की ओर से लगाए जाएंगे। वहीं यूआईडी ,मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग ,रेशम हस्तकरघा और हस्तशिल्प निदेशालय ,झारक्राफ्ट एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल हो रहे हैं। बेसरा ने बताया कि महोत्सव में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप की भी व्यवस्था रहेगी। खादी एवं सरस महोत्सव में 8 सेक्शन के कुल 300 स्टॉल है,जिसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल हैं। खादी की असली पहचान महात्मा गांधी से है इसलिए इस बार भी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन के पहलुओं को समेटे गांधी संग्रहालय बनाया गया है । यह संग्रहालय महात्मा गांधी के विचार और उनका खादी के प्रति लगाव को दिखाएगा। बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम सात जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य ,गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे, जिसका नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम रखा गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**वन विभाग ने फिर मार छापा...**

नदी टोला गांव में भी वन विभाग की टीम ने अभियान चलाया, जहां से करीब 30 पीस बिया के पटरे भोला मुंडा के घर के बाहर मकई की झाड़ी से प्राप्त हुए। इसे फिलहाल दुरूप वन्य कार्यालय में रखा गया है। बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर तीन दिन पहले बुधवार को भी अवैध लकड़ी भंडारण को लेकर छापामारी की गयी थी, जहा टीम को सफलता भी मिली थी। प्राप्त जानकारी अनुसार दुरूप गांव के कुछ लोगों द्वारा कीमती लकड़ी की अवैध तस्करी की जा रही थी। फिलहाल वन विभाग के इस अभियान से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

**क्या कहरते हैं...**

किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जायेगा। उन पर विभाग कानूनी कार्रवाई करेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्रामीण जंगल बर्बाद न करें। जंगल के पेड़ पौधे व वन्य जीव का सरक्षण ग्रामीण जनता व विभाग के सामंजस्य से ही संभव हो सकता है। इसलिए आपस में तालमेल बनाते हुए जंगल को बचायें व सुरक्षित रहें। छापामारी अभियान में रेंजर तरुण कुमार, दुरूप वनरक्षी सह वनपाल सालमोन कुलू, बारेसांढ़ वनपाल परमजीत तिवारी व काफी संख्या में गारु, बारेसांढ़ के वन ट्रेकर शामिल थे।

**झारखंड में कांग्रेस नेता का...**

बनेंगे। राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के 13 जिलों से उनके नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी। ये यात्रा किस किस जिले से होकर गुजरेगी इसका रूट चार्ट अभी दिल्ली से नहीं आया है। उन्होंने कहा कि यात्रा का रूट चार्ट मिलने के बाद राजद, जदयू, आप, लेफ्ट एवं अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की जाएगी।

**मां बाजार नहीं ले गयी तो 10 साल की बच्ची ने...**

बच्ची के शरीर पर किसी प्रकार की चोट नजर नहीं आई। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर बच्ची द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से लोग भी हैरान है। कई लोगों का तो यह भी कहना है कि सोशल मीडिया बच्चों के भविष्य को खराब कर रहा है।

**ईडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहाकार...**

पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया था। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

**तीन साल से एक ही जगह तैनात...**

की कारवाई की जायेगी। ऐसे भी चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार 30 जनवरी के बाद सरकार को एक्शन टेकेन रिपोर्ट आयोग को देनी है, इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों के द्वारा ट्रांसफर पोस्टिंग की कवायद शुरू कर दी गई है। आयोग ने सरकार से यह भी जानकारी मांगी है कि 30 जनवरी के बाद कितने ऐसे पदाधिकारी हैं जो तीन साल से अधिक समय से अभी तक पदस्थापित हैं और इसके पीछे की वजह क्या है। जाहिर तौर पर आयोग के इस निर्देश के बाद जो भी 30 जनवरी के बाद तीन साल से अधिक समय से एक ही जगह पर जमे हुए पदाधिकारी पाये जाएंगे उन पर आयोग के द्वारा निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग के द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही है। संभावना है कि 10 मार्च के बाद किसी भी दिन चुनाव की घोषणा आयोग के द्वारा की जायेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को गई थी और चार चरणों में मतदान संपन्न कराए गए थे, जिसे ध्यान में रखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार भी 15 मार्च तक जरूर लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बज जायेगी।

**पुरानी पेंशन योजना की बाधाओं को दूर....**

अस्थाई व संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाये। इसके साथ ही संवर्ग के कर्मचारियों की नियमित पदोन्नति व रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना निहायत जरूरी है। मौके पर सम्मानित अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, संरक्षक केके यादव व प्रफुल्ल चंद गोराई, महासचिव राजाराम सिंह, सतीश कुमार सिन्हा, विनीत कुमार, विनोद कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार सिंह, लालबाबू सिंह आदि मौजूद रहे।

**12 साल जायदाद से रहे बेखबर तो हो...**

अपने ही फैसले को पलट दिया है । जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने 2014 के फैसले को पलटते हुए कहा कि अगर कोई किसी जमीन पर दावा नहीं करता है और किराएदार 12 साल से लगातार उस जमीन पर रह रहा है तो वो उस जमीन का मालिक बन जाएगा। 2014 में कोर्ट ने कहा था कि प्रतिकूल कब्जे वाला व्यक्ति जमीन पर कब्जे का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर जमीन का मालिक कब्जाधारी से जमीन वापस लेना चाहता है तो कब्जाधारी को वो जमीन वापस करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भारतीय कानून किसी व्यक्ति को 12 साल तक किसी जमीन पर अपना हक जताने का अधिकार देता है. अगर कोई जमीन विवादित है तो व्यक्ति उस पर अपना अधिकार जताते हुए 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अदालत से उसे वापस पा सकता है। लिमिटेशन एक्ट, 1963 के तहत निजी संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा करने का समय 12 साल है, जबकि सरकारी जमीन पर ये सीमा 30 साल है। जबरन कब्जे की शिकायत 12 साल के अंदर करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया 12 साल तक जमीन पर कब्जा बरकरार रहने और मालिक की ओर से आपत्ति नहीं जताने की स्थिति में वो संपत्ति कब्जा करने वाले व्यक्ति की हो जाएगी. अगर कब्जेदार को जबरन संपत्ति से बेदखल किया जाता है तो वो 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अपने हितों की रक्षा कर सकता है। सिर्फ वसीयत या पावर ऑफ अटॉर्नी से आप किसी संपत्ति के मालिक नहीं बन सकते। उपाय यह है कि अपना घर किराए पर देते समय 11 महीने का ही रेंट एग्रीमेंट बनवाएं। हालांकि 11 महीने बाद इसका नवीकरण किया जा सकता है। इससे फायदा ये होगा कि इससे निरंतरता टूट जाएगी और किराएदार शांतिपूर्ण कब्जे का दावा नहीं कर पाएगा।

**'रेशमी' चमक वाली...**

उत्पादन में पूरे देश में झारखंड की बड़ी हिस्सेदारी रही है। खास तौर पर देश में कुल तसर सिल्क उत्पादन में 76.4 फीसदी हिस्सा झारखंड का है। दुमका में उत्पादित मयूराक्षी ब्रांड के तसर की चमक देश-विदेश में पहुंच रही है। इसे भारत के भविष्य का 'रेशम शहर' (सिल्क सिटी) माना जा रहा है। दुमका के सभी 10 ब्लॉकों में रेशम निर्माण के लिए कोकून का उत्पादन होता है। काठीकुंड, गोपीकांदर, शिकारीपाड़ा, रानीश्वर, मसलिया और सरैयाहाट प्रखंड में गांव-गांव में रेशम के लिए कोकून उत्पादन की इकाइयां चल रही हैं। तसर सिल्क की खेती, उत्पादन और कारोबार में पूरे देश में 3.5 लाख लोग जुड़े हैं। इनमें से 2.2 लाख लोग अकेले झारखंड के हैं। यहां का तसर सिल्क देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा लगभग 10 देशों में पहुंचता है।

# लिंडा नोस्कोवा को हरा रिबाकिना फाइनल में

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल रूण भी



**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

टेनिस के एक रोमांचक दिन में एलेना रिबाकिना ने अपना कौशल दिखाया और यहां पैट राफ्टर एरेना में चेक किशोरी लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ शनिवार को 6-3, 6-2 की शानदार जीत के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन ने आर्यना सबालेंका के खिलाफ संभावित मुकाबले की तैयारी करते हुए फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी, जिन्होंने 63 मिनट की भिड़ंत में 26 विनर्स लगाए और केवल 10 बेजां भूलें कीं, उन्होंने इस सप्ताह चार मैचों में केवल 12 गेम गंवाएं हैं। कजाकिस्तान की रिबाकिना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह वास्तव में अच्छा माहौल है, और मैं यहां ब्रिस्बेन में अपने समय का आनंद ले रही हूं। यह मेरे लिए वर्ष की एक अद्भुत शुरूआत है।

यह जीत 24 वर्षीया को उसके करियर के 15वें डब्ल्यूटीए एकल फाइनल और ऑस्ट्रेलिया में चौथे स्थान पर ले जाती है, जिससे आर्यना सबालेंका के साथ संभावित मुकाबले के लिए मंच तैयार हो जाता है, जो दूसरे सेमीफाइनल में दो बार की ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से भिड़ेंगी। रिबाकिना ने आगे की चुनौती पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, मैं उनके मैच का थोड़ा सा हिस्सा देखूंगी और कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उम्मीद है, यह एक शानदार लड़ाई होने वाली है।

यदि सबालेंका आगे बढ़ती है, तो यह 2015 के बाद से ब्रिस्बेन इंटरनेशनल महिला एकल फाइनल में पहली शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों की भिड़ंत हो सकती है। पुरुष एकल ड्रा में, शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के होल्गर रूण ने रोमन सफीउलिन के खिलाफ 6-4, 7-6(0) से जीत हासिल कर प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। रूण अब एटीपी 250 खिताब का दावा करने से केवल एक जीत दूर हैं और टूनार्मेंट के इतिहास में एकल फाइनल में पहुंचने वाले चौथे शीर्ष वरीयता प्राप्त व्यक्ति बन गए हैं।

# भारत के खिलाफ टी 20 के लिए अफगान टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**


अफगानिस्तान के नियमित टी20 कप्तान राशिद खान, स्पिनर मुजीब उर रहमान और विकेटकीपर-बल्लेबाज इकराम अलीखिल को भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपने बयान में कहा कि लेग स्पिन ऑलराउंडर राशिद भारत के खिलाफ किसी भी मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह हाल ही में हुई पीठ की सर्जरी से उबर रहे हैं। राशिद यूएई के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर अफगानिस्तान टीम के साथ थे।

इसका मतलब यह भी है कि शारजाह में यूएई के खिलाफ अफगानिस्तान को 2-1 से सीरीज जीत दिलाने वाले सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। अलीखिल, जो यूएई के खिलाफ रिजर्व का हिस्सा थे, को बैकअप विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मुख्य टीम में पदोन्नत किया गया है और उन्होंने साथी कीपर मोहम्मद इशाक की जगह ली है।

मिस्ट्री स्पिनर मुजीब की भारत के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है, क्योंकि पहले तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन-उल-हक के साथ बोर्ड ने उन्हें 2024 के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रहने की इच्छा व्यक्त करने पर मंजूरी दे दी थी।

इसके चलते बोर्ड ने फैसला किया कि अगले दो साल तक विदेशी टी20 लीग में खेलने के लिए इन तीनों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया जाएगा। नवीन और फारूकी ने देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र इच्छा व्यक्त करने के बाद संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान टीम में जगह बनाई, जबकि मुजीब का बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ कार्यकाल समय से पहले समाप्त हो गया।



विजय टीम के सदस्य।

एसीबी अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा, हम तीन मैचों की श्रृंखला के लिए अपने पहले भारत दौरे पर आने से खुश हैं। भारत दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है और अफगानअटलान को उनके खिलाफ तीन मैचों की टी20 में प्रतिस्पर्धा करते देखना बहुत सुखद है। हमारा मानना है कि अफगान अटलान अब कमजोर नहीं है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम भारत के खिलाफ एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह पहली बार होगा जब भारत द्विपक्षीय पुरुष टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान का सामना करेगा, जिसके मैच क्रमशः 11, 14 और 17 जनवरी को मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में होंगे। वेस्ट इंडीज और यूएसए में 1-29 जून तक होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला होगी।

**अफगानिस्तान टीम :** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

## उम्मीद फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे ने जताया आभार



**रांची ।** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 की सफलता के लिए संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्य संरक्षक शंकर दुबे को सम्मानित किया है। उन्होंने उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री दुबे ने संस्थान के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी संस्थाओं, मीडिया संस्थानों, पत्रकार साथियों, पुरस्कार विजेता खिलाडियों सहित व्यक्तिगत तौर पर सहयोग करने वाले प्रबुद्ध लोगों का ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद करता हूं। इतने बड़े आयोजन के दौरान संस्थान के पदाधिकारियों व इससे जुड़े लोगों ने जिस अनुशासन का परिचय दिया है, वह भी उम्मीद फाउंडेशन को एक अलग पहचान का बोध कराता है। वहीं फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों का जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 के प्रति समर्पण की जिस भावना का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है और आगे भी संस्थान आपसे इसी प्रकार की सहयोग व साथ की अपेक्षा करता है। मौके पर निरंजन भारती, प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट



**रामगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग का मैच शनिवार को शारदा क्रिकेट अकादमी बनाम जस्ट क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। निर्धारित 40-40 ओवर के मैच में शारदा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.4 ओवर मे 227 रन बनाये और आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए जस्ट क्रिकेट अकादमी की टीम 34.4 ओवर में 178 बनाकर आउट हो गई और 49 रनो से मैच हार गई । मैच में शारदा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज कुमार अक्स ने 84 रन, राहुल राज ने 33 रन, अभिषेक कुमार ने 26 रन, अभिषेक आर्यन ने 20 रन, सुमित कुमार ने 16 रन और मनीष ने 14 रन बनाये। जबकि जस्ट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कृष्णा चन्द्रा ने 16 रन देकर 3 विकेट, कैफ आलम ने 32 रन देकर 2 विकेट, ऋषि प्रकाश ने 31 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। जस्ट अकादमी के बल्लेबाज कृष्णा चंद्रा ने 35 रन, कुमार कुशाग्र ने 31 रन, कैफ आलम ने 34 रन, हरिकिशन ने 16 रन और आशीष ने 22 रन बनाए। शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज राहुल राज ने 21 रन देकर 3 विकेट, अनुज कुमार ने 29 रन देकर 2 विकेट और अभिषेक ने 52 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। मैच में अंपायरिंग सुमित कुमार एवं आदित्य रजक ने किया जबकि स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद,दिनेश कुमार साव उपस्थित थे।

## वार्नर की जगह लेने को स्टीवन तैयार : लाबुशेन

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा है कि उनकी टीम के साथी स्टीवन स्मिथ टेस्ट में टीम के लिए सलामी बल्लेबाज बनने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में ऐसा चाहते हैं और इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए प्रेरित हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट में तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर स्मिथ ने एबीसी ग्रैंडस्टैंड से कहा था कि वह डेविड वार्नर के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद अगला टेस्ट ओपनर बनने के इच्छुक हैं। ऑस्ट्रेलिया द्वारा पाकिस्तान को



तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से हराने और सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप करने में नाबाद 62 रन बनाने वाले लाबुशेन ने एसईएन रेडियो से कहा, ह्लउनका औसत पांच नंबर पर 58, चार नंबर पर 61 और तीन नंबर पर 67 है, इसलिए ऐसा लगता है कि वह जितना ऊपर जाएंगे उनका औसत उतना ही अधिक होगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर हम इसी तरह आगे बढ़े तो वह बहुत अच्छा करेगा। वह वास्तव में यह चाहता है, वह वह प्रेरणा चाहता है... बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना उसकी विशेषता नहीं है, वह तुरंत वहां पहुंचना चाहता है। "यह पूछे जाने पर कि क्या वह खुद इस भूमिका पर विचार करेंगे, लाबुशेन ने कहा कि हालांकि टीम की जरूरतें उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं, लेकिन वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करके खुश हैं।

## दुनिया मुझे मनोरंजक के तौर पर याद रखे : वार्नर

**एजेंसी। सिडनी**

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 57 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान पर आठ विकेट से जीत दिलाने वाले अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने विदाई भाषण में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जो युवा बच्चे वहां आएंगे, उनके नक्शेकदम पर चल सकते हैं।

हालांकि जब ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से 11 रन पीछे था तब ऑफ स्पिनर साजिद खान की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होने के बाद वार्नर गिर गए, लेकिन बाएं हाथ



के बल्लेबाज ने एक आरामदायक जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी कुछ किया, भीड़ से खड़े होकर तालियां बटोरीं और अपने टेस्ट करियर का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर 3-0 से सीरीज जीत हासिल की। यह लगभग एक सपने के सच होने जैसा है। 3-0 से जीतें और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिए 18 महीने से लेकर दो साल तक के शानदार समय का समापन करें। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीत के बाद, एशेज श्रृंखला ड्रा और फिर विश्व कप और फिर यहां आना और 3-0 से जीत हासिल करना एक उत्कृष्ट उपलब्धि है और मुझे यहां कई महान क्रिकेटरों के साथ होने पर गर्व है। वार्नर ने मैच समाप्त होने के बाद मेजबान प्रसारकों से कहा, ये लोग अपनी पीठ के बल काम करते हैं।

## व्यापार

# भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए : पीयूष गोयल

## कहा-विकसित देश बनने के लिए अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी। गोयल ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता। पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि इस दिशा में बीआईएस



को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए।

पीयूष गोयल ने कहा कि मानकों को जहां भी संभव हो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लिफ्ट या एयर फिल्टर या चिकित्सा आइटम हो सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं जबकि 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे।

गोयल ने आभूषणों की हॉलमार्किंग में बीआईएस के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि अनिवार्य हॉलमार्किंग 343 जिलों को कवर करती है। उन्होंने कहा कि रोजाना 4.3 लाख से अधिक वस्तुओं को हॉलमार्क किया जाता है, लोग जो आभूषण खरीद रहे हैं उनमें से 90 फीसदी आभूषण हॉलमार्क वाले होते हैं। 'भारत में गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए संवाद' का आयोजन बीआईएस ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ संयुक्त रूप से किया था।

## कच्चा तेल प्रति बैरल 79 डॉलर, पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़ कर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 1.17 डॉलर यानी 1.51 फीसदी की बढ़त के साथ 78.76 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.62 डॉलर यानी 2.24 फीसदी की उछाल के साथ 73.81 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## अडानी इलेक्ट्रिसिटी ने 2023 में किया शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी। मुंबई**

अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने 2023 में हाई-वोल्टेज प्रदर्शन दर्ज किया और 2024 में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। यह बात कंपनी के अधिकारियों ने शनिवार को कही। एईएमएल 99 प्रतिशत विश्वसनीयता के साथ मुंबई और उपनगरों में 400 वर्ग किलोमीटर में फैले तीन मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग 2000 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है, जो देश में सर्वोच्च रैंकिंग में से एक है। बिना किसी घबराहट के, एईएमएल ने 9 जून को बिजली की बंपर चरम मांग को पूरा किया। कभी न सोने वाले शहर को एक ही दिन में 2,160 मेगावाट की आपूर्ति की। वर्ष 2023 में एईएमएल ने 100,000 नए कनेक्शनों के साथ वाट्स लाए, और 4,500 ग्राहकों ने खुद को खुशी देने के लिए पाला बदल लिया। एईएमएल के लगभग 88 प्रतिशत ग्राहकों ने भुगतान के डिजिटल रूपों को चुना। 300,000 से अधिक ग्राहकों ने कागज के बिल फेंक छोड़ दिए, बड़ी संख्या में पेड़ बच गए। इस मामले में पेड़ों को बचाने के बारे में एक उपन्यास लिखा जा सकता है।

## शेयर 90 पैसे से बढ़कर 40 रुपये के पार, निवेशक बने करोड़पति

**ट्राइडेंट लिमिटेड के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली है**

**बीते 10 वर्षों में निवेशकों को 3600 फीसदी का रिटर्न मिला है**

**किसी निवेश के पहले वित्तीय सलाहकार से करें बात**





**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार में अगर सही स्टॉक हैं, जिन्होंने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इन शेयरों में निवेश करने वालों को छप्परफाड़ रिटर्न मिला है। आज हम आपको एक ऐसे ही शेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने निवेशकों को लगातार बंपर रिटर्न दिया है। कभी 90 पैसे के स्तर पर कारोबार कर रहे इस शेयर के भाव आज बढ़कर 40 रुपये के पार हो चुके हैं। शेयर में अभी भी तेजी बनी हुई है। यह शेयर ट्राइडेंट कंपनी का है। ट्राइडेंट लिमिटेड के शेयर में 10 हजार का निवेश करने वालों को पूरे 4 लाख रुपये का रिटर्न मिला है। हालांकि आप शेयर बाजार में किसी भी स्टॉक में बिना जानकारी के निवेश न करें। ऐसा करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी भी स्टॉक में निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें।

## चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों को स्पष्ट किया

**बीजिंग।** चीनी जन बैंक ने 2024 में अपने प्रमुख कार्यों की घोषणा की। चीनी जन बैंक ने यह घोषणा की कि 2024 में वह विवेक पूर्ण मौद्रिक नीतियों को लचीला, उचित, सटीक और प्रभावी बनाने का प्रयास करेगा, प्रमुख क्षेत्रों में वित्तीय जोखिमों की रोकथाम और समाधान को लगातार बढ़ावा देगा, पूरी तरह से उच्च गुणवत्ता वाले वित्तीय विकास को बढ़ावा देगा। चीनी जन बैंक की 2024 कार्यबैठक में दस पहलुओं से 2024 के लिए प्रमुख कार्य प्रस्तावित हैं। उनमें से पार्टी के व्यापक और सख्त शासन को बढ़ावा देना जारी रखना₹ पहले स्थान पर है। मौद्रिक नीति के संदर्भ में चीनी जन बैंक ने अच्छी मौद्रिक नीति जो लचीली, उचित, सटीक और प्रभावी है का प्रस्ताव रखा, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के आर्थिक कार्य सम्मेलन की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

## अलास्का एयरलाइंस ने सभी बोइंग 737-9 विमानों का परिचालन रोका

**वाशिंगटन।** अलास्का एयरलाइंस ने अपने सभी बोइंग 737-9 विमानों का परिचालन रोक दिया है। ऐसे ही एक विमान की एक खिड़की और उसके साथ जुड़ी केबिन की दीवार का एक हिस्सा निकलकर हवा में उड़ जाने के बाद ओरेगॉन के पोर्टलैंड में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अलास्का एयरलाइंस के सीईओ बेन मिनिकुची के शुक्रवार देर रात एक बयान के हवाले से कहा, उड़ान संख्या 1282 पर आज रात की घटना के बाद हमने 65 बोइंग 737-9 विमानों के अपने बेड़े को अस्थायी रूप से बंद करने का एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया है। बोइंग ने एक अलग बयान में कहा कि ₹एक तकनीकी टीम जांच में सहयोग के लिए तैयार है। कुल 171 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर ओन्टारियो, कैलिफोर्निया के लिए जाने वाले विमान ने शुक्रवार शाम 4.52 बजे उड़ान भरी और 20 मिनट बाद पोर्टलैंड लौट आया। एक यात्री द्वारा भेजी गई तस्वीरों के अनुसार, हवाई जहाज के धड़ का एक बड़ा हिस्सा और एक खिड़की गायब थी। उन्होंने आगे कहा, यह सचमुच अजीबो-गरीब था। अभी-अभी विमान ऊंचाई पर पहुंचा, और खिड़की/दीवार अचानक से खुल गई, इसका पता तब चला जब ऑक्सीजन मास्क नीचे आ गये।" एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि वे घटना की जांच करेंगे।

## लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़ कर 620.441 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 29 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें हफ्ते उछल कर 22 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़ कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर उछल कर 48.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.8 करोड़ डॉलर बढ़ कर 18.36 अरब डॉलर हो गया है।

# एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम खूंटी पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए झारखंड आयी भारतीय महिला हॉकी टीम आज खूंटी पहुंची। इस दौरान पारंपरिक रूप से टीम का स्वागत किया गया। खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच का अभ्यास किया। टीम में खूंटी जिले की निक्की प्रधान सहित भारतीय



टीम के सभी हॉकी खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान उपायुक्त, लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आईटीडीए सहित जिले के हॉकी खिलाड़ी और खेलप्रेमीयों ने उपस्थित होकर भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बिरसा कॉलेज परिसर के एस्ट्रोटर्फ मैदान में अभ्यास मैच खेलते देखा। अभ्यास के पश्चात उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं टीम के कोच को सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खूंटी में टीम के अभ्यास से जिले में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी के लिए हर्ष की बात है कि यहां भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मैच के लिए शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सुश्री निक्की प्रधान ने बताया कि हमारी टीम प्रेरित है।